नई दिल्ली, गुरुवार, 1 जनवरी 2026
पौष मास शुक्ल पक्ष,
त्रयोदशी वर्ष : 29, अंक : 259
पृष्ठ 12 मूल्य 2.00

**मौसम**
अधि. 18.0
न्यून. 8.0

# हरिभूमि

दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

**बाजार का हाल**

| मार्केट | बंद | उछाल |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 85,220.60 | 545.52 ▲ |
| निफ्टी | 26,129.60 | 190.75 ▲ |

| धातु | कीमत | गिरावट |
|---|---|---|
| सोना | 1,37,700/- | 1300/- ▼ |
| चांदी | 2,39,000/- | 2000/- ▼ |

*(सोना प्रति 10 ग्राम और चांदी प्रति किलो रु. में)*

| मुद्रा | प्रति डॉलर | नीचे |
|---|---|---|
| रुपया | 89.88 | 13 पैसे ▼ |
| क्रूड ऑयल 61.41 बैरल | | 0.13% ▼ |

*पेट्रोल दिल्ली में 94.72 रु. लीटर और डीजल 87.62 रु. लीटर बिक रहा है।*



# दिल्ली के विकास, विश्वास और बदलाव की कहानी



**नई दिल्ली।** नया साल सिर्फ तारीख़ का बदलना नहीं होता, यह नए संकल्पों और बेहतर भविष्य की शुरुआत होती है। वर्ष 2025 में दिल्ली सरकार ने इन्हीं संकल्पों को कर्म में बदला है-ताकि हर दिल्लीवासी का जीवन अधिक सुरक्षित, सुविधाजनक और सम्मानजनक बन सके। दिल्ली में विकास को अब सिर्फ वादों से नहीं, ठोस कामों से पहचाना जा रहा है। ऐतिहासिक 1 लाख करोड़ के बजट के साथ राजधानी ने विकास की नई गति पकड़ी है। टूटी सड़कों की जगह बेहतर कनेक्टिविटी, गंदे पानी की जगह स्वच्छ जल, और अव्यवस्था की जगह सुनियोजित शासन-यही बदली हुई दिल्ली की पहचान है। स्वास्थ्य और शिक्षा को प्राथमिकता देते हुए नई सुविधाओं का विस्तार किया गया, वहीं सामाजिक सुरक्षा योजनाओं ने ज़रूरतमंद परिवारों को मज़बूती दी। यमुना की सफ़ाई, जल-प्रबंधन, ड्रेनेज और बाढ़ नियंत्रण जैसे लंबे समय से लंबित मुद्दों पर निर्णायक कदम उठाए गए। सार्वजनिक परिवहन में नई ऊर्जा आई-बेहतर बस सेवाएँ और निर्बाध कनेक्टिविटी ने रोज़मर्रा की ज़िंदगी आसान बनाई। साथ ही हरित विकास, स्वच्छ हवा और प्रदूषण नियंत्रण को भविष्य की नीति का केंद्र बनाया गया। नए साल की दहलीज़ पर खड़ी दिल्ली आज कह सकती है-यह सिर्फ बदलाव नहीं, बेहतर जीवन की शुरुआत है।

### दिल्ली के विकास की झलक

- 1 लाख करोड़ का ऐतिहासिक बजट
- बुनियादी ढांचे पर रिकॉर्ड निवेश
- स्वास्थ्य व शिक्षा सेवाओं का विस्तार
- यमुना सफाई और जल-प्रबंधन पर फोकस
- सार्वजनिक परिवहन में नई गति
- हरित विकास और स्वच्छ हवा की प्रतिबद्धता
- स्मार्ट, पारदर्शी और जवाबदेह शासन

# स्वस्थ दिल्ली, सशक्त दिल्ली, आयुष्मान दिल्ली




दिल्ली एक ऐसे बदलाव का साक्षी बन रही है, जहाँ स्वास्थ्य सुविधा अब विशेषाधिकार नहीं, बल्कि हर नागरिक का अधिकार है। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के नेतृत्व में दिल्ली सरकार ने स्वास्थ्य को विकास की धुरी बनाते हुए राजधानी के हेल्थ इंफ्रास्ट्रक्चर को मज़बूती से पुनर्गठित किया है। आयुष्मान भारत योजना के प्रभावी क्रियान्वयन के साथ दिल्ली में स्वास्थ्य सुरक्षा का दायरा ऐतिहासिक रूप से बढ़ाया गया है। अब प्रत्येक परिवार को 10 लाख तक का स्वास्थ्य कवर मिल रहा है, जिसमें दिल्ली सरकार की ओर से 5 लाख का अतिरिक्त टॉप-अप शामिल है। अब तक 6.8 लाख आयुष्मान कार्डधारकों को इसका लाभ मिला है। वरिष्ठ नागरिकों के लिए शुरू की गई आयुष्मान वय वंदना योजना ने गरिमापूर्ण और निःशुल्क इलाज की नई गारंटी दी है, जिससे 2.62 लाख से अधिक बुजुर्ग लाभान्वित हुए हैं। मुख्यमंत्री श्रीमती रेखा गुप्ता के स्पष्ट निर्देशों पर प्राथमिक स्वास्थ्य व्यवस्था को सशक्त किया गया। राजधानी में 238 आयुष्मान आरोग्य मंदिर संचालित हैं और अगले दो महीनों में 200 नए केंद्र शुरू किए जाएंगे, जहाँ मुफ्त दवाइयाँ और 90 से अधिक जांच सुविधाएँ उपलब्ध होंगी। दिल्ली सरकार ने प्रदूषण से जुड़ी स्वास्थ्य चुनौतियों को भी गंभीरता से लेते हुए अस्पतालों में विशेष इंतज़ाम, दवाओं की पर्याप्त उपलब्धता और विशेषज्ञ डॉक्टरों की तैनाती सुनिश्चित की है। 503 करोड़ से अधिक की लागत से नए अस्पताल ब्लॉक, OPD और डायग्नोस्टिक सुविधाएँ विकसित की जा रही हैं। नया साल दिल्ली के लिए एक स्पष्ट संदेश लेकर आया है-स्वस्थ नागरिक, सशक्त राजधानी।

### दिल्ली की स्वास्थ्य क्रांति

- 10 लाख तक आयुष्मान स्वास्थ्य कवर
- 6.8 लाख आयुष्मान लाभार्थी
- 2.62 लाख वरिष्ठ नागरिक वय वंदना योजना से जुड़े
- 238 आयुष्मान आरोग्य मंदिर सक्रिय
- 503.49 करोड़ से अस्पताल व OPD विस्तार
- सरकारी अस्पतालों में 12 MRI और 24 CT स्कैन मशीनें स्वीकृत

# काम को सम्मान, कारोबार को गति, दिल्ली में श्रमिक और उद्योग-दोनों हो रहे हैं सशक्त



### बदलाव की बुनियाद

- महिलाओं को नाइट शिफ्ट की अनुमति
- दुकानें और प्रतिष्ठान 24x7 संचालन की अनुमति
- लाइसेंसिंग सरलीकरण और सिंगल विंडो सिस्टम
- ग्रीन कैटेगरी उद्योगों को 20 दिन में मंजूरी * ट्रेडर्स वेलफेयर बोर्ड का गठन
- 1,000 करोड़+ औद्योगिक इंफ्रास्ट्रक्चर में निवेश
- 915 करोड़ का GST रिफंड जारी

**नई दिल्ली।** जब नीतियाँ ज़मीन से जुड़ती हैं, तब शहर की रफ्तार बदलती है। बीते एक वर्ष में दिल्ली सरकार ने इसी सोच के साथ ऐसे फैसले लिए हैं, जिनसे कामगारों को सुरक्षा, कारोबार को सहूलियत और राजधानी की जीवनशैली को नई मजबूती मिली है। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के नेतृत्व में दिल्ली सरकार ने श्रमिक कल्याण को केंद्र में रखते हुए श्रम सुधारों को नई दिशा दी। महिलाओं को नाइट शिफ्ट में काम करने की अनुमति देते हुए सुरक्षा, परिवहन और कार्यस्थल सुविधाओं को अनिवार्य किया गया ताकि रोजगार के नए अवसर सम्मान और सुरक्षा के साथ मिल सकें। छोटे व्यापारियों और दुकानदारों के लिए प्रक्रियाओं को सरल किया गया। दुकानों और प्रतिष्ठानों को 24x7 संचालन की अनुमति देकर रोजगार और आर्थिक गतिविधियों को गति दी गई। पंजीकरण और नवीनीकरण की जटिलताओं को खत्म कर 'Ease of Living' को 'Ease of Doing Business' के साथ जोड़ा गया। उद्योगों के लिए सिंगल विंडो सिस्टम, लाइसेंसिंग में सरलीकरण और समयबद्ध स्वीकृतियों ने भरोसे का माहौल बनाया। ग्रीन कैटेगरी उद्योगों की मंजूरी अवधि 120 दिन से घटाकर 20 दिन कर दी गई। ट्रेडर्स वेलफेयर बोर्ड के गठन से सरकार और व्यापारियों के बीच सीधा संवाद स्थापित किया गया। श्रमिकों की सामाजिक सुरक्षा, व्यापारियों को राहत और उद्योगों में निवेश,ये सभी कदम एक विकसित, संतुलित और आत्मनिर्भर दिल्ली की नींव रख रहे हैं।

# साफ हवा, आसान सफर, इलेक्ट्रिक बसों से बदलती दिल्ली की जीवनशैली



**नई दिल्ली।** वर्षों से प्रदूषण और ट्रैफिक की चुनौती झेल रही राजधानी में अब बदलाव साफ दिखाई दे रहा है-और इस बदलाव की धुरी बना है स्वच्छ, आधुनिक और भरोसेमंद सार्वजनिक परिवहन। मुख्यमंत्री श्रीमती रेखा गुप्ता के नेतृत्व में दिल्ली सरकार ने प्रदूषण नियंत्रण को अस्थायी उपायों तक सीमित नहीं रखा, बल्कि इलेक्ट्रिक बसों को शहर की परिवहन नीति का केंद्र बनाया। आज दिल्ली की सड़कों पर लगभग 4000 इलेक्ट्रिक बसें दौड़ रही हैं और दिल्लीवासियों को स्वच्छ हवा और आरामदायक सफर दे रही हैं। इन बसों ने न केवल यात्रा को सुविधाजनक बनाया है, बल्कि लोगों को निजी वाहनों से सार्वजनिक परिवहन की ओर भी प्रेरित किया है। इसी दिशा में 1,000 से अधिक देवी बसों ने मोहल्लों, कॉलोनियों और मेट्रो स्टेशनों को जोड़ते हुए लास्ट-माइल कनेक्टिविटी को सशक्त किया है। दिल्ली सरकार का लक्ष्य स्पष्ट है-2027 तक 10,000 इलेक्ट्रिक बसें राजधानी की सड़कों पर उतारना। इसके साथ ही बस डिपो को आधुनिक ट्रांजिट हब में बदला जा रहा है और इंटर-सिटी इलेक्ट्रिक बस सेवाओं की शुरुआत की गई है, ताकि दिल्ली और आसपास के क्षेत्रों में भी प्रदूषण कम हो। ऑटोमेटेड टेस्टिंग स्टेशनों और उत्सर्जन-मुक्त डीटीसी की दिशा में उठाए गए यह कदम इस बात का प्रमाण हैं कि यह सिर्फ योजना नहीं, बल्कि जमीन पर दिखता बदलाव है।

### बदलाव की रफ्तार

- लगभग 4000 इलेक्ट्रिक बसें सड़कों पर
- 1,000+ देवी बसें – बेहतर लास्ट माइल कनेक्टिविटी हो रही सुनिश्चित
- 2027 तक 10,000 इलेक्ट्रिक बसों का लक्ष्य
- आधुनिक ट्रांजिट हब के रूप में बस डिपो विकसित
- ऑटोमेटेड टेस्टिंग स्टेशन से प्रदूषण पर सख्त नियंत्रण

# 50 वर्षों बाद दिल्ली को मिला नया ड्रेनेज मास्टर प्लान



### जलभराव से स्थायी राहत

- 50 वर्षों बाद नया ड्रेनेज मास्टर प्लान
- 57,000 करोड़ का अनुमानित निवेश
- 30 वर्षों तक बाढ़-मुक्त दिल्ली का लक्ष्य
- 18,958 किमी ड्रेनेज नेटवर्क का समग्र पुनर्गठन
- 3 प्रमुख बेसिन-नजफगढ़, बारापुल्ला, ट्रांस-यमुना के लिए फ्यूचर ओरिएंटेड जल प्रबंधन ढांचा

**नई दिल्ली।** लंबे समय तक जलभराव दिल्ली की पहचान बनती रही, लेकिन अब यह कहानी बदल रही है। 50 वर्षों बाद तैयार हुआ नया ड्रेनेज मास्टर प्लान, राजधानी को अगले 30 वर्षों तक बाढ़ और जलभराव से सुरक्षित रखने की एक निर्णायक पहल है। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के नेतृत्व में दिल्ली सरकार ने उस बुनियादी चुनौती पर काम किया है, जो वर्षों से आम जनजीवन को प्रभावित करती रही। 57,000 करोड़ के अनुमानित निवेश के साथ यह योजना केवल तात्कालिक सुधार नहीं, बल्कि दिल्ली के ड्रेनेज तंत्र को दीर्घकालिक और भविष्य-सक्षम बनाने का रोडमैप है। पहली बार दिल्ली के पूरे 18,958 किलोमीटर ड्रेनेज नेटवर्क को वैज्ञानिक अध्ययन, व्यापक सर्वे और डेटा-आधारित विश्लेषण के माध्यम से पुनर्गठित किया गया है। नजफगढ़, बारापुल्ला और ट्रांस-यमुना-तीनों प्रमुख बेसिन के लिए अलग-अलग मास्टर प्लान तैयार किए गए हैं, ताकि बारिश के पानी का निर्बाध और सुरक्षित निकास सुनिश्चित हो सके। इस वर्ष मिंटो ब्रिज और आईटीओ जैसे वर्षों से जलभराव से जूझ रहे क्षेत्रों में राहत मिलना इस बदलाव का ठोस प्रमाण है। गाद निकासी, संरचनात्मक सुधार और बेहतर समन्वय ने दिखा दिया है कि यह योजना अब केवल दस्तावेज़ नहीं, बल्कि ज़मीनी हकीकत बन चुकी है। जलभराव के डर से मुक्त, विकास के भरोसे के साथ दिल्ली आगे बढ़ रही है।

# 5 रूपये में सिर्फ भोजन नहीं, सम्मान भी, अटल कैंटीन से संवेदनशील होती दिल्ली



भारत रत्न श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी जी की 101वीं जयंती पर शुरू हुई अटल कैंटीन राजधानी में जनकल्याण की एक नई मिसाल बन रही है। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के नेतृत्व में दिल्ली सरकार ने यह सुनिश्चित किया है कि कोई भी नागरिक भूखा न रहे। अटल कैंटीन के माध्यम से ज़रूरतमंदों को मात्र 5 रूपये में पौष्टिक और स्वच्छ भोजन उपलब्ध कराया जा रहा है। लाजपत नगर में पहली अटल कैंटीन का उद्घाटन करते हुए मुख्यमंत्री ने स्वयं माननीय मंत्रियों के साथ भोजन कर गुणवत्ता और स्वच्छता का संदेश दिया। राजधानी में 100 अटल कैंटीन शुरू की जा रही हैं, जिनमें से 45+ का शुभारंभ हो चुका है और शेष शीघ्र प्रारंभ होंगी। डिजिटल टोकन, सीसीटीवी निगरानी, एफएसएसएआई जांच और मानकीकृत मेन्यू के साथ यह योजना पारदर्शिता और गुणवत्ता की गारंटी देती है। 5 रुपये की प्रतीकात्मक राशि इसलिए रखी गई है, ताकि लाभार्थियों का स्वाभिमान सुरक्षित रहे और भोजन सम्मान के साथ ग्रहण किया जाए।

# दिल्ली में शिक्षा का परिवर्तनकारी दौर, भविष्य की नींव रख रही दिल्ली सरकार



**नई दिल्ली।** जब शिक्षा में न्याय, गुणवत्ता और आधुनिकता एक साथ आगे बढ़ते हैं, तब समाज की दिशा बदलती है। बीते एक वर्ष में दिल्ली सरकार ने शिक्षा को केवल पाठ्यपुस्तकों तक सीमित नहीं रखा, बल्कि उसे बच्चों के सर्वांगीण विकास और अभिभावकों के विश्वास से जोड़ा। माता-पिता के अधिकारों की रक्षा और मनमानी फीस वृद्धि पर रोक लगाने के लिए दिल्ली स्कूल शिक्षा (शुल्क निर्धारण एवं विनियमन में पारदर्शिता), 2025 लागू किया गया। इस कदम ने शिक्षा व्यवस्था में पारदर्शिता लाई और यह सुनिश्चित किया कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा हर परिवार के लिए सुलभ बनी रहे। सरकारी स्कूलों को नई पहचान देने के उद्देश्य से शुरू की गई सीएम श्री स्कूल इनीशिएटिव के तहत 100 करोड़ का प्रावधान किया गया है। अब तक 75 सीएम श्री स्कूलों को विशेष श्रेणी में अधिसूचित किया गया है, जहाँ AI-सक्षम शिक्षा, आधुनिक प्रयोगशालाएँ, NEP-अनुरूप पाठ्यक्रम, शिक्षक अपस्किलिंग, समावेशी शिक्षा और हरित स्कूल कैंपस विकसित किए जा रहे हैं। शिक्षा को जीवन से जोड़ने के लिए तीन नए पाठ्यक्रम-NEEEV, Science of Living और Rashtraneeti शुरू किए गए हैं, जो उद्यमिता, भावनात्मक संतुलन, नागरिक चेतना और राष्ट्र निर्माण के मूल्यों को मजबूत करते हैं। दिल्ली में शिक्षा अब केवल परीक्षा की तैयारी नहीं, बल्कि जिम्मेदार, सक्षम और आत्मविश्वासी नागरिक गढ़ने की प्रक्रिया बन रही है।

DIP/Shabdarth/Advertorial/0109/25-26

नई दिल्ली गुरुवार 1 जनवरी 2026 पौष मास शुक्ल पक्ष, त्रयोदशी वर्ष : 29, अंक : 259 पृष्ठ 12 मूल्य 2.00 haribhoomi.com मौसम अधि. 18.0, न्यून.8.0

नववर्ष 2026 की शुभकामनाएं

# हरिभूमि

दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी




अपने बधाई संदेश में बोले राजनाथ सिंह, इस 'साल्वो लांच' ने किया मिसाइल की विश्वसनीयता को स्थापित

# अब थरथर कापेंगे भारत के दुश्मन...डीआरडीओ ने किया दो प्रलय मिसाइलों का सफल परीक्षण

हरिभूमि ब्यूरो ⏭नई दिल्ली

देश की सीमाओं पर मौजूद सुरक्षा चुनौतियों और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बने हुए जटिल हालातों के बीच बुधवार का दिन भारतीय सशस्त्र सेनाओं के इतिहास में मील के पत्थर के समान है। रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) ने 31 दिसंबर को दिन में करीब 10 बजे ओडिशा तट के पास स्थित एकीकृत परीक्षण रेंज (आईटीआर) से एक ही लांचर से दो प्रलय मिसाइलों का एक साथ सफल परीक्षण किया है। यह मिसाइल स्वदेशी ▸▸शेष पेज 5 पर

### सभी मानकों पर खरा उतरा परीक्षण



मंत्रालय ने कहा कि इस परीक्षण की रेंज में मौजूद ट्रैकिंग सेंसरों से व्यापक निगरानी की गई। उन्होंने भी इसकी सफलता की पुष्टि करते हुए कहा कि दोनों मिसाइलों ने निर्धारित पथ का अनुसरण करते हुए उड़ान से जुड़े सभी उद्देश्यों को पूरा किया है। इसके अलावा परीक्षण बिंदुओं के पास तैनात जहाज पर लगे टेलीमेट्री सिस्टम से भी इसकी सफलता की पुष्टि हुई है।

### इन प्रयोगशालाओं की रही अहम भूमिका

प्रलय मिसाइल को भारत ने मिसाइल प्रणाली और वैमानिकी की उन्नत प्रौद्योगिकी पर काम करने वाले हैदराबाद स्थित इमारत अनुसंधान केंद्र ने डीआरडीओ की अन्य प्रयोगशालाओं रक्षा अनुसंधान एवं विकास प्रयोगशाला, उन्नत प्रणाली प्रयोगशाला, शस्त्र अनुसंधान-विकास प्रतिष्ठान, उच्च ऊर्जा सामग्री अनुसंधान प्रयोगशाला, रक्षा धातुकर्म अनुसंधान प्रयोगशाला, टर्मिनल बैलिस्टिक ▸▸शेष पेज 5 पर

अमेरिका के बाद संघर्षविराम का श्रेय लेने के लिए कूदे चीन को भारत की खरी-खरी

# पाकिस्तान के गिड़गिड़ाने पर हुआ संघर्षविराम दुनिया के किसी देश ने नहीं की मध्यस्थता

हरिभूमि ब्यूरो ⏭नई दिल्ली

अब तक अमेरिका ही दुनिया का एकमात्र ऐसा देश था। जिसके राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप दर्जनों से भी अधिक बार मई-2025 में भारत और पाकिस्तान के बीच संघर्षविराम कराने का श्रेय ले चुके हैं।

लेकिन अब इस मामले में चौंकाने वाली एक और बात सामने आई है, जिसमें अमेरिका के साथ संघर्षविराम का श्रेय लेने की इस दौड़ में चीन भी शामिल हो गया है। बीते मंगलवार को चीन के विदेश मंत्री वांग यी ने बीजिंग में 'अंतरराष्ट्रीय परिस्थिति और चीन के विदेश संबंधों' के विषय पर आयोजित की गई एक संगोष्ठी को संबोधित करते हुए कहा कि मई-2025 में भारत-पाकिस्तान के हुए सैन्य तनाव को खत्म करने ▸▸शेष पेज 5 पर

### दुनिया का शांतिदूत है चीनः वांग यी



चीन के विदेश मंत्री ने ये भी कहा, द्वितीय विश्व युद्ध के खत्म होने के बाद 2025 एक ऐसा साल रहा है। जिसमें दुनियाभर में स्थानीय स्तर पर युद्ध और सीमा-पार विवाद काफी बढ़ते हुए नजर आए। भू-राजनीतिक हलचल लगातार बढ़ती जा रही हैं। लेकिन इनके बीच में चीन ने शांति स्थापित करने में बेहद महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। हमने विवाद से जुड़े हॉटस्पॉट पर ध्यान केंद्रित किया और भारत-पाकिस्तान सहित, फिलीस्तीन-इजरायल, उत्तरी म्यांमार, कंबोडिया-थाईलैंड और ईरान के परमाणु मामले में मध्यस्थ की ▸▸शेष पेज 5 पर

### पीएम बता चुके संघर्षविराम की सच्चाई

भारत की ओर से स्वयं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राष्ट्रपति ट्रंप के अलावा पूरी दुनिया को बहुत पहले ही साफ शब्दों में ये बता दिया है कि भारत और पाकिस्तान के बीच हुआ संघर्षविराम पूरी तरह से द्विपक्षीय था और इसमें अमेरिका या दुनिया के किसी अन्य देश की कोई भूमिका नहीं रही है। पाकिस्तान ने भारत के सामने संघर्षविराम करने की सबसे पहले पहल की थी। जिसे नई दिल्ली ने स्वीकार किया। 2025 के जून महीने में कनाडा में आयोजित किए गए जी-7 देशों के शिखर सम्मेलन से इतर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बीच टेलीफोन पर बातचीत हुई थी। जिसमें ▸▸शेष पेज 5 पर

### कुछ यूं संघर्षविराम के लिए रोया था पाक

गौरतलब है कि पाकिस्तान समर्थित लश्करे-ए-तैयबा (एल-एंड-टी) आतंकी संगठन के छद्म रूप 'द रेजिस्टेंस फ्रंट' (टीआरएफ) ने 22 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में 26 निर्दोष लोगों की उनका धर्म पूछकर बेहद निर्ममता से हत्या कर दी थी। जवाब में भारत ने 6-7 मई की दरमियानी रात सीमा पार पाकिस्तान और उसके अवैध कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में मौजूद आतंकियों के 9 ठिकानों को नेस्तनाबूद कर दिया था। जिसमें कुल 100 से अधिक आतंकी मारे गए थे। इस आक्रामक सैन्य कार्यवाही से घबराए पाकिस्तान ने भारत की पश्चिमी-सीमा पर ड्रोन इत्यादि हथियारों से बड़ा हमला बोला। लेकिन उसे कोई सफलता नहीं मिली, दुश्मन के ▸▸शेष पेज 5 पर




# प्रगति की 50वीं बैठकः पीएम मोदी की कसौटी पर रहे 85 लाख करोड़ की परियोजनाएं

हरिभूमि ब्यूरो ⏭नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को "प्रगति" (प्रो-एक्टिव गवर्नेंस एंड टाइमली इम्प्लीमेंटेशन) की 50वीं बैठक की अध्यक्षता की।

यह मंच केंद्र और राज्यों के बीच समन्वय के साथ बड़ी बुनियादी ढांचा और जनहित से जुड़ी परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा के लिए जाना जाता है। प्रधानमंत्री ने कहा कि पिछले एक दशक में प्रगति के माध्यम से 85 लाख करोड़ रुपये से अधिक की परियोजनाओं को गति मिली है। प्रधानमंत्री ने प्रशासनिक सुधारों पर ज़ोर देते हुए कहा कि शासन का लक्ष्य प्रक्रियाओं को सरल बनाना, परिणाम देना और ज़मीन पर बदलाव लाना होना चाहिए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि परियोजनाओं के क्रियान्वयन में किसी भी तरह की देरी को गंभीरता से लिया जाए और फील्ड स्तर पर निगरानी बढ़ाई जाए।

बैठक में सड़क, रेलवे, बिजली, जल संसाधन और कोयला क्षेत्रों से जुड़ी पाँच प्रमुख परियोजनाओं की समीक्षा की गई, जिनकी कुल लागत 40 हजार करोड़ रुपये से अधिक है। प्रधानमंत्री ने समयबद्ध कार्य, आपसी समन्वय और स्थानीय स्तर पर समस्याओं के त्वरित समाधान पर बल दिया। प्रधानमंत्री मोदी ने पीएमश्री योजना का भी उल्लेख करते हुए ▸▸शेष पेज 5 पर

ढाका में सुपुर्द-ए-खाक हुई पूर्व प्रधानमंत्री बेगम खालिदा जिया...

# बांग्लादेश में पाक की संसद के अध्यक्ष सरदार अयाज सादिक से मिले जयशंकर

हरिभूमि ब्यूरो ⏭नई दिल्ली



ढाका में बुधवार को बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री बेगम खालिदा जिया को पूरे राजकीय सम्मान के साथ अंतिम विदाई दी गई।

उनके अंतिम संस्कार में भारत की तरफ से विदेश मंत्री डॉ.एस.जयशंकर शामिल हुए। वहीं, बेगम जिया की अंतिम विदाई के कार्यक्रम से ठीक पहले भारत के विदेश मंत्री ने ढाका में ही पाकिस्तान की संसद (नेशनल असेंबली) के अध्यक्ष सरदार अयाज सादिक से भी मुलाकात की है। ऑपरेशन सिंदूर के बाद यह पहला मौका है, जब दोनों देशों के शीर्ष नेताओं की सार्वजनिक रूप से यूं आमने-सामने की मुद्रा वाली मुलाकात हुई है। इस घटना को भारत और पाकिस्तान के लिए कूटनीतिक लिहाज से बेहद महत्वपूर्ण माना जा रहा है। बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के मुखिया मोहम्मद यूनुस ने अपनी एक एक्स पोस्ट में ढाका में हुई भारत ▸▸शेष पेज 5 पर

# सेरेंगेटी में शेर ऐसे दिखते हैं जैसे गांव में गाय



डॉ. हिमांशु द्विवेदी

**घड़ी की सुईयां अब दोपहर के बारह बजाने को हैं, और हमारा वाहन सेरेंगेटी नेशनल पार्क के अंदर दाखिल हो रहा है। वाहन के संबंध में भी आपको यह जानकर हैरत होगी कि सफारी के लिए केवल एक ही कंपनी का एक ही मॉडल आको चहुंओर दिखाई देगा और वह है टोयोटा कंपनी की लैंड क्रूजर। ऐसा पार्क प्रबंधन या सरकार के किसी नियम के तहत नहीं बल्कि गुणवत्ता और उपयोगिता के आधार पर है। तमाम सफारी कंपनी लैंड क्रूजर को लेने के बाद जंगल पर्यटन के लिहाज से उसे तैयार कराती हैं। इसमें वाहन को पचपन सेंटीमीटर तक और लंबा किया जाना और छत को खास तरीके से खोला जाना शामिल हैं।**

यात्रा वृत्तांत

उद्यान में दाखिल होते ही हमें झटका सा लगा। जंगल को लेकर हमारी कल्पना तो घने और ऊंचे वृक्षों की रहती है लेकिन यहां तो मीलों निगाह दौड़ाने पर भी कहीं कहीं कोई ठूंठ ही दिखाई दे रहा था। हर तरफ बस छोटी- बड़ी और सूखी या हरी घास ही जमीन पर बिछी दिखाई दे रही थी। हालांकि बाद में कुछ कुछ जगहों पर पेड़ भी दिखाई दिए लेकिन उनकी सीमित संख्या वन का अहसास तो बिल्कुल भी नहीं कराती। पार्क में दाखिल होने दो तीन मिनट के भीतर ही हमारा सामना गणपति अर्थात हाथियों के समूह से हो गया। इनके कान हमारे भारत में पाये जाने वाले हाथियों के मुकाबले खासे बड़े थे। हमीद के अनुसार इन हाथियों को पालतू बनना नामुमकिन है क्योंकि इनका स्वभाव काफी आक्रामक है। एशियाई हाथियों के मुकाबले इनका स्वभाव पूरी तरह भिन्न है। यह समूह में रहते हैं और इनका कुनबा मातृसत्तात्मक है। अर्थात समूह का नेतृत्व सर्वाधिक उम्रदराज मादा के द्वारा किया जाता है। इनका विशाल डील डौल बाकी जानवरों के हमले से इन्हें सुरक्षित बनाए रखता है लेकिन अपने बच्चों की सुरक्षा के लिए इन्हें सचेत रहना होता है।

▸▸शेष पेज 5 पर



मसाई मारा

मसाई मारा के जो यह दो शब्द हैं मसाई जनजाति और मारा नदी को अभिव्यक्त करते हैं। मसाई जनजाति का निवास क्षेत्र केन्या और उत्तरी तंजानिया का विशाल भूभाग ही है। मूलत पशुपालक इस समुदाय को ही राष्ट्रीय उद्यान बनने की बड़ी कीमत चुकानी पड़ी है। जिस जमीन पर उनके पूर्वज सैकड़ों सालों से रहते आए थे, वहां से उन्हें दूसरों के अपराधों के चलते विस्थापित ▸▸शेष पेज 5 पर



# नववर्ष 2026 की पूर्व संध्या पर सुरों से सजा नमो भारत का सफर

**'नमो भारत बीट्स' के स्पेशल शो ने नए साल के जश्न को बनाया यादगार**

हरिभूमि न्यूज ⏭ गाजियाबाद

देश की प्रथम नमो भारत न केवल तेज़, सुरक्षित और सुविधाजनक यात्रा की सुविधा प्रदान कर रही है बल्कि यात्रियों को नए अनुभव और मनोरंजन के नए अवसर भी प्रदान कर रही है। इसी क्रम में नववर्ष 2026 की पूर्व संध्या पर 31 दिसंबर को एनसीआरटीसी ने आनंद विहार नमो भारत स्टेशन पर 'नमो भारत बीट्स' कार्यक्रम के अंतर्गत यात्रियों के लिए नव वर्ष का विशेष कार्यक्रम आयोजित किया। 'नमो भारत बीट्स' एक सोलो लाइव म्यूज़िक इवेंट है, जिसका आयोजन हर शुक्रवार शाम 5 बजे से 6 बजे के बीच आनंद विहार नमो भारत स्टेशन पर किया जाता है। नववर्ष के उपलक्ष्य में 'नमो भारत बीट्स' का स्पेशल शो आयोजित किया गया।



### न्यू ईयर शो सभी के दिलों को छू गया

इस खास मौके पर स्टेशन परिसर संगीत और मस्ती से भर गया जिसको लेकर लोगो में काफी उत्साह और उल्लास नज़र आया। जैसे ही कार्यक्रम शुरू हुआ, मधुर धुनों और जोशीले गीतों ने माहौल को पूरी तरह उत्सवमय बना दिया। लाइव म्यूज़िक की इस महफ़िल ने न सिर्फ़ नए साल के जश्न को खास बनाया, बल्कि यात्रियों की नमो भारत यात्रा को भी एक यादगार अनुभव में बदल दिया। सोलो आर्टिस्ट द्वारा गिटार की मधुर धुनों के साथ प्रस्तुत नए और पुराने लोकप्रिय गीतों पर यात्री खुद को थिरकने से रोक नहीं पाए। रोज़मर्रा की भागदौड़ से निकलकर यात्रियों ने संगीत की धुनों पर खूब एन्जॉय किया, कोई तालियाँ बजाता दिखा, कोई गीतों के साथ गुनगुनाता, तो कई यात्री खुशनुमा शाम को अपने मोबाइल कैमरों में कैद करते नज़र आया। यात्रियों के चेहरों पर मुस्कान और स्टेशन परिसर में गूंजती तालियों ने यह साफ़ कर दिया कि 'नमो भारत बीट्स' का यह विशेष न्यू ईयर शो सभी के दिलों को छू गया। महिलाओं, युवाओं और बच्चों समेत हर वर्ग के यात्रियों ने इस संगीत भरे आयोजन को भरपूर सराहा। एनसीआरटीसी प्रवक्ता पुनीत वत्स ने बताया कि इस कार्यक्रम की शुरुआत हाल ही में दिसम्बर माह से की गई है।

## खबर संक्षेप

### सरकारी स्कूल के छात्रों को पाठ्य सामग्री वितरित की



**फरीदाबाद।** स्कूल के विद्यार्थियों का उत्साह वर्धन करने के लिए शीतकालीन अवकाश होने से पूर्व राजकीय प्राथमिक पाठशाला बहादुरपुर के छात्र-छात्राओं को पाठ्य सामग्री वितरित की गई। छात्र-छात्राओं को अवकाश के गृह कार्य हेतु नोटबुक कॉपियां कलर्स पेंसिल पेन वितरित किए गए।

### बैंक कर्मचारियों ने मांगों को लेकर धरना दिया

**फरीदाबाद।** यूनाइटेड फोरम ऑफ बैंक यूनियन के आह्वान पर शाम 5.15 बजे बैंक ऑफ बड़ौदा नीलम बाटा रोड के समक्ष जिले के तमाम बैंक कर्मचारियों और अधिकारियों ने धरना प्रदर्शन किया। धरने को हरियाणा बैंक एम्प्लाइज फेडरेशन के प्रांतीय चेयरमैन साथी रतन सिंह चौहान, जिला अध्यक्ष राजेश कुमार, जिला सचिव दीप किशोर तथा संयुक्त सचिव अजीत कुमार ने संबोधित किया।



### मुठभेड़ में शातिर अपराधी घायल, गिरफ्तार

**गाजियाबाद।** थाना ट्रॉनिका सिटी पुलिस ने मंगलवार की रात में मुठभेड़ के दौरान हरियाणा के एक शातिर अपराधी को गिरफ्तार किया है। मुठभेड़ में पुलिस की ओर से चलाई गई गोली से बदमाश घायल हो गया। उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। 1 खोखा कारतूस व 1 जिंदा कारतूस बरामद हुआ है। पुलिस द गेट नंबर 3 के पास चैकिंग कर रही थी, एक मोटरसाईकिल पर एक व्यक्ति सवार होकर ट्रॉनिका सिटी फैक्ट्री एरिया की तरफ से गेट नंबर 3 की तरफ आता हुआ दिखाई दिया।



### विधायक सतीश फागना ने किया परियोजना धागा के तहत पुरुषों की भागीदार को प्रोत्साहित किया

# महिलाओं के सम्मान, स्वास्थ्य और सुरक्षा के लिए गई जागरूकता रैली को झंडी दिखाकर रवाना किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद

यूनाइटेड नेशनल वूमेन एंड स्वस्ति अपफ्रंट के संयुक्त तत्वावधान में सोनी पब्लिक स्कूल डबुआ कॉलोनी के छात्र-छात्राओं और स्टाफ के सहयोग से परियोजना धागा-डिग्निट, हेल्थ, एजेंसी, ग्रोथ एंड एक्सेस के अंतर्गत एक जागरूकता रैली का आयोजन किया गया।

इस परियोजना का उद्देश्य टेक्सटाइल और गारमेंट सेक्टर में कार्यरत महिलाओं के स्वास्थ्य, कल्याण और सुरक्षा को सुनिश्चित करना है। साथ ही यह पहल कार्यस्थलों और समुदायों को महिलाओं के लिए सुरक्षितए सम्मानजनक और सहयोगी बनाने पर केंद्रित है। जागरूकता रैली को एनआईटी-86 के विधायक सतीश फागना ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में पार्षद भगवान सिंह, डबुआ थाने के एसएचओ संग्राम सिंह उपस्थित रहे। कार्यक्रम में सोनी पब्लिक स्कूल के प्रिंसिपल अमित जैन सहित संस्था की ओर से ऋतु सिंह और उनकी टीम भी मौजूद रहीं। मिशन जागृति से राकेश खटाना, महेश अशोक ने सहयोग दिया। रैली में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं, शिक्षकों और महिलाओं ने भाग लिया। यह रैली वार्ड नंबर 10 और 11 और डबुआ कॉलोनी के ए, बी, सी, डी ब्लॉक से गुजरते हुए लगभग 20000 लोगों को जागरूक किया। रैली के दौरान महिलाओं के अधिकारों, सम्मान और समानता को लेकर नारों और कविताओं के माध्यम से समाज को संदेश दिया गया। देश को आगे बढ़ाना है तो नारी को सशक्त बनाना है, नर-नारी समान हैं, जैसे संदेशों ने लोगों को सोचने पर मजबूर किया। परियोजना धागा के अंतर्गत पुरुषों की सक्रिय भागीदारी को भी प्रोत्साहित किया गया, ताकि समाज में जेंडर-रेस्पॉन्सिव और समावेशी संस्कृति विकसित हो सके। वक्ताओं ने कहा कि समाज में यह मान्यता प्रचलित है कि हर कामयाब पुरुष के पीछे एक महिला का योगदान होता है।




### कई दशक से कांग्रेस के विभिन्न पद पर रहे भारद्वाज

# कांग्रेसी प्रवक्ता रहे मनोज भारद्वाज ने भाजपा का दामन थामा



हरिभूमि न्यूज ⏭ गुरुग्राम

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता व प्रवक्ता रहे मनोज भारद्वाज एडवोकेट ने मंगलवार को अपने समर्थकों सहित भाजपा का दामन थामा। गुरुग्राम में आयोजित भाजपा की विकसित गुरुग्राम महारैली में हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की मौजूदगी में मनोज भारद्वाज एडवोकेट भाजपा में विधिवत रुप में शामिल हुए। कई दशक से कांग्रेस के विभिन्न पदों पर रहे मनोज भारद्वाज एडवोकेट ने कहा कि प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा देश हित में किए जा रहे कार्यों के तहत वे भाजपा में शामिल हुए हैं। उन्होंने कहा कि हमारा देश जिन चुनौतियों का सामना कर रहा है उसके लिए आज देशहित में कोई दल और कोई नेता सबसे उपयुक्त और मजबूती से खड़ा है तो वो बीजेपी और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हैं। मनोज भारद्वाज एडवोकेट यूथ कांग्रेस के अध्यक्ष रहे और हुडा सरकार के पहले कार्यकाल में वरिष्ठ उपाध्यक्ष बनने के बाद प्रदेश प्रवक्ता की जिम्मेदारी भी संभाली थी।

## महिला मोर्चा फरीदाबाद महानगर की नई कार्यकारिणी ने विधायक मूलचंद शर्मा से मुलाकात की

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद

महिला मोर्चा जिला फरीदाबाद महानगर अध्यक्ष श्रीमती ममता राघव द्वारा घोषित अपनी नई कार्यकारिणी का विस्तार कर नवनियुक्त महिला मोर्चा मंडल अध्यक्षों के साथ विधायक पंडित मूलचंद शर्मा के सेक्टर 8 स्थित कार्यालय पहुंची। इस मौके पर विधायक पंडित मूलचंद शर्मा ने महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष श्रीमति ममता राघव को बधाई दी और सभी नवनियुक्त मंडल अध्यक्षों एवं साथ आए अन्य पदाधिकारी को भी उन्होंने शुभकामनाएं देते हुए कहा कि उन्हें उम्मीद है कि सभी अपनी निष्ठा के साथ भारतीय जनता पार्टी के साथ मिलकर भाजपा सरकार की रीति और नीति को आमजन तक पहुंचाने का कार्य करेगीं। इस मौके नवनियुक्त सीकरी मंडल अध्यक्ष सुनीता रावत, पृथला से एकता कौशिक, फतेहपुर बिल्लौच पूनम रानी, छांयसा से मालती सिंह, पाली मंडल से गीता भड़ाना, डबुआ से पूजा रानी, नंगला से मोनिका गुप्ता, गौछी से बिंदु देवी आदि।




## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**धारा 82 Cr.P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **तरुण सेठी, पुत्रः रमेश सेठी, निवासीः मकान संख्या सीसी–65 डी, हरि नगर, दिल्ली, और सी–5/ए41, द्वितीय मंजिल, जनक पुरी, दिल्ली** ने **FIR No. 1494/2014, U/s: 279/337 IPC & 146/196 M.V. Act, पुलिस थाना हरि नगर, दिल्ली** के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **तरुण सेठी** मिल नही रहा है। और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **तरुण सेठी** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **पुलिस थाना हरि नगर, दिल्ली** के अभियुक्त **तरुण सेठी** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **10.02.2026** या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार,
सुश्री भारती गर्ग–।।
जेएमएफसी–।।, पश्चिम, कमरा नंबर 31,
तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली

DP/17660/WD/2025

## अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**धारा 82 Cr.P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **मो. अली, पुत्रः** श्री रंगीला पहलवान, **पताः** मकान नं. ए–202, गली नं. 6, ब्लॉक श्री राम कॉलोनी, खजूरी खास, दिल्ली ने मुकदमा **FIR No. 256/2021 U/s 188 IPC, थानाः कश्मीरी गेट, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **मो. अली** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **मो. अली** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि मुकदमा **FIR No. 256/2021 U/s 188 IPC, थानाः कश्मीरी गेट, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **मो. अली** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **07.02.2026** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
श्री वैभव गर्ग
न्यायिक दंडाधिकारी, प्रथम श्रेणी–11
कमरा नं. 138, तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली

DP/17584/N/2025
(Court Matter)


### राजकुमारी को आंगनवाड़ी के इतिहास में याद रखा जाएगा

# 38 साल से अधिक सेवा के बाद सेवानिवृत्त हुईं आंगनवाड़ी हेल्पर राजकुमारी



हरिभूमि न्यूज ⏭ गुरुग्राम

आंगनवाड़ी हेल्पर के रूप में 38 साल से अधिक का लंबा सफर और इस सफर में बेदाग छवि लेकर सेवानिवृत्त होना किसी भी सरकारी कर्मचारी के लिए सौभाग्य की बात होती है। ऐसी ही छवि की धनी राजकुमारी को आंगनवाड़ी के इतिहास में सदैव याद रखा जाएगा। उनकी सेवानिवृत्ति होना एक प्रक्रिया है, लेकिन उन्होंने अपने काम से जो विभाग में नाम कमाया है वह अमिट रहेगा। कलानौर ब्लॉक से आंगनवाड़ी सुपरवाइजर मीना देवी ने बुधवार को गांव तैमूरपुर जिला रोहतक में आंगनवाड़ी हेल्पर श्रीमती राजकुमारी की सेवानिवृत्ति पर कही। इस अवसर पर आशा वर्कर आशा देवी, तैमूरपुर गांव से आंगनवाड़ी वर्कर मीना, बल्म गांव से वंदना, विनोद, ककराना गांव से किरण, बबली, गांव सुंडाना से वर्कर नीलम, गांव गढ़ी से वर्कर ईश्वन्ती के अलावा बल्म से हेल्पर ईश्वन्ती व शकुंतला मौजूद रहीं। राजकुमारी को सेवानिवृत्ति पर नोटों की मालाएं पहनाकर सम्मानित किया गया। गांव के पूर्व सरपंच रणधीर सिंह ने भी आंगनवाड़ी हेल्पर के रूप में राजकुमारी के कार्यकाल को सराहा। आंगनवाड़ी के अस्तित्व में आने के समय से ही हेल्पर के रूप में कार्यरत रहीं राजकुमारी सिर्फ एक काम से ही अपनी पहचान नहीं रखतीं, अव्वल कही जा सकती हैं। घर के खर्चों को वहन करने के बाद भी बचत करना अपने आप में बहुत बड़ा प्रबंधन होता है।

### कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ किया गया

# उपभोक्ता जागरूकता विषय पर ज्ञानवर्धक कार्यक्रम का आयोजन



हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद

सेक्टर-9 स्थित डीसी मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल में बुधवार को राष्ट्रीय सेवा योजना विशेष शिविर के पांचवें दिन उपभोक्ता जागरूकता विषय पर एक ज्ञानवर्धक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों के लिए उपभोक्ता अधिकार, मिलावट की पहचान तथा सुरक्षित खरीदारी से संबंधित विविध गतिविधियां आयोजित की गईं। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रदीप बंसल चार्टर्ड अकाउंटेंट एवं राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष, अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत, अजय कुमार अधिवक्ता एवं अध्यक्ष अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत फरीदाबाद तथा डॉ. ऋषि शर्मा चिकित्सक अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत फरीदाबाद उपस्थित रहे।

विद्यालय के वरिष्ठ अध्यापक हरिशंकर शर्मा ने अतिथियों का स्वागत एवं अभिनंदन किया। कार्यक्रम अधिकारी के रूप में जीसी वर्मा एवं सुश्री मेघना सचदेवा की उपस्थिति रही। विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए प्रदीप बंसल ने वर्तमान समय में बढ़ती मिलावट एवं हेराफेरी पर चिंता व्यक्त की तथा गैस सिलेंडर से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां सांझा कीं, जिनमें सही माप.तौल, सिलेंडर की एक्सपायरी तिथि एवं सुरक्षा उपाय शामिल थे। साथ ही उन्होंने आभूषण खरीदते समय मानकों के अनुसार ही खरीदारी करने की सलाह दी। डॉ. ऋषि शर्मा और नवदीप भाटिया ने पनीर, दूध, जीरा, हल्दी, मिर्च, खोया, ब्रेड, चिप्स, बिस्कुट आदि खाद्य पदार्थों में होने वाली हानिकारक मिलावट के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

### आरोपियों को रिमांड पर लिया गया

# टास्क के नाम पर 75 हजार रुपए की ठगी, खाताधारक गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद

फरीदाबाद पुलिस द्वारा लगातार साइबर अपराधियों पर कार्रवाई की जा रही है। साइबर थाना सैंट्रल की टीम ने टेलिग्राम टास्क के नाम पर 75500 रुपए की ठगी करने के एक मामले में खाताधारक को दिल्ली से गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि सेक्टर-87 फरीदाबाद निवासी एक महिला ने साइबर थाना सैंट्रल में दी शिकायत में आरोप लगाया कि 27 मार्च को उसके टेलिग्राम पर वर्क फ्रॉम होम के लिए मैसेज आया। उसे पहले टास्क के बदले 800 रुपए दिये और फिर उसे पैड टास्क करने के लिए कहा, जिनके लिए उसने उनके बताये खाता में 75500 रुपए भेजे लेकिन टास्क कंपलीट होने के बाद उसे कोई पैसा नहीं दिया गया। शिकायत पर साइबर थाना सैंट्रल में संबंधित धाराओं में मामला दर्ज किया गया। उन्होंने आगे बताया कि साइबर थाना सैंट्रल की टीम ने कार्रवाई करते हुए जितेन्द्र सिंह निवासी मुकटपुरा जिला आगरा उत्तर प्रदेश को गिरफ्तार किया है। पूछताछ में सामने आया कि आरोपी जितेन्द्र मामले में खाताधारक है।

### बहुमूल्य योगदान और सेवाओं को याद रखेंगे

# फरीदाबाद पुलिस के चार पुलिसकर्मी हुए सेवानिवृत



हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद

फरीदाबाद पुलिस परिवार के 4 सदस्यों का विदाई समारोह बुधवार को कार्यालय पुलिस आयुक्त सेक्टर-21 सी में आयोजित किया गया। इस अवसर पर पुलिस उप महानिरीक्षक अभिषेक जोरवाल, भलाई निरीक्षक व अन्य पुलिसकर्मी मौजूद रहे। सेवानिवृत्त पुलिसकर्मी क्रमशः इंस्पेक्टर शीशपाल, इंस्पेक्टर केशव राम, कृष्ण कुमार, रफीक अहमद आदि मौजूद रहे। पुलिस उप महानिरीक्षक अभिषेक जोरवाल ने सेवानिवृत कर्मचारियों को संबोधित करते हुए कहा कि सेवानिवृत्ति जीवन के नए अध्याय की शुरुआत होती है। पुलिस विभाग को दिए गए आप सभी के बहुमूल्य योगदान और सेवाओं को हमेशा याद रखा जाएगा। आपकी निष्ठाए परिश्रम और कर्तव्यनिष्ठा पुलिस विभाग के लिए प्रेरणा का स्रोत रही है।

# लड़ाई-झगड़ा व हत्या के प्रयास के मामले में दो आरोपी पकड़ाए

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद



फरीदाबाद पुलिस द्वारा लगातार लड़ाई झगड़ों के मामले में संलिप्त आरोपियों पर कार्रवाई की जा रही ही, इसी क्रम में हत्या के प्रयास के मामले में पुलिस चौकी संजय कॉलोनी की टीम ने कार्रवाई करते हुए हत्या के प्रयास के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है।


## हरियाणा सरकार निविदा सूचना

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | दि हरियाणा राज्य सहकारी आपूर्ति एवं विपणन संघ लिमिटेड, पंचकूला (हैफेड) | हैफेड कॉम्पलैक्स, बारागुडा, सकताखेड़ा और डींग (सिरसा) में मौजूदा 40/60 एमटी वेब्रिज के विखण्डन के पश्चात सिविल कार्य समेत 3 अदद इलेक्ट्रोनिक वेब्रिज 100 एम क्षमता, पिट लैस प्लेटफॉर्म आकार 16.00×3.00 मी. की आपूर्ति, स्थापना, परीक्षण और प्रचालन + 1 कार्य। | 30.12.2025 12.01.2026 | रु.1,55,85,287/- | www.hafed.gov.in | 1722920520 hafed@hry.nic.in |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें: www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद–13/2026/60/41625/I/88/7 दि. 31.12.25

## हरियाणा सरकार निविदा सूचना

| क्र. सं. | विभाग का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | विभाग की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | लोनिवि भ व प हिसार | फतेहाबाद जिले में ज्यूडीशियल कोर्ट कॉम्पलैक्स के एलईडी फिक्सचर, सीलिंग फेन्स और एग्जॉस्ट फेन्स को बदलना (जेसीसी फतेहाबाद के प्रथम तल पर पुराना एमसी बॉक्स और बेकलाइट शीट सहित मॉड्यूलर बॉक्स और एक्सेसरीज को बदलने का प्रावधान) + 2 कार्य। | 29.12.2025 05.01.2026 | 12.62 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1662225651 pwd-eeed-hissar@hry.nic.in |
| 2 | लोनिवि भ व प हिसार | फतेहाबाद जिले में ज्यूडीशियल कोर्ट कॉम्पलैक्स में विभिन्न सुविधाओं की अतिरिक्त/परिवर्धन की विशेष मरम्मत (विद्युत कार्य का प्रावधान केवल)। | 29.12.2025 05.01.2026 | 3.36 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1662225651 pwd-eeed-hissar@hry.nic.in |
| 3 | लोनिवि भ व प पलवल | पलवल जिले में पलवल में लघु सचिवालय के परिसर में ज्यूडीशियल ब्लॉक में दिव्यांग व्यक्ति शौचालयों के लिए सुगम्य भारत अभियान (जीएसटी के बिना) + 3 कार्य। | बंद होने की तिथि 06.01.2026 | 34.89 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9466219169 pwd-eepd-palwal@hry.nic.in |
| 4 | जिला खाद्य एवं आपूर्ति नियंत्रक, अम्बाला | वित्तीय वर्ष 2026-27 के दौरान परिवहन, श्रम एवं ढुलाई कार्य हेतु निविदा। | 29.12.2025 12.06.2025 | | https://etenders.hry.nic.in | 8052695954 dfscamb1@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.etenders.hry.nic.in
पीआरडीएच–11/2026/80/41637/I/88/7 दि. 31.12.25

## खबर संक्षेप

### मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने दिल्लीवासियों को दी नव वर्ष की शुभकामनाएं

**नई दिल्ली।** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने बुधवार को सभी दिल्लीवासियों को नव वर्ष 2026 की शुभकामनाएं दी। उन्होंने अपने शुभकामना संदेश में कहा कि आप सबको मैं शुभकामनाएं देती हूं कि 2026 आप सबके जीवन में नया सवेरा लेकर आए, नई खुशियां लेकर आए। दिल्ली सरकार और मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता आपके साथ है हमेशा। वहीं मुख्यमंत्री ने अपने शुभकामना संदेश में कहा कि दिल्ली में इतनी सारी समस्याएं, इतनी सारी लिगेसी प्रॉब्लम हैं, उन सबका समाधान वर्ष 2026 में करना है। उन्होंने कहा कि 2025 केवल तैयारी थी और 2026 में उन सभी कामों को अपने मुकाम तक पहुंचाना है। वहीं मुख्यमंत्री ने विपक्षी दलों को करारा जवाब देते हुए अपने संदेश में कहा कि जो लोग कूड़े के पहाड़ बनाकर गए, आज वही लोग जब कूड़े के पहाड़ खत्म होने पर बात करते हैं, उन्हें मैं जवाब देना चाहती हूं कि 2026 में दिल्ली के कूड़े के पहाड़ खत्म होंगे।

### गेहूं की फसल में आवश्यकतानुसार करें पहली सिंचाई : पूसा

नई दिल्ली। देर से बोयी गई गेहूं की फसल यदि 21-25 दिन की हो गयी तो पहली सिंचाई आवश्यकतानुसार करें तथा 3-4 दिन के बाद नत्रजन की शेष मात्रा का छिड़काव करें। भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान के कृषि भौतिकी संभाग में नोडल अधिकारी व वरिष्ठ कृषि वैज्ञानिक डॉ. अनन्ता वशिष्ठ ने दिल्ली एनसीआर के किसानों के लिए यह सलाह जारी की है। साप्ताहिक मौसम पर आधारित कृषि सम्बंधी सलाह 4 जनवरी, 2026 तक के लिए बताई गई है। उन्होंने बताया कि गेहूं की फसल में यदि दीमक का प्रकोप दिखाई दे, तो बचाव हेतु किसान क्लोरपायरीफॉस 20 ई.सी. प्रति 2.0 ली. प्रति एकड़ 20 कि.ग्रा. बालू में मिलाकर खेत में शाम को छिड़क दे, और सिंचाई करें।

### अब डेंगू के केस में फर्जीवाड़ा कर रही भाजपा : अंकुश नारंग

नई दिल्ली। भाजपा ने पहले मॉनिटरिंग स्टेशनों पर पानी छिड़कवा कर एक्यूआई कम दिखाया और अब डेंगू के केस में फर्जीवाड़ा कर रही है। आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता और एमसीडी में नेता विपक्ष अंकुश नारंग ने बुधवार को प्रेसवार्ता में भाजपा पर निशाना साधते हुए यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य मंत्रालय के 'नेशनल सेंटर फॉर वेक्टर बोर्न डिसीज कंट्रोल और भाजपा शासित एमसीडी की रिपोर्ट में डेंगू के केस में बहुत अंतर है। केंद्र का स्वास्थ्य मंत्रालय इस साल दिल्ली में डेंगू के 16,866 केस बता रहा है जबकि भाजपा की एमसीडी सिर्फ 1493 केस बता रही है। स्वास्थ्य मंत्रालय दिल्ली में अब तक डेंगू से 19 मौतें बता रहा है लेकिन मेडिकल सर्टिफिकेशन डाटा के मुताबिक दिल्ली में डेंगू से 538 मौतें दर्ज की गई है। इसलिए भाजपा को स्पष्ट करना चाहिए कि इनमें से असली रिपोर्ट कौन सी है?

## राजधानी को विकसित दिल्ली बनाने के लिए मजबूत बिजली तंत्र अनिवार्य

# बढ़ती बिजली मांग को ध्यान में रखते हुए ठोस कदम उठा रही सरकार : रेखा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



दिल्ली सरकार बढ़ती बिजली मांग को ध्यान में रखते हुए पारेषण और वितरण व्यवस्था को मजबूत करने के लिए ठोस और दूरदर्शी कदम उठा रही है। क्योंकि राजधानी को विकसित, आत्मनिर्भर और पर्यावरण के अनुकूल बनाने के लिए बिजली का सुदृढ़, विश्वसनीय और भविष्य के अनुरूप प्रबंधन अत्यंत आवश्यक है।

यह बात दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने हाल ही में हुई एक बैठक में कही है। गौरतलब है कि बिजली व्यवस्था को लेकर हाल ही में मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता की अध्यक्षता में एक उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई। समीक्षा बैठक में बिजली क्षेत्र के मौजूदा कार्यों और वर्ष 2029 तक की कार्ययोजना पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में बिजली मंत्री आशीष सूद, बिजली विभाग के वरिष्ठ अधिकारी, दिल्ली ट्रांसको लिमिटेड (डीटीएल) तथा राजधानी की सभी डिस्कॉम के प्रतिनिधि उपस्थित थे। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि दिल्ली सरकार का लक्ष्य केवल वर्तमान जरूरतों को पूरा करना नहीं है, बल्कि आने वाले वर्षों में राजधानी को विश्वसनीय, सतत और उपभोक्ता-केंद्रित बिजली व्यवस्था का आदर्श मॉडल बनाना है। उन्होंने सभी संबंधित एजेंसियों से वैश्विक सर्वोत्तम प्रथाओं को अपनाने, आपसी समन्वय मजबूत करने और सभी परियोजनाओं को समय पर पूरा करने का आह्वान किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार 'विकसित दिल्ली' की परिकल्पना को प्रभावी रूप से साकार करने के लिए राजधानी के बिजली तंत्र को मजबूत, आधुनिक और पर्यावरण के प्रति जिम्मेदार बनाने को कृतसंकल्प है। इसी दिशा में दिल्ली सरकार लगातार ठोस कदम उठा रही है, ताकि आने वाली पीढ़ियों को सुरक्षित और स्थायी ऊर्जा भविष्य मिल सके।

### तीन वर्षों के लिए 17 हजार करोड़ रुपये व्यय होंगे

बैठक में मुख्यमंत्री को अवगत कराया गया कि दिल्ली में अगले तीन वर्षों के दौरान लगभग 17 हजार करोड़ रुपये की पूंजीगत व्यय योजना को लागू किया जाएगा। इस योजना के तहत डीटीएल और डिस्कॉम पारेषण लाइनों, ग्रिड सब-स्टेशनों और वितरण नेटवर्क को सशक्त करेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि इन निवेशों का उद्देश्य केवल नई क्षमता जोड़ना नहीं है, बल्कि यह सुनिश्चित करना है कि राजधानी के प्रत्येक क्षेत्र में निर्बाध, सुरक्षित और गुणवत्तापूर्ण बिजली उपलब्ध हो।

### बिजली की मांग में हर वर्ष 4 से 5 प्रतिशत की वृद्धि

बैठक में अधिकारियों ने जानकारी दी कि दिल्ली में बिजली की अधिकतम मांग लगातार बढ़ रही है। वर्ष 2025 में राजधानी की पीक बिजली मांग लगभग 8 हजार 400 मेगावाट तक पहुंच चुकी है। दिल्ली में बिजली की मांग में औसतन हर वर्ष 4 से 5 प्रतिशत की वृद्धि देखी जा रही है, जिसका मुख्य कारण बढ़ती आबादी, एयर कंडीशनर व अन्य विद्युत उपकरणों का अधिक उपयोग तथा इलेक्ट्रिक वाहनों को अपनाया जाना है। दिल्ली में बिजली की अधिकतम मांग प्रायः गर्मी के महीनों, विशेषकर जून और जुलाई में दर्ज की जाती है। बैठक में बताया गया कि दीर्घकालिक आकलन के अनुसार वर्ष 2030 तक दिल्ली की अधिकतम बिजली मांग 11 हजार 500 से 12 हजार मेगावाट के स्तर तक पहुंच सकती है। वहीं दीर्घकालिक परिदृश्य में वर्ष 2040 तक यह मांग लगभग 19 हजार से 20 हजार मेगावाट तक पहुंचने का अनुमान है।

## एमसीडी फ्लैट्स की जर्जर स्थिति देख अध्यक्ष ने जताई चिंता, ख़ाली कराने के दिए निर्देश

**नई दिल्ली।** दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) की स्थायी समिति अध्यक्ष सत्या शर्मा ने बुधवार को शाहदरा (उत्तरी) ज़ोन में गौतमपुरी वार्ड का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने क्षेत्र की नागरिक सुविधाओं, आवासीय परिसरों, स्वच्छता व्यवस्था एवं हरित क्षेत्रों की स्थिति का निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान एमसीडी फ्लैट्स की जर्जर एवं जोखिमपूर्ण स्थिति सामने आई। नागरिकों की जान-माल की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए अध्यक्ष सत्या शर्मा द्वारा तत्काल प्रभाव से इन फ्लैट्स को खाली कराने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए गए, ताकि किसी भी प्रकार की दुर्घटना से बचा जा सके। निरीक्षण के दौरान क्षेत्रीय उपायुक्त अभिषेक कुमार सहित निगम के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। स्थायी समिति अध्यक्ष सत्या शर्मा ने क्षेत्र में व्याप्त अवैध अतिक्रमण पर कड़ी नाराज़गी जताते हुए इसे शीघ्र हटाने तथा सार्वजनिक स्थलों को अतिक्रमण-मुक्त बनाने के निर्देश दिए। साथ ही वार्ड के पार्कों की बदहाल स्थिति पर भी संज्ञान लेते हुए उनकी साफ-सफाई, मरम्मत, हरियाली एवं रख-रखाव में तत्काल सुधार सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

### नागरिक सुविधाएं निगम की सर्वोच्च प्राथमिकता

इस अवसर पर अध्यक्ष सत्या शर्मा ने कहा कि जन सुरक्षा, स्वच्छता और बेहतर नागरिक सुविधाएं दिल्ली नगर निगम की सर्वोच्च प्राथमिकता हैं। नागरिकों की सुरक्षा से किसी भी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा। अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि सभी निर्देशों का समयबद्ध एवं प्रभावी रूप से पालन हो।

## राजौरी गार्डन में अटल कैंटीन शुरू

# जरूरतमंदों को मिलने लगा 5 रुपए में भोजन



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

- कैबिनेट मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने किया कैंटीन का उद्घाटन, खुद भी किया भोजन

राजौरी गार्डन क्षेत्र के एफ एक्सटेंशन, ख्याला में बुधवार से अटल कैंटीन शुरू हो गई है। यहां गरीबों और जरूरतमंदों को पांच रुपए में पौष्टिक भोजन मिलने लगा है। इस कैंटीन की शुरुआत बुधवार को कैबिनेट मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने की। उन्होंने इस दौरान लोगों के साथ कैंटीन में खुद भी भोजन किया।

इस अवसर पर सिरसा ने कहा कि मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के नेतृत्व में शुरू की गई यह पहल जरूरतमंद लोगों को मात्र 5 रुपए में पौष्टिक, स्वादिष्ट और साफ-सुथरा भोजन उपलब्ध कराने की दिशा में एक अहम कदम है। उन्होंने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के जन्म शताब्दी वर्ष को समर्पित अटल कैंटीन योजना का तेजी से विस्तार किया जा रहा है। दिल्ली भर में 100 अटल कैंटीन शुरू करने का लक्ष्य रखा गया है। इन कैंटीनों में रोटी, चावल, दाल और सब्जी जैसा संतुलित भोजन साफ और व्यवस्थित माहौल में परोसा जा रहा है, ताकि कोई भी भूखा न रहे। उद्घाटन के दौरान मंत्री सिरसा ने स्थानीय लोगों और लाभार्थियों से बातचीत की, स्वयं भोजन की गुणवत्ता का स्वाद चखा और कैंटीन में बनाए गए स्वच्छता मानकों की सराहना की। स्थानीय लोगों ने सरकार का आभार जताते हुए कहा कि अटल कैंटीन उन्हें सस्ता भोजन ही नहीं, बल्कि सम्मान के साथ जीने का भरोसा भी देती है। सिरसा ने कहा कि अटल कैंटीन हमारी पार्टी की अंत्योदय की सोच का सजीव उदाहरण है, जहां समाज के अंतिम व्यक्ति तक सुविधा और सम्मान पहुंचाना हमारा लक्ष्य है। मैं मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार व्यक्त करता हूं, जिनके नेतृत्व में यह सोच हकीकत बन रही है।

### दिल्ली में राइड-शेयरिंग सेवाएं जल्द होगी शुरू : सिरसा

नई दिल्ली। राजधानी की सड़कों पर वाहनों की संख्या घटाने और प्रदूषण कम करने के लिए दिल्ली में राइड-शेयरिंग सेवाएं जल्द से जल्द फिर शुरु होगी। इस बात की जानकारी बुधवार को दिल्ली के पर्यावरण मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने दिल्ली सचिवालय में ओला, उबर, रैपिडो सहित टैक्सी एग्रीगेटर्स के साथ एक अहम बैठक करने के बाद दी। बैठक के दौरान मंत्री सिरसा ने कहा कि दिल्ली सरकार चार प्रमुख क्षेत्रों-वाहन प्रदूषण, औद्योगिक प्रदूषण, धूल प्रदूषण और कचरा प्रबंधन-पर एक साथ काम कर रही है, ताकि लोगों को साफ हवा मिल सके। उन्होंने कहा कि ट्रैफिक कम करने और साझा व ग्रीन परिवहन को बढ़ावा देने में मोबिलिटी एग्रीगेटर्स की भूमिका बहुत अहम है।

### दिल्ली नगर निगम के 291 कर्मचारी हुए सेवानिवृत्त

नई दिल्ली। दिल्ली नगर निगम के 291 कर्मचारी बुधवार को सेवानिवृत हुए। दिल्ली नगर निगम के सिविक सेंटर मुख्यालय स्थित सभागार में आयोजित कार्यक्रम में सेवानिवृत्त कर्मियों को प्रशस्ति पत्र, पीपीओ शीट, लीव एनकैशमेंट के चेक दिये गए। सभी जोन में भी सेवानिवृत कार्यक्रम आयोजित किए गए। निगम प्रशासन ने बुधवार को यह जानकारी साझा करते हुए कहा कि इस कार्यक्रम में सेवानिवृत कर्मियों को दीर्घायु और स्वस्थ रहने की कामना की गई। सेवानिवृत्त हो रहे कर्मियों को उनके भविष्य के लिए शुभकामनाओं के साथ-साथ सुखमय जीवन की कामना करते हुए पौधे भी भेंट किये। इस अवसर पर निगम के उच्च अधिकारी भी उपस्थित रहें।

# 'अंधेरे में डूबा डीटीसी बस स्टैंड, पंजाबी बाग में यात्रियों की सुरक्षा से खिलवाड़'

दया राम ⏭ नई दिल्ली



- गोल चक्कर के पास आज़ादपुर रूट पर प्रकाश व्यवस्था नदारद
- अंधेरे का फायदा उठाकर बिना रुके निकल जाती है बसें

दिल्ली के पंजाबी बाग इलाके में गोल चक्कर के पास आज़ादपुर की ओर जाने वाले मार्ग पर बना दिल्ली परिवहन निगम (डीटीसी) का बस स्टैंड इन दिनों पूरी तरह अंधेरे के भरोसे चल रहा है। बस स्टैंड पर प्रकाश व्यवस्था न होने के कारण यात्रियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है, खासकर शाम ढलते ही और कोहरे के मौसम में हालात और भी भयावह हो जाते हैं।

स्थानीय यात्रियों का कहना है कि जैसे ही शाम होती है, अंधेरा और कोहरा मिलकर दृश्यता लगभग खत्म कर देते हैं। ऐसे में बस स्टैंड दूर से दिखाई नहीं देता और कई बार डीटीसी बस चालक बिना रुके ही आगे निकल जाते हैं। बस के निकल जाने के बाद यात्रियों को अहसास होता है कि उनकी बस जा चुकी है, लेकिन तब तक कुछ भी करना उनके बस में नहीं रहता। स्थानीय लोगों और यात्रियों ने मांग की है कि बस स्टैंड पर तत्काल स्ट्रीट लाइट और हाई-मास्ट लाइट की व्यवस्था की जाए, ताकि बस चालकों को बस स्टैंड साफ दिखाई दे और यात्रियों को सुरक्षित व सुविधाजनक परिवहन मिल सके। वहीं, इस संबंध में दिल्ली परिवहन अवसंरचना विकास निगम के वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि इस संबंध में निरीक्षण कर प्रकाश व्यवस्था की जाएगी।

### यात्रियों ने सुरक्षा को लेकर जताई चिंता

बस के इंतजार में खड़े यात्रियों ने बताया कि शाम होते ही यहां कुछ भी दिखाई नहीं देता। कोहरा हो तो हालात और खराब हो जाते हैं। कई बार बसें पास से निकल जाती हैं, लेकिन अंधेरे की वजह से ड्राइवर को बस स्टैंड दिखता ही नहीं। वहीं, ट्रांसपोर्ट सेंटर से आने वाली महिला यात्रियों ने सुरक्षा को लेकर चिंता जताते हुए कहा कि अंधेरे में यहां खड़े रहना डर का कारण बन जाता है। न रोशनी है, न कोई सूचना बोर्ड। सरकार महिला सुरक्षा की बात करती है, लेकिन जमीनी हकीकत कुछ और है।

# नकली घरेलू सामान के रैकेट का भंडाफोड़, चार अरेस्ट

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

- पुलिस ने बड़ी मात्रा में नकली ब्रांड की 'फास्ट-मूविंग कंज्यूमर गुड्स' किया जब्त

दिल्ली पुलिस ने दिल्ली-एनसीआर में विभिन्न प्रतिष्ठित ब्रांड के नकली लेबल के तहत घरेलू सामान और खाद्य उत्पादों के निर्माण, भंडारण और बिक्री में शामिल एक कथित आपराधिक गिरोह का भंडाफोड़ किया है। एक अधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी दी।

पुलिस उपायुक्त (अपराध) विक्रम सिंह ने एक बयान में बताया कि इस सिलसिले में चार लोगों को गिरफ्तार किया गया है जिनकी पहचान नितिन कुमार (38), रजत सिंघल (38), सुरेंद्र गुर्जर (45) और मुजाहिद (38) के रूप में हुई है। इन्हें पश्चिमी दिल्ली के उत्तम नगर में नकली उत्पादों की खेप प्राप्त करते समय पकड़ा गया। इसके अलावा पुलिस ने बड़ी मात्रा में नकली ब्रांड की 'फास्ट-मूविंग कंज्यूमर गुड्स' (एफएमसीजी) जब्त किया है। बयान के अनुसार, यह गिरोह बाजार में नकली खाद्य सामग्री और एफएमसीजी उत्पाद बेचकर सार्वजनिक स्वास्थ्य के लिए गंभीर खतरा पैदा कर रहा था और प्रतिष्ठित कंपनियों को भी भारी आर्थिक नुकसान पहुंचा रहा था। उसके मुताबिक, पुलिस को यह सूचना मिली थी कि एक गिरोह नकली घी, पाचन उत्पाद, मच्छर भगाने वाले उत्पाद, बाल हटाने वाली क्रीम और आयोडीन युक्त नमक की बड़े पैमाने पर बिक्री में लगा हुआ है जिसके बाद पुलिस की एक टीम ने 29 दिसंबर को उत्तम नगर में मेट्रो पिलर संख्या 680 के पास निगरानी की।

पुलिस ने बताया कि दोपहर करीब 2:15 बजे संदिग्धों को उन वाहनों के साथ रोका गया और वाहनों की तलाशी लेने पर भारी मात्रा में नकली सामान बरामद किया गया। इसी के साथ संबंधित कंपनियों के अधिकृत प्रतिनिधियों जब्त उत्पादों के नकली होने की पुष्टि की है। डीसीपी ने बताया, पूछताछ के दौरान मुख्य आरोपी नितिन कुमार ने खुलासा किया कि कंझावला औद्योगिक क्षेत्र में नकली घी बनाने की एक अवैध इकाई चल रही थी।

## चार दमकल गाड़ियां और चार एम्बुलेंस भेजी गई मौके पर

# शाहीन बाग में इमारत में लगी आग, एक महिला की मौत, कई लोगों को बचाया गया

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली



दक्षिण-पूर्वी दिल्ली के शाहीन बाग इलाके में एक आवासीय इमारत में भीषण आग लगने से एक बुजुर्ग महिला की मौत हो गई जबकि कई अन्य लोगों को बचा लिया गया। पुलिस ने बुधवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि प्रारंभिक जांच से पता चलता है कि महिला की मौत धुएं से दम घुटने के कारण हुई।

उन्होंने बताया कि मृतका की पहचान फाजिला किश्वर (72) के रूप में हुई है। उन्होंने बताया कि फाजिला को पहले से ही श्वसन संबंधी बीमारियां थीं, जिसकी वजह से घटना के दौरान उनकी हालत और बिगड़ गई होगी। पुलिस के अनुसार, दिल्ली दमकल सेवा को तड़के 4.41 बजे आग लगने की सूचना मिली, जिसके बाद चार दमकल गाड़ियां और चार एम्बुलेंस मौके पर भेजी गईं। दक्षिण-पूर्व के पुलिस उपायुक्त (डीसीपी) हेमंत तिवारी ने कहा कि थाना प्रभारी, पुलिस कर्मियों के साथ तुरंत घटनास्थल पर पहुंचे जबकि वरिष्ठ अधिकारियों ने बचाव और अग्निशमन अभियानों की निगरानी की। पुलिस कर्मियों ने निवासियों को सुरक्षित निकालने और भीड़ को नियंत्रित करने में दमकलकर्मियों की सहायता की ताकि आपातकालीन सेवा कर्मियों के लिए सुरक्षित मार्ग सुनिश्चित किया जा सके। अधिकारी ने बताया कि बुजुर्ग महिला सहित पांच निवासियों को सुरक्षित बचाकर पास के अस्पतालों में ले जाया गया। हालांकि, अस्पताल में इलाज के दौरान महिला की मृत्यु हो गई। इस हादसे में जनहानि के अलावा, इमारत के पास खड़े वाहनों को भी क्षति हुई है, जिनमें दो कार, एक मोटरसाइकिल और एक स्कूटर पूरी तरह से या आंशिक रूप से जल गए हैं। उन्होंने बताया कि निरंतर प्रयासों के बाद आग पर काबू पा लिया गया। प्रभावित क्षेत्र को चारों ओर से घेर लिया गया ताकि आपातकालीन टीम कूलिंग का कार्य और निरीक्षण कर सकें। डीसीपी ने कहा, नियमानुसार आवश्यक कानून कार्रवाई की जा रही है और आग लगने के सटीक कारण का पता लगाने के लिए जांच शुरू कर दी गई है। अधिकारी संभावित विद्युत शॉर्ट सर्किट या अन्य आकस्मिक कारणों सहित विभिन्न कारकों की जांच कर रहे हैं।

### पूर्वी दिल्ली के जगतपुरी में एक घर में लगी आग, बचाया गया दो लोगों को

नई दिल्ली। दिल्ली के शाहदरा में एक घर में आग लगने के बाद दो लोगों को बचाया गया। अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि दिल्ली अग्निशमन सेवा (डीएफएस) को अपराह्न करीब 1:30 बजे जगतपुरी इलाके से घटना की सूचना मिली। एक अधिकारी ने बताया कि हमने तुरंत दो दमकल गाड़ियां मौके पर भेजीं। हमारी टीमें अभी भी घटनास्थल पर काम कर रही हैं। दो लोग बेहोश पाए गए और उन्हें पास के अस्पताल में ले जाया गया।

# दिल्ली में 10 करोड़ से अधिक की हेरोइन जब्त, दो गिरफ्तार

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली



दिल्ली पुलिस ने नशे के अंतरराज्यीय तस्कर गिरोह से ताल्लुक रखने के संदेह में दो लोगों को गिरफ्तार किया है और दो किलो हेरोइन बरामद किया है। बरामद मादक पदार्थ की कीमत अतरराष्ट्रीय बाजार में दस करोड़ रुपये आंकी गयी है। एक अधिकारी ने बुधवार को इसकी जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि दोनों आरोपियों की पहचान अंशुल राणा और गंगा प्रसाद उर्फ विक्की के रूप में हुई है। उन्होंने कहा कि दिल्ली के द्वारका में छापेमारी के दौरान राणा के पास से कुल 2.034 किलोग्राम हेरोइन बरामद की गई, जबकि प्रसाद को पूर्वी दिल्ली के लक्ष्मी नगर इलाके में एक अलग अभियान के तहत गिरफ्तार किया गया। अधिकारी ने बताया कि द्वारका के एक स्कूल के पास हेरोइन की एक बड़ी खेप पहुंचाने वाले एक तस्कर की गतिविधियों के बारे में मिली सूचना के बाद अपराध शाखा की एक टीम ने इस अभियान को अंजाम दिया। उन्होंने कहा कि टीम ने सेक्टर आठ से में स्थित एक स्कूल से सटे एक खेल परिसर के पास राणा को पकड़ा और उसके बैग की तलाशी लेने पर 2.034 किलोग्राम हेरोइन बरामद हुई। उन्होंने बताया कि संबंधित प्रावधानों के तहत मामला दर्ज किया गया और आगे की जांच शुरू की गई। पूछताछ के दौरान, राणा ने खुलासा किया कि उसने यह प्रतिबंधित सामान प्रसाद से प्राप्त किया था, जो इसे उत्तर प्रदेश के बरेली से मंगवाता था। इसके आधार पर टीम ने लक्ष्मी नगर में प्रसाद की मौजूदगी पाई और उसे गिरफ्तार कर लिया गया।

पुलिस ने बताया कि यह गिरोह दिल्ली-एनसीआर (राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र) में सक्रिय था, जिसमें प्रसाद कथित तौर पर बरेली से बड़ी मात्रा में हेरोइन खरीदता था और उसे राणा तक पहुंचाता था, जो फिर उसे राजधानी में स्थानीय तस्करों को वितरित करता था। पुलिस ने हेरोइन के अलावा तस्करी में कथित तौर इस्तेमाल किए जाने वाले एक स्कूटर और छह मोबाइल फोन भी जब्त किए।

डॉक्टर्स सजेशन



डॉ. आर. पी. सिंह सीनियर फिजिशियन, एनसीआर

# ठंड-प्रदूषण की वजह से जब आए लगातार खांसी



**मेरी उम्र 31 वर्ष है। पिछले कुछ हफ्तों से मुझे लगातार खांसी आ रही है। घर से बाहर निकलने पर मेरी यह प्रॉब्लम और भी बढ़ जाती है। कृपया इसका कोई उपचार बताएं।**

**-विशाल, रायपुर**

मौजूदा समय में खांसी का एक बड़ा कारण प्रदूषण भी है। सर्दी के मौसम में शहरों में बढ़ते प्रदूषण की वजह से खांसी की समस्या बढ़ रही है। इसके लिए आप कोशिश करें कि घर से बाहर निकलें तो मास्क लगाकर ही जाएं। साथ ही अगर सर्दी की वजह से खांसी आ रही है तो आप ठंडा पानी न पिएं। हल्का गुनगुना या नॉर्मल करके पानी पिएं। इसके अलावा सुबह और शाम गुनगुने पानी में नमक डालकर गरारा करें। फ्रिज में रखी ठंडी चीजें फिलहाल खाना बंद कर दें।

**मेरी उम्र 49 वर्ष है। डेढ़ महीने से आंतों में सूजन का ट्रीटमेंट चल रहा है। डॉक्टर कहते हैं हमेशा दवा खानी पड़ेगी। क्या इसका कोई पर्मानेंट ट्रीटमेंट संभव नहीं है?**

**-राकेश, ईमेल से**

ऐसे मामले में बगैर रिपोर्ट देखे कुछ भी कहना सही नहीं है। अगर आपको किसी तरह की शंका है तो आप एक बार सेकेंड ओपिनियन ले सकते हैं। यानी, किसी दूसरे डॉक्टर से सलाह कर सकते हैं। पर खान-पान में आपको ध्यान रखना चाहिए। अधिक ऑयली और तली चीज बिल्कुल ही नहीं खानी चाहिए, साथ ही फास्ट फूड खाने से भी बचना चाहिए।

**मेरी उम्र 28 वर्ष है। मैं जब भी शेव करता हूं, मेरे चेहरे पर रैशेज आ जाते हैं। कई बार तो बड़े-बड़े लाल दाने भी निकल आते हैं। प्लीज बताएं कि ऐसा क्यों होता है?**

**-कुणाल, रोहतक**

आपकी समस्या सुनकर ऐसा लग रहा है कि आपको स्किन की एलर्जी है और जब आप शेविंग करते हैं और शेविंग क्रीम का इस्तेमाल करते हैं तो आपको एलर्जी हो जाती है। सबसे पहले आप बार्बर शॉप में शेविंग कराना बंद करें। घर में शेविंग करें और आपको शेविंग क्रीम से बचना चाहिए। शेविंग करने से पहले गुनगुने पानी से थोड़ी देर भिगो लेना चाहिए, जिससे बियर्ड सॉफ्ट हो जाएगी और यह आसानी से रिमूव हो जाएगी।

**मेरी उम्र 61 वर्ष है। करीब एक साल से मुझे बैक-पेन की प्रॉब्लम है। लेटे रहने पर तो ठीक रहता है, लेकिन बैठने या खड़े होने पर दर्द बढ़ जाता है। कृपया मेरी इस समस्या का कारगर समाधान बताएं।**

**-कौशल, बिलासपुर**

हड्डियों की प्रॉब्लम वाले लोगों को सर्दी के मौसम में खास ध्यान देना चाहिए। सर्दी से बचना चाहिए। इसलिए कम से कम एक्स्पोजर करें। अगर घर से बाहर निकलना है तो पूरी तरह से वूलेन ड्रेस पहनकर निकलें। गुनगुने पानी से नहाएं। दर्द अधिक होने पर सिंकाई करनी चाहिए। साथ ही एक बार आप कैल्शियम, विटामिन डी की जांच करवा लें। कम होने पर उसकी दवा डॉक्टर से कंसल्ट कर लें।

**मेरी उम्र 35 वर्ष है। मैं एक मल्टी नेशनल कंपनी में नाइट शिफ्ट जॉब करता हूं। दिन में ठीक से नींद नहीं आती, सिर भारी-भारी रहता है। ऐसे में मुझे क्या करना चाहिए?**

**-श्रेयांश, जबलपुर**

अगर आपकी नाइट शिफ्ट रहती है तो आपको शेड्यूल ऐसे बनाना चाहिए कि आपका खाना, सोना प्रभावित ना हो। बेहतर होगा कि आप किसी डाइटिशियन से संपर्क कर लें। वह आपका शेड्यूल बना देंगे। उसके अनुसार आप खान-पान पर ध्यान दें। साथ ही सोने का टाइम भी आप एक जैसा फिक्स रखें। *

**प्रस्तुतिः रिचा पांडे**

**पाठक अपनी हेल्थ प्रॉब्लम्स से संबंधित सवाल**
sehatharibhoomi@gmail.com **पर ई-मेल कर सकते हैं।**

डॉक्टर्स एडवाइस



डॉ. सुशीला कटारिया
सीनियर डायरेक्टर एंड हेड-इंटरनल मेडिसिन
मेदांता दि मेडिसिटी, गुरुग्राम

बीते साल स्वास्थ्य के संदर्भ में जिन बातों पर आप अमल नहीं कर पाए, उन्हें इस साल पूरा कर सकते हैं। इसके लिए यहां बताए जा रहे सजेशंस को फॉलो करना होगा।

## माइंडफुल ईटिंग की आदत डालें

माइंडफुल ईटिंग से आशय है कि कौन-सा खाद्य पदार्थ स्वास्थ्यकर है और कौन-सा अस्वास्थ्यकर, यह सोच-समझकर या जानकर ही उसे खाने की आदत डालें। समुचित मात्रा में संतुलित-पौष्टिक भोजन अच्छी तरह चबाकर खाना और खाने की प्रक्रिया के दौरान टेलीविजन देखने या अन्य किसी व्यक्ति या स्थान पर ध्यान केंद्रित करने से बचना ही माइंडफुल ईटिंग है। बेहतर रहेगा कि इस संदर्भ में आप अपने डॉक्टर या फिर डाइटिशियन से परामर्श लें।

**स्क्रीन टाइम की अधिकता ठीक नहीं:** लैपटॉप, कंप्यूटर, सेल फोन, टेलीविजन और वीडियो गेम्स आदि इलेक्ट्रॉनिक गैजेट्स, आज की जीवनशैली में शामिल हो गए हैं। कितने घंटे इलेक्ट्रॉनिक गैजेट्स पर काम करना है, इस संदर्भ में कोई नियम या समयावधि तय नहीं की जा सकती, किंतु किसी भी हैबिट की अधिकता नुकसानदेह होती है, यह बात इलेक्ट्रॉनिक गैजेट्स के संदर्भ में भी लागू होती है। बच्चों से लेकर वयस्कों तक इलेक्ट्रॉनिक गैजेट्स का प्रचलन काफी बढ़ गया है, जिसके कारण कंप्यूटर विजन सिंड्रोम समेत आंखों की समस्याएं जैसे ड्राइनेस, आंखों में जलन, आंखों का भारी होना आदि, बढ़ रही हैं। ऐसी समस्याओं को कम करने और उनकी रोकथाम के लिए इन सुझावों पर अमल करना लाभप्रद रहेगा।

- दिन में कुछ घंटे या सोने से एक घंटा पहले इलेक्ट्रॉनिक गैजेट्स से दूरी बनाएं।
- सोशल मीडिया और गेम्स के नोटिफिकेशन बंद कर दें ताकि बार-बार फोन चेक करने की आदत कम हो सके।
- बेडरूम, डाइनिंग टेबल और बाथरूम में 'नो-फोन जोन' का पालन करें।
- नियम 20-20-20 यानी हर 20 मिनट पर 20 सेकेंड के लिए 20 फीट दूर मौजूद किसी चीज को कंसंट्रेट होकर देखें।
- प्रत्येक 45 मिनट पर 5-10 मिनट का ब्रेक लें और स्क्रीन से दूर रहें।



**सलाद खाने की आदत डालें:** दोपहर और रात के भोजन से पहले सलाद खाने की आदत डालें। गाजर, मूली, खीरा और टमाटर आदि अच्छी तरह धोकर खाइए। भोजन से पहले सलाद खाने से आपको कब्ज आदि समस्या नहीं होगी और प्राकृतिक रूप से शरीर को विटामिंस और मिनरल्स मिलेंगे।

**पैकेज्ड फूड्स से बचे रहें:** आमतौर पर लोग भूख लगने पर नमकीन, चिप्स या बिस्किट का पैकेट खोलकर खा लेते हैं। बेशक इसे खाने पर पेट भरा महसूस होता है, कैलोरीज भी मिल जाती हैं, लेकिन पोषक तत्व के नाम पर कुछ नहीं मिलता। इसलिए हमेशा अपने बैग में ड्राई फ्रूट्स या कोई मौसमी फल रखिए। मूंगफली, चना या मखाना रख लीजिए ताकि भूख लगने पर पैकेज्ड फूड्स न खाएं।

**सीढ़ियों का ही इस्तेमाल करें:** वर्ल्ड ओबेसिटी फेडरेशन के अनुसार सीढ़ियां चढ़ने से हर मिनट लगभग 8 से 11 कैलोरी बर्न होती है। अगर आपके पास सामान ज्यादा नहीं है और कोई बीमारी नहीं है तो लिफ्ट के बजाय सीढ़ियां चढ़ना आपकी सेहत के लिए लाभप्रद है।

**बाइक-कार के बजाय पैदल चलें:** एक बड़ी संख्या में लोग 500 से 1000 कदम चलने के लिए भी कार और बाइक का इस्तेमाल करते हैं। दूध और सब्जियां आदि आस-पास मिलने वाली वस्तुएं लेने के लिए। इसलिए अगर संभव हो, तो एकाध किलोमीटर की दूरी के लिए बाइक, ऑटो या कार का इस्तेमाल न करें, पैदल ही जाएं। इसी बहाने सुबह-शाम टहलना हो जाएगा। टहलने के कई फायदे हैं। जैसे टहलने से वजन का प्रबंधन करने, रक्त शर्करा (ब्लड शुगर) को नियंत्रित करने और शरीर के जोड़ों की सेहत को अच्छा करने में मदद मिलती है।

**प्यास लगने पर पिएं पानी:** एक बड़ी संख्या में लोग घर से बाहर होने पर गला सूखने या प्यास लगने पर तुरंत कोल्ड ड्रिंक खरीदकर पी लेते हैं। यह आदत सेहत के लिए लाभप्रद नहीं है, क्योंकि ऐसे ड्रिंक्स में शुगर अधिक मात्रा में होती है। इसलिए प्यास लगने पर सिर्फ पानी ही पिएं और पानी की एक बोतल हमेशा साथ रखें। ऐसा करने से आप एसिडिटी, कब्ज और गैस की समस्या से दूर रहेंगे और आपके शरीर को डिटॉक्स करने में मदद मिलेगी।

**कराते रहें हेल्थ चेकअप:** नए साल में यह संकल्प लें कि आप अपने डॉक्टर से परामर्श लेकर हेल्थ चेकअप रेग्युलर कराते रहेंगे, भले ही आपको कोई बीमारी हो या नहीं। ऐसा इसलिए, क्योंकि अनेक लोगों में हाई ब्लड प्रेशर, कोलेस्ट्रॉल या थायरॉइड आदि समस्याएं बिना लक्षणों के बढ़ती रहती हैं। इनका पता तब तक नहीं चल पाता है, जब तक कि शरीर पर इसके कोई गंभीर दुष्प्रभाव न दिखने लगें। याद रखें समय रहते डॉक्टर के परामर्श से कुछ जांचें कराने से बीमारियों का पता पहले ही चल जाता है, जिसके परिणाम स्वरूप इलाज की प्रक्रिया समय रहते शुरू हो सकती है। साल में दो बार हेल्थ चेकअप कराने से शरीर के आंतरिक भागों की पूरी तस्वीर सामने आ सकती है। ब्लड टेस्ट, ब्लड प्रेशर, शुगर, लिपिड प्रोफाइल, लीवर और किडनी फंक्शन जैसे टेस्ट डॉक्टर के परामर्श से कराए जा सकते हैं।

**डायबिटीज से बचाव-प्रबंधन:** देश में 10 करोड़ से अधिक लोग मधुमेह (डायबिटीज) के रोगी हैं। डायबिटीज के मामले देशभर में तेजी से बढ़त पर हैं। आमतौर पर शुरुआत में यह बीमारी बिना किसी लक्षण के उभरती है। इस बीमारी का पता लगाने के लिए डॉक्टर के परामर्श से ब्लड शुगर टेस्ट कराए जा सकते हैं। वैसे इन दिनों ग्लूकोमीटर के जरिए घर पर ही आप ब्लड शुगर चेक कर सकते हैं। वहीं जिन लोगों को डायबिटीज की समस्या पहले से ही है। उन्हें हर तीन महीने में एचबी, 1सी टेस्ट कराने की सलाह दी जाती है। इस टेस्ट की मदद से पिछले 2-3 महीनों के औसत ब्लड शुगर का पता लगाया जा सकता है। टेस्ट की रिपोर्ट के आधार पर डॉक्टर से कंसल्ट कर सही खान-पान, वजन नियंत्रण और नियमित व्यायाम की मदद से डायबिटीज का प्रबंधन किया जा सकता है।




**लिपिड प्रोफाइल टेस्ट:** देश और दुनिया भर में सबसे ज्यादा मौतें हृदय रोगों से ही होती हैं। लिपिड प्रोफाइल टेस्ट से रक्त में कोलेस्ट्रॉल और ट्राइग्लिसराइड्स के स्तर का पता चलता है। मानक से बढ़ा हुआ कोलेस्ट्रॉल और ट्राइग्लिसराइड्स दिल की धमनियों में अवरोध (ब्लॉकेज) का कारण बनता है। यह स्थिति कालांतर में दिल के दौरे (हार्ट अटैक) का कारण बन सकती है। कोलेस्ट्रॉल और ट्राइग्लिसराइड्स की जांच से हृदय रोगों के खतरे का पता लगाया जा सकता है। कोलेस्ट्रॉल और ट्राइग्लिसराइड्स के बढ़े हुए स्तर को नियंत्रित करने के लिए डॉक्टर कुछ दवाएं और जीवनशैली में सकारात्मक बदलाव का परामर्श देते हैं ताकि दिल की समस्याओं के खतरे को कम कर उन्हें टाला जा सके। *

**प्रस्तुतिः विवेक शुक्ला**

आज वर्ष 2026 का पहला दिन है। निश्चित ही आपने इस वर्ष के लिए कई प्लानिंग्स की होंगी। वे सभी प्लानिंग तभी पूरी हो सकती हैं, जब आप पूरी तरह हेल्दी रहेंगे। इसलिए आज आपको अपनी सभी प्लानिंग्स के साथ ही हेल्थ को लेकर भी कुछ रेजोल्यूशंस करने होंगे। इन पर अमल करने से आप इस पूरे साल हेल्दी और एनर्जेटिक बने रहेंगे।

# न्यू ईयर पर लें हेल्थ रेजॉल्यूशंस पूरे साल रहेंगे हेल्दी-एनर्जेटिक






योगोपचार / दिव्यज्योति 'नंदन'

# रोज करें अनुलोम-विलोम विंटर ब्लूज से मिलेगी राहत

जाड़े के दिनों में धुंध, कोहरा और सूरज की कम रोशनी से सिर्फ बाहर की दृश्यता ही नहीं घटती, मन में भी सुस्ती, उदासी, बेचैनी और आलस्य बढ़ा देते हैं। ऐसे में शरीर को गर्म करने, फेफड़ों को सक्रिय रखने और मन में स्पष्टता लाने के लिए प्राणायाम बहुत कारगर है। इससे मानसिक स्पष्टता बढ़ती है, सोच में किसी तरह की उलझन नहीं रहती और ध्यान भटकता नहीं है। वास्तव में अनुलोम-विलोम, प्राणायाम, मानसिक धुंध को दूर करने का एक सरल, सुरक्षित और वैज्ञानिक रूप से प्रभावी उपाय है बशर्ते इसका सही उपयोग किया जाए।

**जरूरी है सही तरीका:** अनुलोम-विलोम करने से पहले की तैयारी बहुत जरूरी है, तभी सही तरीके से इसे किया जा सकता है। इसके लिए समय, स्थान और आसन जैसी छोटी-छोटी बातों का भी ध्यान रखना चाहिए। जहां तक समय की बात है तो इसे सुबह खाली पेट करना चाहिए। लेकिन अगर सुबह समय न मिले, तो दूसरा विकल्प यह है कि शाम को तब करें, जब दोपहर भोजन खाए हुए कम से कम 4 घंटे हो चुके हों। जहां तक इसे करने की उपयुक्त जगह का सवाल है तो ऐसी जगह पर करें, जो शांत, हवादार लेकिन ठंडी हवा से मुक्त जगह हो। जब मौसम में धुंध या सर्दी का प्रकोप हो, तब खुले में प्राणायाम न करें। जहां तक इसे करने के लिए आसन की बात है तो पद्मासन या सुखासन की स्थिति में करें या फिर कुर्सी पर सीधे बैठकर भी इसे कर सकते हैं बशर्ते इस बात का ध्यान रखें कि उस समय आपकी रीढ़ सीधी और कंधे ढीले हों। अनुलोम-विलोम प्राणायाम करने के पहले 1 मिनट आंख बंद करके पहले मन को शांत करें। जल्दबाजी या तनाव की स्थिति में यह प्राणायाम न कभी भी ना करें।



**करने की सही विधि:** इसे समझना सबसे जरूरी है। सबसे पहले दाएं हाथ की तर्जनी और मध्य अंगुली मोड़ लें। अंगूठे से दाएं नथुने को बंद करें। बाएं नथुने से धीरे-धीरे गहरी श्वास लें, इसके लिए एक से चार तक की गिनती गिनें। अब दोनों नथुने बंद करके 2 सेकेंड रोकें। हालांकि अगर शुरुआत कर रहे हैं तो रोकना जरूरी नहीं है। अब दाएं नथुने से धीरे श्वास छोड़ें और इस दौरान एक से 6 तक गिनती गिनें। अब दाएं नथुने से श्वास लें और इस दौरान एक से चार तक गिनती गिनें, फिर 2 सेकेंड के लिए श्वास रोकें और इसके बाद बाएं से श्वास छोड़ें, इस दौरान एक से 6 तक गिनती गिनें। इस तरह यह एक पूरा चक्र हुआ। *







## ख़बर संक्षेप

### झारखंड: न्यू ईयर के जश्न में हुड़दंगियों की खैर नहीं

रांची। झारखंड में नए साल के जश्न को लेकर प्रशासन ने सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत कर दिया है।



पिकनिक स्थलों पर पुलिस और सिविल ड्रेस में जवान तैनात किए गए हैं ताकि कोई अप्रिय घटना न हो। ड्रिंक एंड ड्राइव पर पूरी तरह पाबंदी है और ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। पर्यटकों को सेल्फी और वीडियो बनाते समय सावधानी बरतने की भी सलाह दी गई है।

### नए साल में विवि को मिलेगा नया रजिस्ट्रार

लखनऊ। राजा महेंद्र प्रताप सिंह विश्वविद्यालय (आरएमपीएसयू) को नए साल 2026 में नया



रजिस्ट्रार मिल जाएगा। नए रजिस्ट्रार प्रबुद्ध सिंह कल 1 जनवरी को चार्ज संभालेंगे। यहां कुलसचिव रहे वीके सिंह का तबादला देवरिया के लिए हो गया है। 31 दिसंबर को उन्हें विदाई दी गई। उन्हें कुलपति प्रो. नरेंद्र बहादुर सिंह, वित्त अधिकारी सुदर्शन, परीक्षा नियंत्रक धीरेंद्र कुमार व उप कुलसचिव पवन कुमार ने पुष्पगुच्छ भेंट किया।

### अफसर 70 लाख रुपए की घूस लेते गिरफ्तार

झांसी। सीबीआई ने झांसी में सेंट्रल गुड्स एंड सर्विसेज टैक्स (सीजीएसटी) की डिप्टी कमिश्नर




समेत पांच लोगों को घूसखोरी के आरोप में गिरफ्तार किया है। सीबीआई, लखनऊ की एंटी करप्शन ब्रांच की टीम ने मंगलवार को झांसी में डिप्टी कमिश्नर प्रभारी भंडारी और दो टैक्स अधीक्षकों को हार्डवेयर की दुकान चलाने वाले कारोबारी से 70 लाख रुपए की घूस लेते हुए दबोचा था, जिसके बाद एक अधिवक्ता और कारोबारी को भी गिरफ्तार कर सभी के ठिकानों पर छापे मारे।

---

शोभायात्रा में श्रद्धालुओं का जनसैलाब उमड़ पड़ा

# अयोध्या में राम मंदिर निर्माण की द्वितीय वर्षगांठ पर अछल्दा में निकली भव्य शोभायात्रा, भक्तों ने किया जमकर नृत्य

एजेंसी ▶▶ अयोध्या

अयोध्या में श्रीराम मंदिर निर्माण की द्वितीय वर्षगांठ के अवसर पर कस्बा अछल्दा में बुधवार को भव्य शोभायात्रा निकाली गई। रथों पर सजी आकर्षक झांकियों और डीजे की धुनों के बीच निकली शोभायात्रा में श्रद्धालुओं का जनसैलाब उमड़ पड़ा।

खासकर महिलाओं ने बढ़-चढ़कर भागीदारी करते हुए जमकर नृत्य किया। शोभायात्रा की शुरुआत कस्बा के हरीगंज बाजार स्थित प्राचीन हनुमान मंदिर से हुई। अयोध्या में इसी तिथि को भगवान श्रीराम की मूर्ति की प्राणप्रतिष्ठा हुई थी। उसी की स्मृति में द्वितीय वर्षगांठ पर शोभायात्रा निकाली गई।

**खास बातें**

- रथों पर सजी आकर्षक झांकियों और डीजे की धुनों पर नाचे भक्तगण
- महिलाओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया
- मंदिर में भंडारे का आयोजन किया गया



### श्रद्धालुओं ने पुष्पवर्षा कर शोभायात्रा का स्वागत किया

शोभायात्रा कस्बे के हनुमान मंदिर से निकलकर ब्लॉक चौराहा, फफूंद रोड, सराय बाजार, स्टेशन बाजार, नहर बाजार और नेविलगंज सहित अन्य प्रमुख मार्गों से होकर गुजरी। मार्ग में जगह-जगह श्रद्धालुओं ने पुष्पवर्षा कर शोभायात्रा का स्वागत किया। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए विभिन्न स्थानों पर स्टॉल लगाए गए, जहां मिष्ठान, भल्ला, राजमा-चावल, समोसा और गाजर का हलवा वितरित किया गया। नहर बाजार तिराहे पर पूड़ी-सब्जी का वितरण हुआ, जबकि गल्ला मंडी नेविलगंज स्थित श्रीराम मंदिर में भंडारे का आयोजन कर भक्तों को प्रसाद ग्रहण कराया गया। शोभायात्रा के दौरान सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद रही। सीओ विभूना पी, पुनीत मिश्र, थाना प्रभारी पंकज मिश्रा, एलआईयू के दीपक शर्मा, दीप सिंह, अमित कुमार सहित एनसीसी के छात्र और अन्य थानों का पुलिस बल तैनात रहा।

---

बिहार तक कनेक्टिविटी, पूर्वांचल के जिलों को होगा सीधा फायदा

2026 में कई विकास परियोजनाएं गति पकड़ेंगी

# नए साल में यूपी को मिलेगा नया ग्रीन फील्ड एक्सप्रेस-वे

बलिया में नए साल में विकास की कई परियोजनाएं गति पकड़ेंगी। ग्रीन फील्ड एक्सप्रेस-वे गाजीपुर से बलिया होते हुए बिहार तक कनेक्टिविटी बढ़ाएगा, जिससे पूर्वी यूपी और बिहार को रोजगार व तरक्की मिलेगी। जल जीवन मिशन के तहत 4.37 लाख परिवारों को शुद्ध पेयजल मिलेगा। सोनबरसा और जयप्रकाश नगर में 100 बेड के अस्पताल भी नए साल में पूरी तरह संचालित होने लगेंगे, जबकि अधूरी परियोजनाओं को पूरा करने की चुनौती रहेगी।

एजेंसी ▶▶ बलिया

प्रदेश के पूरब छोर पर स्थित जिलों में बदहाली, गरीबी व अति पिछड़ेपन का मुद्दा हर समय उठते रहता है। सड़क के मामले में यह क्षेत्र लंबे समय से उपेक्षित रहा है, लेकिन गाजीपुर से बलिया ही नहीं बिहार की सीमा तक बनने वाला नया ग्रीन फील्ड एक्सप्रेस-वे पूरब के जिलों के लिए तरक्की नया पथ होगा। इस एक्सप्रेस से न सिर्फ यूपी बल्कि बिहार के लोगों की कनेक्टिविटी भी ग्रीन फील्ड एक्सप्रेस-वे के माध्यम से पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे से हो जाएगी। रोजगार का नया मार्ग मिलेगा। देश की अर्थव्यवस्था में सिरमौर बनने के लिए यह एक्सप्रेस-वे वरदान साबित होगा। पूर्वी उत्तर प्रदेश को बिहार के छपरा-पटना एवं बक्सर से बेहतर कनेक्टिविटी होगी।

एनएच-29 पर हृदयपुर गांव के पास शुरू हो रही यह परियोजना छपरा-मांझी एनएच-19 को क्रास कर नया रिविलगंज बाईपास पर बिहार सीमा में जाकर समाप्त हो रही है। प्रोजेक्ट कारिडोर की कुल लंबाई 134.300 किमी है। परियोजना का बजट 5320 करोड़ रुपए है। परियोजना निदेशक एसके पाठक ने बताया कि साल के अंत तक परियोजना को पूर्ण कर दिया जाएगा।

**खास बातें**

- ग्रीन फील्ड एक्सप्रेस-वे से पूर्वी यूपी-बिहार को मिलेगी तरक्की
- जल जीवन मिशन से 4.37 लाख परिवारों को मिलेगा शुद्ध जल
- दो 100 बेड के अस्पताल नए साल में होंगे संचालित



### एक करोड़ से अधिक धनराशि की 113 परियोजनाएं भी होंगी पूर्ण

जनपद में एक करोड़ से ऊपर की 354 परियोजनाओं में 113 बड़ी परियोजनाएं वर्ष 2025 में पूर्ण नहीं हो सकी हैं। इसमें उत्तर प्रदेश प्रोजेक्ट्स कारपोरेशन लिमिटेड की 28 में चार अपूर्ण हैं। लोक निर्माण विभाग की 94 परियोजनाओं में 28 अधूरी पड़ी हैं। सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग की 57 में नौ अपूर्ण हैं। उत्तर प्रदेश जल निगम की छह बड़ी परियोजनाओं में पांच अपूर्ण हैं। उत्तर प्रदेश राजकीय निर्माण निगम की 13 परियोजनाओं में तीन अधूरी पड़ी हैं। उत्तर प्रदेश पर्यटन विकास निगम की 13 में आठ परियोजनाएं अधूरी पड़ी है। इस तरह से अन्य विभागों की परियोजनाएं भी अधूरी पड़ी हैं। सभी परियोजनाओं को पूर्ण करने की चुनौती नए वर्ष में होगी।

### 100 बेड के दो अस्पतालों में बढ़ेंगी सुविधाएं

बैरिया क्षेत्र के सोनबरसा में 100 बेड के संयुक्त राजकीय अस्पताल का भवन तैयार हो चुका है। निर्माण निगम की अवर अभियन्ता गोविंद कुमार का कहना है कि जल्द ही भवन हैंडओवर होगा।

### नए साल में 4.37 लाख परिवार को मिलेगा शोधित पानी

3335 करोड़ की लागत से जल जीवन मिशन के तहत जिले में 4.37 लाख परिवार को हर घर जल योजना से जोड़ने की कवायद चल रही है। इसके तहत गंगा और सरयू का शोधित पानी पिलाने की योजना पर काम चल रहा है। इसके तहत जिले में तीन वाटर ट्रीटमेंट प्लांट बनाए जा रहे हैं। गांवों में पाइप लाइन बिछाने का काम चल रहा है। इस परियोजना का शिलान्यास 21 जून को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जयप्रकाश नगर में किए थे। इस प्रोजेक्ट को तीन फेज में बांटा गया है। बेलहरी, हनुमानगंज और मनियर में प्रस्तावित डब्ल्यूटीपी 449 एमएलडी (मिलियन लीटर प्रतिदिन) पानी शोधित करेंगे। इन प्लांटों को पेयजल टंकियों से जोड़ा जा रहा है। जल निगम ग्रामीण के अधिशासी अभियंता ने बताया कि परियोजना का सभी स्थानों पर कार्य तेजी से चल रहा है।

---

सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल

# हजारीबाग सेंट्रल जेल से फरार हुए तीन कैदी




इस जेल को सबसे सुरक्षित जेलों में गिना जाता है। हैरान करने वाली बात यह है कि इसके बाद भी कैदी इस जेल से कैसे फरार हो गए?

एजेंसी ▶▶ रांची

झारखंड के हजारीबाग में स्थित लोकनायक जयप्रकाश नारायण केंद्रीय जेल से 3 कैदी फरार हो गए हैं। घटना की सूचना मिलते ही जेल प्रशासन, पुलिस और जिला प्रशासन में हड़कंप मच गया है। प्रशासन ने मामले की जांच शुरू कर दी है। हजारीबाग सेंट्रल जेल के अधीक्षक चंद्रशेखर सुमन ने घटना की पुष्टि की है। उन्होंने बताया कि तीनों कैदी झारखंड के धनबाद जिले के रहने वाले हैं। तीनों कैदी जेल की पांच स्तरीय सुरक्षा दीवार को भेदकर फरार हुए हैं।

हजारीबाग जेल में हुई इस घटना ने पूरी प्रशासनिक व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं क्योंकि इस जेल को हाई सिक्योरिटी के लिए जाना जाता है। इस जेल में कई हाई प्रोफाइल कैदी भी बंद हैं। लोकनायक जयप्रकाश नारायण केंद्रीय जेल में पांच स्तरीय सुरक्षा कवच है। कोई भी व्यक्ति जो जेल परिसर के अंदर जाता है, उसे पांच स्तर के सुरक्षा घेरे से गुजरना पड़ता है। जेल में आने वाले किसी भी शख्स को जांच के घेरे से गुजरना होता है। मीडिया को मिली जानकारी के मुताबिक, जेल के बाहरी हिस्से में मौजूद तारों की फेंसिंग टूटी हुई मिली है। बताया जा रहा है कि फेंसिंग कमजोर थी और इसका कैदियों ने फायदा उठाया। हाई सिक्योरिटी जेल के चारों ओर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था रहती है। ऐसे में सवाल यह है कि कैदी कैसे भाग निकले?

---

## पेज एक का शेष...

### अब थरथर कापेंगे...

रूप से विकसित ठोस प्रणोदक अर्ध-बैलिस्टिक मिसाइल है। जिसमें उच्च-भेदक क्षमता सुनिश्चित करने के लिए अत्याधुनिक मार्गदर्शन और नेविगेशन तकनीक का उपयोग किया गया है। प्रलय मिसाइल विभिन्न लक्ष्यों तक कई प्रकार की युद्धक सामग्री ले जाने में सक्षम है। रक्षा मंत्रालय ने एक बयान के जरिए यह जानकारी दी है। जिसमें बताया कि परीक्षण के दौरान डीआरडीओ, वायुसेना, सेना और अन्य साझेदारों के प्रतिनिधि मौजूद थे।

**रक्षा मंत्री के बधाई संदेश का सार:** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने बेहद कम अंतर पर किए गए मिसाइलों के सफल परीक्षण को लेकर डीआरडीओ, वायुसेना, सेना, रक्षा सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम और उद्योग जगत की सराहना की है। उन्होंने कहा कि प्रलय मिसाइल के 'साल्वो' परीक्षण ने इसकी विश्वसनीयता को स्थापित कर दिया है। रक्षा विशेषज्ञों की भाषा का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि 'साल्वो' परीक्षण का अर्थ होता है, एक साथ या बहुत कम अंतर पर कई हथियारों से हमला। वहीं, डीआरडीओ अध्यक्ष डॉ.समीर.वी.कामत ने भी संगठन की पूरी टीम को इस सफलता की बधाई देते हुए कहा कि ये उपलब्धि उपयोगकर्ताओं के लिए मिसाइल प्रणाली के शीघ्र शामिल होने की तैयारी का इशारा है।

### इन प्रयोगशालाओं...

अनुसंधान प्रयोगशाला, अनुसंधान-विकास प्रतिष्ठान (इंजीनियर) और एकीकृत परीक्षण रेंज) विकास सह उत्पादन साझेदारों और अन्य भारतीय उद्योगों के सहयोग से विकसित किया है। वहीं, परीक्षणों के लिए दोनों विकास सह-उत्पादन साझेदारों ने प्रणालियों को एकीकृत किया।

### पाकिस्तान के ...

के लिए चीन ने मध्यस्थता की थी। मामले में वह शांतिदूत बनकर उभरा है। वांग यी के इस बयान के सामने आते ही भारत ने बिना वक्त गंवाए चीन को कड़ी प्रतिक्रिया दी है। सरकार के सूत्रों ने कहा कि 7 से 10 मई तक भारत और पाकिस्तान के बीच चले सैन्य संघर्ष (ऑपरेशन सिंदूर) को रोकने की सबसे पहले पहल पाकिस्तान ने की थी, संघर्षविराम पूरी तरह से द्विपक्षीय था। दुनिया के किसी तीसरे देश या पक्ष की इसमें कभी कोई भूमिका नहीं रही है।

आतंकवाद को बर्दाश्त नहीं करेगा भारत: ऑपरेशन सिंदूर की कार्यवाही को रोकने के बाद प्रधानमंत्री की अध्यक्षता में हुई केंद्रीय मंत्रिमंडल की सुरक्षा मामलों की समिति (सीसीएस) की पहली उच्च-स्तरीय बैठक में भारत ने ये घोषणा की थी कि आतंकवाद के खिलाफ भारत शून्य सहिष्णुता (जीरो टॉलरेंस) की नीति को अपनाएगा। अगर भविष्य में पाकिस्तान की तरफ से पहलगाम जैसी या सीमा पार आतंकवाद की किसी अन्य घटना को अंजाम देने की कोशिश की तो उसे उसके लिए बेहद भयंकर परिणाम भुगतने पड़ेंगे।

### दुनिया का शांतिदूत...

भूमिका निभाते हुए दुनियाभर में शांति कायम की है। इस दौरान चीन ने समस्या के लक्षणों और उसकी जड़ में मौजूद कारणों को पहचानकर उनका निपटारा करने पर जोर दिया है।

### पीएम बता चुके...

पीएम मोदी ने अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रंप को यह स्पष्ट किया था कि मई में भारत और पाकिस्तान के बीच चार दिवसीय सैन्य संघर्ष को द्विपक्षीय आधार पर ही रोका गया है। अमेरिका और विश्व के किसी अन्य राष्ट्र ने इस मामले में कोई मध्यस्थता नहीं की है। प्रधानमंत्री ने ये भी कहा था कि भारत, पाकिस्तान के बीच किसी भी मुद्दे का समाधान द्विपक्षीय आधार पर ही किया जाएगा। भारत ने पाक के साथ अपने सभी द्विपक्षीय मामलों में न कभी पहले किसी अन्य देश के हस्तक्षेप को स्वीकार किया है और न ही भविष्य में ऐसा कुछ करेंगे।

### कुछ यूं संघर्षविराम...

हर वार को सेनाओं ने सटीकता से नष्ट कर दिया। जिसके बाद अंत में घबराकर उसने शर्मनाक हार को सामने देख भारत के सामने हाथ जोड़कर संघर्षविराम करने की गुहार लगाई और फिर दोनों देशों की थल-सेनाओं के सैन्य अभियान महानिदेशकों (डीजीएमओ) के बीच हॉटलाइन पर बातचीत हुई और 10 मई 2025 की शाम 5 बजे संघर्षविराम हुआ। जो आज भी सीमाओं पर जस का तस लागू है। भारत की तरफ से विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने संघर्षविराम की घोषणा की थी। 13 मई को विदेश मंत्रालय ने अपनी ब्रीफिंग में भी इस मुद्दे पर किसी की तरह की मध्यस्थता से साफ तौर पर इंकार किया था।

### प्रगति की 50वीं बैठक...

कहा कि इसे शिक्षा के क्षेत्र में राष्ट्रीय मानक के रूप में विकसित किया जाना चाहिए। उन्होंने वरिष्ठ अधिकारियों से आग्रह किया कि वे पीएमश्री स्कूलों के प्रदर्शन की नियमित निगरानी करें, ताकि छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित हो सके। बैठक के दौरान बताया गया कि अब तक प्रगति मंच पर 377 परियोजनाओं की समीक्षा की जा चुकी है और उनमें से लगभग 94 प्रतिशत मुद्दों का समाधान किया गया है। प्रधानमंत्री ने कहा कि यह मंच "टीम इंडिया" की भावना को मजबूत करता है और केंद्र-राज्य सहयोग से परियोजनाओं की लागत बढ़ने और देरी जैसी समस्याओं में कमी आई है। प्रधानमंत्री ने कहा कि प्रगति‹\@›50 न केवल एक उपलब्धि है, बल्कि यह विकसित भारत‹\@›2047 के लक्ष्य की दिशा में सरकार की प्रतिबद्धता को भी दर्शाता है। उन्होंने राज्यों से भी इस मॉडल को अपनाने और सुशासन को और मजबूत करने का आह्वान किया।

### बांग्लादेश में ...

पाकिस्तान के नेताओं की मुलाकात की जानकारी दी है। उधर, डॉ.जयशंकर की एक्स पोस्ट के मुताबिक, 'ढाका पहुंचने पर बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री खालिदा जिया के पुत्र और बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) के कार्यवाहक अध्यक्ष तारिक रहमान से मुलाकात की। उन्हें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का एक निजी पत्र (शोक) सौंपा गया। भारत सरकार और देश की जनता की ओर से गहरी संवेदना व्यक्त की गई। उन्होंने कहा कि हमने विश्वास जताया कि बेगम खालिदा जिया की दूरदृष्टि और मूल्य हमारी साझेदारी के विकास का मार्गदर्शन करेंगे'।

**यूनुस की पोस्ट का सार:** मोहम्मद यूनुस ने एक्स पोस्ट में बताया, पाकिस्तान की संसद के अध्यक्ष सरदार अयाज सादिक ने 31 दिसंबर को ढाका में पूर्व प्रधानमंत्री खालिदा जिया के अंतिम संस्कार कार्यक्रम में भाग लेने से ठीक पहले भारत के विदेश मंत्री डॉ. एस.जयशंकर से मुलाकात की और हाथ मिलाकर उनका अभिवादन किया। उन्होंने ही अपनी पोस्ट के साथ दोनों की मुलाकात की एक तस्वीर भी सोशल मीडिया पर साझा की है। जिसकी जनसंचार के इस माध्यम पर काफी चर्चा हो रही है। यहां बता दें कि ऑपरेशन सिंदूर के बाद ये पहला ऐसा मौका है जब भारत और पाकिस्तान के दो शीर्ष नेताओं के बीच इस अंदाज में मुलाकात हुई है। इससे पहले चीन के तियानजिन में हुए एससीओ देशों के राष्ट्राध्यक्षों के शिखर सम्मेलन के दौरान या उसके बाद ली गई ग्रुप फोटो में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ से हाथ मिलाना तो दूर उनकी तरफ देखा भी नहीं था। वहीं, वर्तमान में आतंकवाद को लेकर भारत की शून्य सहिष्णुता की नीति भी सख्ती के साथ बरकरार है।

**भारतीय खिलाड़ियों ने बनाई थी दूरी:** बताते चलें कि पूर्व में हुए एशिया कप मैच के दौरान भारतीय खिलाड़ियों ने भी पाकिस्तान के खिलाड़ियों से दूरी बनाते हुए उनसे हाथ नहीं मिलाया था। इस पर काफी विवाद भी हुआ था। लेकिन इसके बाद तो देश के खिलाड़ियों ने एसीसी के अध्यक्ष मोहसिन नकवी से ट्रॉफी लेने से भी साफ तौर पर इंकार कर दिया था। नकवी न केवल पाक क्रिकेट बोर्ड के अध्यक्ष हैं, बल्कि पाकिस्तान सरकार में मंत्री भी हैं।

**अंतिम संस्कार में जुटे 10 लाख लोग:** बेगम खालिदा जिया को शाम करीब पांच बजे संसद भवन परिसर स्थित जिया उद्यान में उनके पति और बांग्लादेश के पूर्व राष्ट्रपति जियाउर रहमान की कब्र के पास दफनाया गया। उनके जनाजे में शामिल होने के लिए बांग्लादेश के 10 लाख लोग जुटे थे। जिया का बीते मंगलवार को ढाका के एक निजी अस्पताल में 80 वर्ष की आयु की निधन हो गया था। उनके निधन पर बांग्लादेश की अंतरिम सरकार ने तीन दिन के राजकीय शोक का ऐलान किया है, इस दौरान समूचे बांग्लादेश में सरकारी इमारतों पर राष्ट्रीय ध्वज आधा झुका रहेगा। साथ ही सरकारी कार्यक्रमों पर रोक रहेगी। अंतिम संस्कार के कार्यक्रम में भारत के अलावा पाकिस्तान, नेपाल जैसे पड़ोसी देशों के वरिष्ठ नेता, शीर्ष डिप्लोमेट शामिल हुए। भारत की तरफ से रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह गुरुवार को नई दिल्ली में बांग्लादेश उच्चायोग में बेगम जिया को श्रद्धांजलि देने के लिए जाएंगे।

### सेरेंगेट्टी में शेर ऐसे...

पेड़ों की गैर मौजूदगी यहां जानवरों से आपकी मुलाकात कराने में खासी मददगार है। बिना खास मशक्कत के आपको वह तमाम जानवर पर्याप्त संख्या में स्वाभाविक स्वरूप में सहजता से ही दिख जायेंगे, जिनके आपने अभी तक नाम ही सुने हैं। लकड़बग्गा, मंगूश, सियार , इंपाला, बबून जैसे जानवर तो आपको सहजता से ही दिख जायेंगे लेकिन सचेत निगाहों से चारों ओर देखते रहने पर आपकी मुलाकात चीता और तेंदुआ से भी जरूर हो जायेगी। यह कथन अनुभव आधारित है, इसका सीधा आशय यह है कि हमारी भी हुई। सबसे अद्भुत रहता है माइग्रेशन अर्थात प्रवासन का दृश्य। हम महत्वपूर्ण मौकों पर परेड देखते हैं। जिसमें तीनों सेनाएं अर्थात थल, जल और वायुसेना के जवान कतारबद्ध हो अनुशासन में चलते हुए देखते हैं। कमोबेश वैसा ही दृश्य आपको सेरेंगेट्टी में कई स्थान पर देखने को मिलेगा। कुछ सौ मीटर से लेकर यह कतार कई किलोमीटर तक की हो सकती है। जिसमें स्व अनुशासन में सैकड़ों विल्डर बीस्ट, जेब्रा और कहीं कहीं गजेल भी सीधी कतार में चलते हुए दिखाई देंगे। प्रकृति का यह वाकई करिश्माई नियमन और संतुलन है। यहां शेर अर्थात सिंह से मुलाकात तो ऐसे हो जाती है जैसे गांव में गाय भैंस से। यह समूह में भी मिल सकते हैं और अकेले भी। एक स्थान पर तो एक साथ चौदह शेर भी देखने का मौका मिला। बाघ के स्वभाव के ठीक विपरीत शेर सामाजिक जीवन जीते हैं। बाघिन तो अपने बच्चों को उसके पिता से बचाने की कोशिश में ही लगी रहती है लेकिन सिंह अपने कुनबे के साथ मस्ती में रहता है। शिकार करने की जिम्मेदारी शेरनियों की ही रहती है, जरूरत होने पर ही शेर जहमत उठाते हैं। हां, शिकार होने पर भोजन करने का पहला अधिकार शेरों का होता है। उसके बाद शेरनी और शावक भोजन करते हैं। शेरों का उल्लेख इसलिए किया कि एक समूह में दो से चार तक शेर होते हैं। एक साथ इतने शेरों को खुले रूप से देखने का यह पहला अनुभव था। दो शेरनियों के संरक्षण में चार शावकों की उछलकूद को बमुश्किल कुछ फीट की दूरी से देख पाने के आनंद को शब्दों में व्यक्त करना आसान नहीं है। ऐसी ही अनुभूति जिराफ को देखने पर भी आती है। वह भी यहां अच्छी खासी तादाद में हैं। बेहद लंबी तनी गर्दन के साथ उनका अपनी पतली पतली टांगों के साथ चलते देखना भी मन को खासा रोमांचित करता है। इसकी दुलत्ती में बहुत ताकत होती है। इतनी कि शेर का जबड़ा भी तोड़ सकती है। यहां ऐसे विविध प्रकार के पक्षी भी बहुतायत में दिखेंगे, जिनके हमने नाम भी नहीं सुने हैं। शाम होने को है लिहाज वाहन अब कैंप की ओर रुख कर गया है। पार्क परिसर में ही कैंप स्थित हैं। इसका आशय है रहने के लिए अस्थाई प्रकार के आवास। यह टेंट हैं लेकिन कामचलाऊ वाले तंबू नहीं। तंजानिया भले ही अभी विकासशील देश की श्रेणी में हो लेकिन कैंप अंतरराष्ट्रीय गुणवत्ता के हैं। टाटा समूह के प्रति बहुत आदरभाव रखते हुए यह कहने में कोई गुरेज नहीं कि कान्हा, पेंच के ताज सफारी से कई गुना बेहतर यहां के कैंप हैं। पांच सितारा होटल में उपलब्ध तमाम सुविधायें यहां भी साफ सुथरे तरीके से उपलब्ध हैं। जंगल में स्थित हैं इसलिए जानवरों की आवा-जाही बनी रहती है। रात के अंधेरे में बगल से गुजरने वाले जानवरों की गुर्राहट कभ आपकी आंखों से नींद छीन ले, कहा नहीं जा सकता। अपने टेंट से अकेले दूसरी जगह जाने की मनाही रहती है। वाकी-टाकी से सूचित करने कैंप का स्टाफ आपको अपने साथ ही लेने छोड़ने जायेगा। आपको पसंदीदा खाना उपलब्ध कराने की ईमानदार कोशिश भी कैंप स्टाफ करेगा।

### मसाई मारा...

होना पड़ा। गुलामी के काल खंड में विदेशियों ने आकर यहां बेहिसाब शिकार किया और उसकी सजा विस्थापन के रूप में इस समुदाय को भुगतना पड़ रही है। मारा नदी केन्या और तंजानिया के बीच बहती है महा प्रवासन के दौरान नदी में मौजूद घड़ियालों के द्वारा विल्डर बीस्ट का शिकार देखने जुलाई से सितंबर के बीच हजारों सैलानी दुनियाभर से यहां आते हैं।

**UNIVERSITY BUSINESS SCHOOL**
**PANJAB UNIVERSITY, CHANDIGARH**
**ADMISSION NOTICE (2026-2027)**

Applications are invited for Admission to Two Year Full Time Management Programmes MBA, MBA (IB), MBA (HR), MBA (EP) and MBA(Business Data Analytics) for Academic Session 2026-27).

Candidates are required to visit the website https://ubsadmissions.puchd.ac.in for detailed instructions. The said website would remain open for online registration through online payment from 26.11.2025 to 28.01.2026. Hard copy of the application form along with necessary documents should reach the undersigned latest by 04:00 p.m. on 10.02.2026. Application received after due date shall not be entertained.

Note: Our Institution uses the CAT scores for short-listing/selecting the candidates for our Post-graduate Programme(s) in Management/ MBA. IIMs have no role either in the selection process or in the conduct of the programme.

Professor Parmjit Kaur, Chairperson

**हरियाणा लोक सेवा आयोग**
**बेज नं. 1-10, ब्लॉक-बी, सेक्टर-4, पंचकूला**

**सार्वजनिक सूचना/घोषणा**

हरियाणा लोक सेवा आयोग निम्नानुसार विवरण सहित निम्नलिखित पदों के लिए पात्र उम्मीदवारों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित करता है :-

| विज्ञा. सं. | पद का नाम | विभाग | पदों की संख्या | खुलने की तिथि | बंद होने की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 01/2026 | प्रबंधक (कार्मिक) (ग्रुप-ए) (सामान्य / अनारक्षित श्रेणी) | हरियाणा राज्य वेयरहाउसिंग कॉर्पोरेशन | 1 | 10.01.2026 | 09.02.2026 |
| 02/2026 | उप मंडल अभियंता (विद्युत) पंचायती राज | विकास और पंचायत विभाग, हरियाणा | 2 | 11.01.2026 | 10.02.2026 |
| 03/2026 | वरिष्ठ वैज्ञानिक अधिकारी - डीएनए (ग्रुप-बी) | फोरेंसिक साइंस लेबोरेटरी मधुबन, करनाल, हरियाणा | 1 | 12.01.2026 | 11.02.2026 |
| 04/2026 | सहायक अभियंता (सिविल) (ग्रुप-बी) | जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग, हरियाणा | 50 | 13.01.2026 | 12.02.2026 |
| 05/2026 | सहायक महाप्रबंधक (वित्त) | हरियाणा राज्य अवसंरचना एवं औद्योगिक विकास निगम (एचएसआईआईडीसी) | 03 | 15.01.2026 | 16.02.2026 |
| 06/2026 | वरिष्ठ प्रबंधक (वित्त) | | 02 | | |
| 07/2026 | प्रबंधक (पी एंड ए) | | 04 | | |
| 08/2026 | वरिष्ठ प्रबंधक (आईए) | | 04 | | |
| 09/2026 | प्रबंधक (आईए) | | 10 | | |
| 10/2026 | प्रबंधक (ए/सीएस) | | 08 | | |
| 11/2026 | प्रबंधक (कानूनी) | | 04 | | |
| 12/2026 | सहायक नगर योजनाकार (एटीपी) | | 03 | | |
| 13/2026 | वरिष्ठ प्रबंधक (संपदा) | | 03 | | |
| 14/2026 | प्रबंधक (संपदा) | | 03 | | |
| 15/2026 | कंपनी सचिव | | 01 | | |
| 16/2026 | सिस्टम एनालिस्ट/सीनियर प्रोग्रामर | | 01 | | |
| 17/2026 | जूनियर सिस्टम एनालिस्ट/प्रोग्रामर | | 04 | | |
| 18/2026 | लेक्चरर (वित्तीय प्रबंधन) | विकास एवं पंचायत विभाग, हरियाणा | 01 | 15.01.2026 | 16.02.2026 |
| 19/2026 | लेक्चरर (सूचना प्रौद्योगिकी) | | 01 | | |
| 20/2026 | वरिष्ठ वैज्ञानिक अधिकारी - सीन ऑफ क्राइम (ग्रुप-बी) | फोरेंसिक साइंस लेबोरेटरी मधुबन, करनाल, हरियाणा | 17 | 19.01.2026 | 18.02.2026 |
| 21/2026 | वेटरीनरी सर्जन | पशुपालन एवं डेयरी विभाग | 162 | 20.01.2026 | 19.02.2026 |

उम्मीदवारों को अधिक जानकारी के लिए आयोग वेबसाइट पर पधारने अथवा http://hpsc.gov.in को लॉगइन करने का परामर्श दिया जाता है।

दिनांक : 31.12.2025
हस्ता/- सचिव
संवाद-1156/13/370/2026/41618/88/7 दि. 31.12.25
हरियाणा लोक सेवा आयोग, पंचकूला

## चिंतन

# 2026 में भी सबसे तेज बढ़ती अर्थव्यवस्था बना रहेगा भारत

भारतीय अर्थव्यवस्था ने वर्ष 2025 में हर मोर्चे पर सफलता हासिल की और सबसे तेज गति से आगे बढ़ती रही। हाल ही में जापान को पछाड़कर भारत दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया। अब भारत से आगे सिर्फ जर्मनी, चीन और अमेरिका ही हैं। वहीं, दुनिया की बड़ी आर्थिक संस्थाओं ने भारत की जीडीपी की चमकीली तस्वीर दिखाई है। अगर इसी गति से भारत आगे बढ़ता रहा तो अगले ढाई से तीन साल में जर्मनी को पछाड़ देगा और दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा। बता दें कि साल 2025 भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए ऐतिहासिक साबित हुआ है। दूसरी तिमाही में जीडीपी ग्रोथ बढ़कर 8.2% रहा है। यह दिखाता है कि भारत हर क्षेत्र में आगे बढ़ रहा है। भारत ने महंगाई पर काबू पाया। वहीं, बेरोजगारी दर भी कम हुई। जीएसटी में छूट देने से लोगों के पास पैसा आया और भारतीय अर्थव्यवस्था ने नया मुकाम हासिल किया। तमाम रेटिंग एजेंसियों का मानना है कि 2026 में भी भारत जी-20 देशों में सबसे तेज गति से बढ़ती हुई अर्थव्यवस्था बना रहेगा। नवंबर में खुदरा महंगाई दर गिरकर 0.71% पर आ गई। वहीं, नवंबर में बेरोजगारी दर कम होकर 4.7% रह गई है, जो अप्रैल 2025 के बाद का सबसे निचला स्तर है। देश में ग्रोथ रेट ऊंची है और महंगाई बेहद कम, इसे 'गोल्डिलॉक्स पीरियड' कहा जाता है। एसएंडपी ग्लोबल रेटिंग्स के अनुसार, भारत की अर्थव्यवस्था 2025-26 में 6.5% और 2026-27 में 6.7% की रफ्तार से बढ़ेगी। यह वृद्धि घरेलू मांग, कर कटौती और ब्याज दरों में कमी से प्रेरित होगी। मूडीज ने भी भारत की अर्थव्यवस्था के लिए सकारात्मक अनुमान लगाया है। एजेंसी का अनुमान है कि 2026 में 6.5% की वृद्धि दर रहेगी। यह वृद्धि घरेलू मांग, निर्यात बाजारों में विविधीकरण और अनुकूल मौद्रिक नीति रुख से समर्थित होगी। मूडीज का अनुमान है कि भारत जी-20 अर्थव्यवस्थाओं में सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था बना रहेगा। फिच ने वित्त वर्ष 2026 के लिए 7.4% ग्रोथ का अनुमान जताया है। एडीबी ने भी भारत की अर्थव्यवस्था के लिए अपना अनुमान बढ़ाकर 7.2% कर दिया है, जो मजबूत मैन्युफैक्चरिंग, सर्विस सेक्टर और बढ़ते निवेश के कारण है। वहीं, विश्व बैंक का अनुमान है कि भारत की जीडीपी बढ़ोतरी 2026 में 6.5 फीसदी हो सकती है। बता दें कि भारत की जीडीपी का कुल वैल्यूएशन अब 4.18 ट्रिलियन डॉलर (करीब 350 लाख करोड़) हो गया है। जापान को पीछे छोड़ने के बाद अगले 2.5 से 3 साल में भारत जर्मनी को भी पीछे छोड़ देगा और साल 2030 तक 7.3 ट्रिलियन डॉलर (655 लाख करोड़) की इकोनॉमी के साथ दुनिया में तीसरे नंबर पर आ जाएगा। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने ग्रोथ ट्रेंड को देखते हुए पूरे साल के लिए इसका अनुमान 6.8% से बढ़ाकर 7.3% कर दिया है। आरबीआई के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने कहा कि कई अंतरराष्ट्रीय आर्थिक चुनौतियां होने के बाद भी भारतीय अर्थव्यवस्था मजबूती से आगे बढ़ रही है। आने वाले समय में भारतीय अर्थव्यवस्था तेजी से विकास करने को तैयार है। वहीं सरकार का कहना है कि भारत 2047 तक उच्च मध्यम-आय वाला देश बनने के लक्ष्य की ओर बढ़ रहा है। महंगाई अभी नियंत्रण में है और तय सीमा से नीचे है। बेरोजगारी धीरे-धीरे कम हो रही है और देश के निर्यात में लगातार सुधार हो रहा है।

# नववर्ष पर मानवता का संकल्प लें



समरसता
अरविंद जयतिलक

यह नया वर्ष निराशाओं के भंवर से पार पाने, भविष्य के नए सपने गढ़ने-बुनने और उसे आयाम देने की प्रेरणा व संकल्प की ताकत दे, ऐसी हम कामना करेंगे। यह संकल्प ही जीवन को उत्सवधर्मी और अपराजेय बनाता है। नई ऊंचाइयों को छूने और विफलताओं को विस्मृत करने की ऊर्जा देता है। राष्ट्र निर्माण में युवा ऊर्जा का उपयोग होना चाहिए न कि नकारात्मक कार्यों में। युवाओं को भी समझना होगा कि वे राष्ट्र की पूंजी हैं और उनका नकारात्मक इस्तेमाल न होने पाए। देश को बदलने, संवारने और सहेजने की सबसे बड़ी जिम्मेदारी युवाओं के कंधों पर है। आइए, हम इस नए वर्ष में भारत देश व समाज को एक समृद्ध, शक्ति संपन्न, समरस और महान राष्ट्र बनाने का संकल्प लें।

नए वर्ष की हार्दिक मंगलमय शुभकामनाओं के साथ आइए हम नववर्ष पर नव संकल्प लें कि राष्ट्र व समाज निर्माण की प्रगति का मार्ग प्रशस्त करेंगे। ऊर्जा और उल्लास के साथ चतुर्दिक खुशहाली, समृद्धि और समरसता का वातावरण रचेंगे। जन-जन के मन में शुभकामनाएं प्रस्फुटित हों, ऐसी कामना करेंगे। यह नया वर्ष निराशाओं के भंवर से पार पाने, भविष्य के नए सपने गढ़ने-बुनने और उसे आयाम देने की प्रेरणा व संकल्प की ताकत दे, ऐसी हम कामना करेंगे। यह संकल्प ही जीवन को उत्सवधर्मी और अपराजेय बनाता है। नई ऊंचाइयों को छूने और विफलताओं को विस्मृत करने की ऊर्जा देता है।

वैमनस्यता, कटुता, दुर्भावना और हीनता को पीछे धकेल सहजता, उदारता और नवीनता को आत्मसात कर आगे बढ़ने की ताकत देता है। चैतन्यता से भरपूर संकल्प ही स्वयं के जीवन को समुन्नत बनाने के साथ-साथ समाज व देश की भाषा, संस्कृति, विविधता, सर्वधर्म समभाव और लोकमान्यताओं को संवारने और सहेजने का आत्मबल देता है। आइए, हम समवेत प्रयास के जरिए आशान्वित हों कि यह नया साल भी उत्सवधर्मी भारतीय जनमानस को एक नया संकल्प, नई ऊंचाई और नया विचार देगा। कामना करें कि यह नया साल इन्हीं संकल्पों को पूरित करने का एक सात्विक क्षण बनें। इसी क्षण के संकल्पों के जरिए ही भारतीय समाज में व्याप्त सामाजिक-आर्थिक गैर बराबरी और धार्मिक-सांस्कृतिक टकराव को मिटाया जा सकता है। इसी क्षण में भारत राष्ट्र के सनातन मूल्यों को सहेजा जा सकता है। इसी क्षण में लोककल्याण के मार्ग के विघ्न-बाधाओं को दूर किया जा सकता है। बस संकल्पों को साधने और मूर्त रूप देने की जरूरत है। यह कार्य हम छोटे-छोटे प्रयासों के जरिए कर सकते हैं। बस अपने आसपास सकारात्मक विचारों को प्रसारित करने की जरूरत है। हमारे आसपास अभावग्रस्त लोगों की कमी नहीं है। हम चाहें तो इन्हें मदद पहुंचाकर और जागरूकता के जरिए नए साल का उपहार दे सकते हैं। इस समय भीषण ठंड है। ऐसे हजारों लोग हैं जिनके पास गरम कपड़े नहीं हैं। वे ठंड से ठिठुर रहे हैं। गौर करें तो हर वर्ष ठंड और भूख से हजारों लोग मरते हैं। हम इन्हें कपड़े और भोजन उपलब्ध कराकर उनकी सुरक्षा और सेवा का व्रत ले सकते हैं। सेवा परमोधर्म है। इसी सेवा भाव से हम स्कूल जाने वाले गरीब बच्चों की मदद कर सकते हैं। उन्हें स्वेटर, गर्म कपड़े और जूते-मोजे और पाठ्य-पुस्तकें देकर उनकी चुनौतियों को कम कर सकते हैं। कई छोटे-बड़े स्वयंसेवी संगठन इस पुनीत कार्य में जुटे हैं। अगर यहीं कार्य हर संपन्न व्यक्ति के स्तर से हो तो समाज के अभावग्रस्त लोगों की जरूरतों को आसानी से पूरा किया जा सकता है। अगर ऐसा हो तो समाज में एक सकारात्मक संदेश जाएगा। यह सकारात्मक संदेश रूपी ऊर्जा ही किसी राष्ट्र को दुनिया के अग्रिम देशों की कतार में खड़ा करती है। उसके सामाजिक ताने-बाने को मजबूत करती है। अंतिम हाशिए पर खड़े-पड़े अभावग्रस्त लोगों के होठों पर मुस्कान व मिठास बिखेरती है। अच्छी बात है कि केंद्र व राज्य सरकारें गरीबों और जरूरतमंदों के कल्याण के लिए कई लाभकारी योजनाएं चला रही हैं। बढ़ती आबादी की चुनौतियों को देखते हुए यह पर्याप्त नहीं है। बढ़ती जनसंख्या से निपटने के लिए जन-जन की भागीदारी और सहभागिता बेहद आवश्यक है। हम हर वर्ष



लाखों टन भोजन बर्बाद बर्बाद कर देते हैं। घर में बचे भोजन को इधर-उधर फेंक देते हैं। अगर हम इसी भोजन को जरूरतमंदों तक पहुंचा दें तो उनका भला हो सकता है। वैसे भी भारत की सनातन संस्कृति और मूल्य-विचार मिलजुलकर रहने और मिल-बांटकर खाने की प्रेरणा देती हैं। हमें उन आजमाए मूल्यों पर आगे बढ़ना चाहिए। हमारे आसपास हजारों ऐसे लोग हैं जो बीमार और अस्वस्थ हैं। उनके पास धन का अभाव और जागरूकता की कमी है। हम चाहें तो उन्हें आसानी से सहयोग कर अस्पताल पहुंचा सकते हैं।

विचार करें तो इस कार्य में देश के लाखों चिकित्सक अहम भूमिका निभा सकते हैं। वे अपने आसपास रहने वाले गरीब लोगों का निःशुल्क इलाज व दवा प्रदान कर उनकी सेवा कर सकते हैं। चिकित्सकों को दूजा भगवान की संज्ञा दी गई है। लिहाजा उन्हें भगवान जैसा आदर्श विचार का संकल्प लेना चाहिए। इसी तरह देश के वकील, नौकरशाह, सरकारी कर्मचारी और उद्योगपति भी देश को संवारने में अपना सकारात्मक योगदान दे सकते हैं। देश प्रदूषण की समस्या से कराह रहा है। हर वर्ष लाखों लोग प्रदूषण से जान गंवा रहे हैं। उनकी उम्र कम हो रही है। इस प्रदूषण के लिए कहीं न कहीं हम खुद जिम्मेदार हैं। आइए हमलोग संकल्प लें कि इस वर्ष प्रदूषण न कर पर्यावरण की रक्षा करेंगे। प्रदूषण की तरह गंदगी भी एक भीषण समस्या है। गंदगी के कारण विभिन्न किस्म के रोग उत्पन्न होते हैं। इन रोगों से निपटने के लिए सरकार हर वर्ष हजारों करोड़ रुपये खर्च करती हैं। गंदगी मिटाने के लिए देश में स्वच्छता कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। हमलोग नए साल में समूहबद्ध होकर अपने आसपास की गंदगी को साफ करने और वातावरण को स्वच्छ बनाने का संकल्प ले सकते हैं। अगर ऐसा करते हैं तो बीमारियो पर खर्च होने वाली राशि को शिक्षा-स्वास्थ्य जैसे महत्वपूर्ण मदों में खर्च किया जा सकता है। देश में नशाखोरी भी एक भयावह समस्या है। बिडंबना है कि युवाओं में नशाखोरी की प्रवृत्ति कम होने के बजाए बढ़ रही है। विगत दशकों में हर छोटे-बड़े समारोहों में शराब सेवन का प्रचलन बढ़ा है। इससे युवाओं का स्वास्थ्य बिगड़ रहा है। साथ ही घर-परिवार का माहौल भी दूषित हो रहा है। शराब सेवन के कारण समाज में अपराध और बलात्कार जैसी बुराइयां बढ़ रही हैं। युवाओं में धूम्रपान की प्रवृत्ति बढ़ी हैं। कहा जाता है कि एक स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मन का निवास होता है। इस वर्ष युवाओं को संकल्प लेना होगा कि वह शराबखोरी और धूम्रपान का परित्याग करेंगे। गांधी जी ने नशामुक्त भारत का सपना देखा था। उस सपने को देश के युवाओं को पूरा करना चाहिए। भारत एक विविधतापूर्ण बहुधर्मी व संस्कृति संपन्न देश है। जब देश में धार्मिक-सांस्कृतिक टकराव होते हैं तो देश की एकता और अखंडता को चोट पहुंचती है। हिंसा से हजारों लोगों की जान जाती है। हजारों करोड़ की संपत्ति का सर्वनाश होता है।

दुर्भाग्यपूर्ण यह कि इन हिंसात्मक घटनाओं को अंजाम देने के लिए युवाओं का इस्तेमाल होता है। अभी गत वर्ष ही देश में कुछ नीतिगत मसलों पर व्यापक स्तर पर हिंसा और उपद्रव देखने को मिला। इस उपद्रव में बड़े पैमाने पर युवा चेहरे शामिल देखे गए। यह ठीक नहीं है। राष्ट्र निर्माण में युवा ऊर्जा का उपयोग होना चाहिए न कि नकारात्मक कार्यों में। युवाओं को भी समझना होगा कि वे राष्ट्र की पूंजी है और उनका नकारात्मक इस्तेमाल न होने पाए। सच तो यह है कि युवा वर्ग ही देश में बदलाव का सबसे बड़ा संवाहक है। देश को बदलने, संवारने और सहेजने की सबसे बड़ी जिम्मेदारी युवाओं के कंधों पर है। आइए, हम इस नए वर्ष में भारत देश व समाज को एक समृद्ध, शक्ति संपन्न, समरस और महान राष्ट्र बनाने का संकल्प लें।

(लेखक वरिष्ठ स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

## मंथन

ममता कुशवाहा



# नववर्ष : शिक्षा, कौशल और आत्मनिर्माण का समय

अंग्रेजी कैलेंडर में 1 जनवरी के साथ ही नए साल की शुरुआत हो जाती है। यह पश्चिमी उत्सव अन्य लोगों के साथ-साथ विद्यार्थियों के जीवन में भी कुछ नया संकल्प देने का काम करता है। विद्यार्थियों के लिए नववर्ष का महत्व और भी बढ़ जाता है, क्योंकि यही वह समय होता है जब उनके सपने आकार लेने लगते हैं और भविष्य की दिशा तय होने लगती है। बीता हुआ वर्ष अपने साथ अनुभवों की एक गठरी छोड़कर विदा होता है, कुछ अनुभव सफलता के होते हैं, जो आत्मविश्वास को मजबूत करते हैं, तो कुछ असफलताओं के होते हैं, जो जीवन की महत्वपूर्ण सीख बन जाते हैं। ऐसे में नववर्ष विद्यार्थियों के लिए आत्मचिंतन, संकल्प और आत्मविकास की राह पर आगे बढ़ने का संदेश लेकर आता है। यदि नववर्ष की शुरुआत शिक्षा, कौशल और सकारात्मक सोच के समन्वय से की जाए, तो यह केवल एक नया साल नहीं, बल्कि उज्ज्वल भविष्य की सशक्त नींव बन सकता है। नववर्ष का सबसे पहला और सबसे महत्वपूर्ण पक्ष आत्मचिंतन है। आज के समय में विद्यार्थी पाठ्यक्रम पूरा करने, परीक्षाओं की तैयारी और अंकों की होड़ में इतने व्यस्त हो जाते हैं कि वे स्वयं से संवाद करना ही भूल जाते हैं। नववर्ष उन्हें यह अवसर देता है कि वे कुछ क्षण ठहरकर अपने बीते वर्ष पर शांत मन से विचार करें। उन्होंने पूरे वर्ष में क्या सीखा, कहाँ वे सफल रहे, कहाँ उनसे चूक हुई, किन विषयों में उनकी रुचि बढ़ी और किन क्षेत्रों में उन्हें और अधिक परिश्रम करने की आवश्यकता है, इन सभी प्रश्नों पर विचार करना आत्मविकास की दिशा में पहला कदम है। आत्मचिंतन से विद्यार्थी अपनी कमजोरियों को स्वीकार करना और अपनी क्षमताओं को पहचानना सीखते हैं, जिससे उनका आगे का सफर अधिक स्पष्ट और सार्थक बनता है। नववर्ष विद्यार्थियों को यह समझने का अवसर देता है कि शिक्षा केवल पुस्तकों तक सीमित नहीं है। शिक्षा एक ऐसी प्रक्रिया है, जिसमें सोचने, समझने, प्रश्न करने और समाधान खोजने की क्षमता विकसित होती है। विद्यार्थी जीवन में लक्ष्य का होना अत्यंत आवश्यक है। बिना लक्ष्य के जीवन दिशाहीन हो जाता है। नववर्ष को लक्ष्य निर्धारण का सबसे उपयुक्त समय माना जाता है, क्योंकि यह नई शुरुआत का प्रतीक है। इस समय यदि विद्यार्थी अपने लक्ष्य स्पष्ट और यथार्थवादी ढंग से तय करें, तो वे भटकाव से बच सकते हैं। लक्ष्य केवल अच्छे अंक लाने या किसी प्रतिष्ठित संस्थान में प्रवेश पाने तक सीमित नहीं होने चाहिए। इनमें ज्ञान अर्जन, कौशल विकास, अच्छे चरित्र का निर्माण और स्वस्थ जीवनशैली भी शामिल होनी चाहिए। नववर्ष यह सिखाता है कि लक्ष्य जितने स्पष्ट होंगे, प्रयास उतने ही केंद्रित होंगे और परिणाम उतने ही संतोषजनक प्राप्त होंगे। आज का युग केवल डिग्री हासिल करने का नहीं, बल्कि कौशल विकसित करने का है। नववर्ष विद्यार्थियों को यह समझने का अवसर देता है कि बदलती दुनिया में वही व्यक्ति आगे बढ़ेगा, जो नए कौशल सीखने के लिए सदैव तत्पर रहेगा। संचार कौशल, समस्या समाधान की क्षमता, रचनात्मक सोच, टीम वर्क और डिजिटल साक्षरता जैसे कौशल आज के समय में अत्यंत आवश्यक हो चुके हैं। नववर्ष विद्यार्थियों को प्रेरित करता है कि वे अपनी रुचि और योग्यता के अनुसार नए-नए कौशल सीखें, ताकि वे केवल परीक्षा में ही नहीं, बल्कि जीवन की वास्तविक चुनौतियों में भी सफल हो सकें। विद्यार्थियों के जीवन में समय सबसे बहुमूल्य संसाधन होता है, किंतु वे अक्सर इसका महत्व नहीं समझ पाते और समय व्यर्थ कर देते हैं। नववर्ष समय प्रबंधन की अच्छी आदतें विकसित करने का श्रेष्ठ अवसर है। जब विद्यार्थी अपनी दिनचर्या की सही योजना बनाते हैं और पढ़ाई, विश्राम तथा मनोरंजन के बीच संतुलन बनाए रखते हैं, तब वे मानसिक तनाव से बचे रहते हैं। समय का सही उपयोग न केवल शैक्षणिक सफलता दिलाता है, बल्कि आत्मविश्वास को भी बढ़ाता है। नववर्ष यह संकल्प लेने का समय है कि समय को अपना मित्र बनाया जाए, न कि शत्रु। शिक्षा और कौशल के साथ-साथ मानसिक और भावनात्मक विकास भी उतना ही महत्वपूर्ण है।

नववर्ष केवल उत्सव मनाने का अवसर नहीं है, बल्कि यह एक संकल्प है- स्वयं को बेहतर बनाने का, शिक्षा को जीवन से जोड़ने का और कौशल के माध्यम से भविष्य को सशक्त बनाने का।नववर्ष यह याद दिलाता है कि वास्तविक परिवर्तन बाहर से नहीं, बल्कि भीतर से शुरू होता है। जब विद्यार्थी शिक्षा, कौशल और सकारात्मक सोच के साथ नववर्ष का स्वागत करते हैं, तब यह केवल एक तारीख नहीं रह जाता, बल्कि उज्ज्वल भविष्य की सशक्त शुरुआत बन जाता है।

(लेखिका शिक्षिका हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)


## सर्प पर्यावरण को संतुलित रखते हैं



संकलित
**दर्शन**

सामान्यतया सर्प अपनी भयंकरता के लिए जाने जाते हैं। पर दो बड़े देवता उन्हें अंगीकार किए हुए हैं। एक तो संसार के पालक विष्णु जी, जो उन्हें अपनी शय्या बनाए हुए हैं और दूसरे देवों के देव भगवान शंकर, जो उन्हें हारतुल्य कंठ में डाले हुए हैं। फिर वे पूज्य क्यों न माने जाएं? सर्प पर्यावरण को संतुलित रखते हैं। कृषि के शत्रु और मानवता के क्षतिकारक चूहों व कीट आदि का भक्षण करते रहते हैं और विष को आत्मसात करते हैं। दंश वे तभी देते हैं, जब दब-कुचल जाएं या उन्हें ऐसा कोई भ्रम हो जाए। वे अनेक औषधियों के निर्माण में भी सहायक होते हैं। सर्पों की अनेक प्रजातियां विषहीन भी होती हैं। शास्त्रों के अनुसार, वे शेषनाग के रूप में पृथ्वी को धारण करते हैं और वासुकि के रूप में कष्ट उठाकर समुद्र मंथन में रज्जु का काम करते हैं। रावण जैसे राक्षसों के संहार में शेषावतार लक्ष्मण रूप से श्रीराम की सहायता करते हैं। वराह पुराण के अध्याय 24 में एक कथा आई है। सर्पगण कश्यप ऋषि व उनकी पत्नी कद्रू की संतान हैं। उनसे अनंत, वासुकि, कंबल, कर्कोटक, पद्म, महापद्म, शंख, कुलिक, पापराजिल आदि सर्प हुए। ये गरुड़ के सौतेले भाई हैं, जो ऋषि की अन्य पत्नी विनता से जन्मे। जब ये मानवता को कष्ट देने लगे, तो ब्रह्मा जी ने वासुकि आदि को बुलवा कर डांटा और अभिशप्त किया। सर्पों द्वारा अनुनय-विनय करने पर उन्हें रहने के स्थान सीमित किए और काटने की भी सीमा रेखाएं खींची। यह सारा वृत्तांत पंचमी तिथि को हुआ। मान्यता है कि इस दिन उनकी पूजा-अर्चना से मानव को सर्प भय से मुक्ति मिल जाती है।

## अहंकारी व्यक्ति ही समस्याओं का कारण



संकलित
**प्रेरणा**

एक बार नारद मुनि ने कामदेव को पराजित कर दिया तो इस बात का घमंड हो गया। इसके बाद नारद जी जहां जाते, वहां अपनी तारीफ करने लगते। ऐसे ही एक दिन वे शिव जी के पास पहुंच गए। नारद जी ने शिव जी के सामने अपनी प्रशंसा करना शुरू कर दी। शिव जी नारद मुनि की बातें सुनकर समझ गए कि इन्हें अहंकार हो गया है। शिव जी से विदा लेकर नारद मुनि विष्णु जी के पास पहुंच गए और विष्णु जी के सामने अपनी तारीफ करनी शुरू कर दी। विष्णु जी के सामने नारद मुनि ने अहंकार दिखाया तो विष्णु जी ने तय किया कि नारद जी भक्त हैं और इनका घमंड करना सही नहीं है। इसके बाद विष्णु जी ने अपनी माया रची। नारद मुनि विष्णु जी के यहां लौट रहे थे तो उन्हें रास्ते में एक सुंदर राज्य दिखा। वे उस राज्य में पहुंचे तो वहां देखा कि एक राजकुमारी का स्वयंवर हो रहा है। राजकुमारी बहुत सुंदर थी। उसे देखकर नारद ही मोहित हो गए और तुरंत ही विष्णु जी के पास पहुंच गए। नारद मुनि ने विष्णु जी से कहा कि आप मुझे सुंदर रूप दे दीजिए। ताकि मैं उस स्वयंवर राजकुमारी से विवाह कर सकूं। इसके बाद नारद मुनि उस स्वयंवर में पहुंच गए। विष्णु जी ने नारद मुनि को बंदर का मुख दे दिया था। स्वयंवर में नारद पहुंचे तो वहां बंदर जैसे मुख की वजह से उनका बहुत अपमान हुआ। गुस्से में नारद मुनि ने विष्णु जी को शाप दे दिया, लेकिन जब उनका मन शांत हुआ तो उन्हें पूरी बात समझ आ गई। जब नारद का घमंड टूटा तो उन्होंने भगवान से क्षमा मांगी।

## सर्दियों की एक सुबह



प्रयागराज में बुधवार 2025 को सर्दियों की एक सुबह घने कोहरे के बीच ग्राहकों को फूलों की माला दिखाता एक विक्रेता।

## आज की पाती

### प्रधानमंत्री की दवाओं को लेकर नेक सलाह

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस बार के रेडियो प्रोग्राम 'मन की बात' में विभिन्न मुद्दों पर बात की, लेकिन उन्होंने हमें दवाइयों के प्रयोग को लेकर जो सलाह दी वो बहुत ही अच्छी है। उन्होंने कहा कि किसी को भी एंटीबायोटिक दवाओं का प्रयोग बिना डॉक्टर की सलाह के नहीं करना चाहिए। हमें इस पर जरूर अमल गंभीरता से करना चाहिए, ताकि दवाइयों का प्रयोग हमें स्वस्थ करे, न कि और बीमार करे। एंटीबायोटिक का अत्यधिक इस्तेमाल जिंदगी को खतरा भी है। दुनिया के दूसरे देशों में देशी इलाज के साधन नहीं है, इसलिए वहां तो एंटीबायोटिक का अत्यधिक और अनावश्यक प्रयोग होना स्वाभाविक है, लेकिन अफसोस यह है कि भारत में भी कई बार डाक्टरों की सलाह नहीं ली जाती है।

– *साकेत वर्मा, रायगढ़*

## ट्रेंड

### रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा



अयोध्या की पावन धरा पर रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा की द्वितीय वर्षगांठ हमारी आस्था और संस्कारों का एक दिव्य उत्सव है। इस पावन अवसर पर सभी रामभक्तों की ओर से प्रभु श्री राम के चरणों में मेरा कोटि-कोटि नमन और वंदन! समस्त देशवासियों को मेरी अनंत शुभकामनाएं।

**- नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री**

### राष्ट्र सेवा में अग्रसर



जिसने राम, रामराज्य और अयोध्या–अवध के विकास का साथ दिया, वे आज प्रभु की कृपा से राष्ट्र सेवा में अग्रसर हैं। जिन्होंने संतों, वैरागियों और नागा साधुओं पर गोलियाँ चलवाईं तथा त्याग और तपस्या को कुचलने का पाप किया, उनकी स्थिति भी आज पूरी दुनिया देख रही है।

**- राजनाथ सिंह, रक्षा मंत्री**

### वंदे भारत स्लीपर



रेल सुरक्षा आयुक्त ने वंदे भारत स्लीपर का परीक्षण किया। यह कोटा-नागदा खंड पर 180 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से चली। हमारे स्वयं के जल परीक्षण ने इस ट्रेन की तकनीकी विशेषताओं को प्रदर्शित किया।

**- अश्विनी वैष्णव, केंद्रीय रेल मंत्री**

### प्रेरणा स्थल का खाना



भाजपा सरकार इसका जवाब दे कि प्रेरणा स्थल पर जो खाना बाँटा गया था वो इतना खराब क्यों था कि सुबह से भूखे लोगों ने बिना खाए ही फेंक दिया, बाद में जिसे खाकर 150 भेड़ों की मौत हो गयी। ये एक संगीन मामला है। इसकी जाँच हो।

**- अखिलेश यादव, सांसद, सपा**

## करंट अफेयर

# पाक 2026 में पांचवां सबसे अधिक आबादी वाला देश होगा



पाकिस्तान 2026 में दुनिया का पांचवां सबसे अधिक आबादी वाला देश बन जाएगा, जिसकी आबादी 22 .5 करोड़ से अधिक होगी। ऐसे में संयुक्त राष्ट्र जनसंख्या कोष ने जनसंख्या प्रबंधन के लिए एक रणनीतिक, अधिकार–आधारित दृष्टिकोण की आवश्यकता पर बल दिया है। संयुक्त राष्ट्र जनसंख्या कोष ने उच्च जनसंख्या वृद्धि और प्रजनन दर, सतत लैंगिक असमानता और बढ़ती जलवायु संवेदनशीलता को संबोधित करने की तत्काल आवश्यकता पर जोर देते हुए कहा कि ये वास्तविकताएं जनसंख्या को बोझ के रूप में नहीं बल्कि सतत और समावेशी विकास के एक रणनीतिक चालक के रूप में देखने की आवश्यकता को रेखांकित करती हैं। यूएनएफपीए ने उच्च जनसंख्या वृद्धि और प्रजनन दर, लगातार जारी लैंगिक असमानता और बढ़ती जलवायु संवेदनशीलता को संबोधित करने की तत्काल आवश्यकता पर ध्यान आकर्षित किया। उसने कहा कि ये वास्तविकताएं इस बात को रेखांकित करती हैं कि जनसंख्या को बोझ के रूप में नहीं बल्कि सतत और समावेशी विकास के लिए अहम मानना चाहिए। यूएनएफपीए ने 2026 को ध्यान में रखते हुए राष्ट्रीय योजना और वित्तीय प्रावधानों, विशेष रूप से राष्ट्रीय वित्त आयोग फॉर्मूला में जनसंख्या को प्रतिबिंबित करने के तरीके में बदलाव की आवश्यकता पर जोर दिया।

## ऑफ बीट

# बीयर का कानून पर असर और कानून का बीयर पर



कानून बीयर को प्रभावित करता है और बीयर कानून को। दोनों के बीच का संबंध जितना माना जाता है, उससे कहीं अधिक गहरा है। हाल ही में प्रकाशित पुस्तक 'बीयर लॉ' में इस आपसी रिश्ते को रेखांकित किया गया है। गर्मियों की छुट्टियों में ठंडी बीयर का आनंद लेते समय, इन पहलुओं पर भी गौर किया जा सकता है। आम तौर पर माना जाता है कि मानव समाज शिकारी–संग्रहकर्ता जीवन से खेती और स्थायी बसावट की ओर इसलिए बढ़ा ताकि अनाज से रोटी और दलिया बनाया जा सके। लेकिन आधुनिक विज्ञान संकेत देता है कि शुरुआती दौर में फसलें भरोसेमंद खाद्य स्रोत नहीं थीं। माना जा रहा है कि शराब, विशेषकर बीयर के एक प्रारूप के उत्पादन के लिए ही हमारे पूर्वज किसान बने। ऐसे में कहा जा सकता है कि मानव सभ्यता के विकास में बीयर ने अहम भूमिका निभाई। कभी बेहद सख्त थे बीयर से जुड़े कानून कम से कम 13,000 वर्षों से बीयर बनाई जा रही है और बीयर कानून भी उतना ही पुराना विषय है। लगभग 4,000 वर्ष पहले, 1755–1751 ईसा पूर्व के बेबीलोनियन हम्मूराबी संहिता में बीयर परोसने के नियम थे। उदाहरण के तौर पर, यदि कोई बीयर विक्रेता उसमें पानी मिलाता पाया जाता, तो उसे डुबोकर मारने का प्रावधान था।

## अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

# मानसून से पहले सभी ड्रेनों की सफाई हो, यमुना में न जाए गंदा पानी: नायब

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने मानसून से पूर्व प्रदेश में जलभराव व बाढ़ की संभावित स्थिति से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि सभी ड्रेनों की समय रहते सफाई सुनिश्चित की जाए। यदि किसी परियोजना में देरी या लापरवाही पाई जाती है, तो संबंधित अधिकारी के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। मुख्यमंत्री ने जिला उपायुक्तों को निर्देश दिए कि वे बाढ़ नियंत्रण से जुड़ी सभी परियोजनाओं की नियमित मॉनिटरिंग करें। मुख्यमंत्री बुधवार को हरियाणा राज्य सूखा राहत एवं बाढ़ नियंत्रण बोर्ड की 57वीं बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। बैठक में 637.25 करोड़ रुपये की 388 बाढ़ नियंत्रण योजनाओं को मंजूरी दी गई, जिनमें जिला उपायुक्तों द्वारा प्रस्तावित की गई 102 करोड़ रुपए की 59 योजनाएं भी शामिल हैं। बैठक में कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा भी उपस्थित रहे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2023 तथा उसके बाद वर्ष 2025 में प्रदेश में जलभराव व बाढ़ की गंभीर घटनाएं सामने आई हैं। इनसे सबक लेते हुए अभी से बाढ़ राहत कार्यों की ठोस योजना तैयार कर ड्रेनों की सफाई सुनिश्चित की जाए। उन्होंने जिला उपायुक्तों को निर्देश दिए कि जहां भी किसी प्रकार की समस्या हो, वहां तत्काल आवश्यक कार्य करवाएं, क्योंकि अभी पर्याप्त समय उपलब्ध है।

### खास बातें

- बाढ़ नियंत्रण के लिए 637 .25 करोड़ रुपये की 388 योजनाओं को मंजूरी
- नदियों के तटबंध होंगे और मजबूत, भूमि कटाव रोकने के लिए यूपी की तर्ज पर बनेंगे स्टोन स्टड
- बाढ़ नियंत्रण से जुड़ी सभी परियोजनाओं की नियमित मॉनिटरिंग करें जिला उपायुक्त

### किसी भी स्थिति में यमुना में न जाए गंदा पानी

मुख्यमंत्री ने यमुना नदी में सीवेज व नालों का प्रदूषित पानी गिरने पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि किसी भी ड्रेन से यमुना में पानी केवल ट्रीटमेंट के बाद ही छोड़ा जाए। इसके लिए सभी आउटफॉल प्वाइंट्स को चिन्हित कर सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट एवं सामान्य अपशिष्ट उपचार संयंत्र के निर्माण कार्य में तेजी लाई जाए, ताकि अनट्रीटेड पानी यमुना में न जा सके। इसके साथ ही मुख्यमंत्री ने भिवानी-घग्गर ड्रेन की क्षमता बढ़ाने के कार्य को भी शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री ने बाढ़ राहत से संबंधित उन योजनाओं की भी विस्तृत समीक्षा की, जो समय पर पूरी नहीं हो सकीं। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि इन योजनाओं को शीघ्र पूरा किया जाए तथा जनवरी माह के अंत तक सभी योजनाओं के टेंडर अनिवार्य रूप से लगा दिए जाएं। उन्होंने बताया कि इस विषय पर जल्द ही एक समीक्षा बैठक भी आयोजित की जाएगी।

सैनी ने ट्रीटेड वॉटर के कृषि उपयोग की संभावनाएं तलाशने के निर्देश देते हुए कहा कि सभी संबंधित विभाग मिलकर ऐसी योजनाएं तैयार करें, जिनके माध्यम से ट्रीटेड पानी खेतों तक पहुंचाया जा सके। मुख्यमंत्री ने कहा कि ट्रीटेड वॉटर का दोबारा उपयोग, चाहे उद्योगों में हो या कृषि में, सभी विभागों की सामूहिक जिम्मेदारी है।

बैठक में मुख्यमंत्री के मुख्य प्रधान सचिव राजेश खुल्लर, वित्त आयुक्त एवं अतिरिक्त मुख्य सचिव राजस्व विभाग डॉ. सुमिता मिश्रा, पर्यावरण विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव सुधीर राजपाल, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव अरुण कुमार गुप्ता, सिंचाई विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव अनुराग अग्रवाल, टाउन एंड कंट्री प्लानिंग और शहरी संपदा विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव ए.के. सिंह, मुख्यमंत्री के अतिरिक्त प्रधान सचिव डॉ. साकेत कुमार, मुख्यमंत्री के ओएसडी भारत भूषण भारती सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

### नदियों के तटबंध होंगे और मजबूत भूमि कटाव रोकने के लिए यूपी की तर्ज पर बनेंगे स्टोन स्टड

मुख्यमंत्री ने कहा कि नदियों के किनारे तटबंधों को मजबूत करने तथा भूमि कटाव रोकने के लिए उत्तर प्रदेश की तर्ज पर मजबूत स्टोन स्टड बनाए जाएं। उन्होंने निर्देश दिए कि इस वर्ष सभी स्टड नई तकनीक से लगाए जाएं ताकि बाढ़ राहत कार्यों को और अधिक सुदृढ़ किया जा सके। साथ ही, उन्होंने बजरी से भरे कट्टों को तैयार रखने के निर्देश दिए ताकि जिन स्थानों पर अत्यधिक जल प्रवाह से कटाव की आशंका हो, वहां तुरंत उनका उपयोग किया जा सके। मुख्यमंत्री ने गत 10 वर्षों में विभाग द्वारा किए गए स्टोन स्टड कार्यों की प्रगति की भी जानकारी ली।

## खबर संक्षेप

### आंध्र में शिवलिंग क्षतिग्रस्त, 1 गिरफ्तार



**द्राक्षारामम।** बीआर आंबेडकर कोनासिमा जिले के द्रक्षारामम मंदिर के पास एक शिवलिंग को कथित रूप से क्षतिग्रस्त कर दिया गया। घटना के संबंध में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। मंदिर के सीढ़ियों वाला जलाशय) के पास शिवलिंग को क्षतिग्रस्त पाया गया। थोतापेटा निवासी सीलम श्रीनिवास को गिरफ्तार किया है।

### कर्मचारियों ने 1.27 करोड़ की धोखाधड़ी की




**ठाणे।** महाराष्ट्र में ठाणे जिले के उल्हासनगर में एक परिवहन कंपनी के दो कर्मचारियों पर अपने नियोक्ता से 1.27 करोड़ रुपए की धोखाधड़ी करने के आरोप में मामला दर्ज किया गया है। परिवहन व्यवसायी ने आरोप लगाया कि आरोपी अजयकुमार लालबहादुर पांडे और केशवप्रसाद रामसेवक तिवारी उर्फ त्रिपाठी ने कंपनी से धोखाधड़ी की।

### चुनाव आयोग ने हमारे पांच सवालों के नहीं दिए सही जवाब: तृणमूल कांग्रेस

पार्टी महासचिव एवं सांसद अभिषेक बनर्जी के नेतृत्व में आयोग से मिले नौ सांसद

# अभिषेक बोले-उंगली नीचे करके बात करो, आप मनोनीत हैं, जबकि हम निर्वाचित प्रतिनिधि हैं

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

तृणमूल कांग्रेस ने चुनाव आयोग पर आरोप लगाया है कि आयोग ने पार्टी द्वारा पूछे गए पांच सवालों के सही जवाब नहीं दिये। तृणमूल सांसद अभिषेक बनर्जी ने बुधवार को चुनाव आयोग की पूर्ण पीठ से मुलाकात कर पांच प्रश्न उठाए। उनके साथ नौ अन्य सांसद भी थे। तृणमूल के अखिल भारतीय महासचिव और सांसद अभिषेक बनर्जी ने बैठक से निकलने के बाद एक प्रेस कॉन्फ्रेंस की। अभिषेक ने बाहर आकर कहा कि आयोग ने उनके द्वारा पूछे गए पांचों सवालों के सही जवाब नहीं दिए। बैठक के दौरान हुए घटनाक्रम का जिक्र करते हुए टीएमसी महासचिव अभिषेक बनर्जी ने दावा किया कि मुख्य चुनाव आयुक्त ने उनसे उंगली उठाकर बात करने की कोशिश की। लेकिन मैंने उनसे साफ कहा कि उंगली नीचे करके बात करो। आप मनोनीत हैं, जबकि हम निर्वाचित प्रतिनिधि हैं। हम किसी के दास या गुलाम नहीं हैं।

टीएमसी महासचिव एवं सांसद अभिषेक का सवाल था कि बंगाल में सूक्ष्म पर्यवेक्षकों की नियुक्ति क्यों की गई, जबकि एसआईआर ने वहीं से सबसे कम नामों को बाहर रखा है? आंकड़े देते हुए अभिषेक ने बताया कि तमिलनाडु में संशोधन दर 12.57 प्रतिशत, छत्तीसगढ़ में 8.76 प्रतिशत, गुजरात में 9.95 प्रतिशत और केरल में 6.65 प्रतिशत है। केवल बंगाल में यह दर 5 प्रतिशत है। बंगाल में ऐसा क्यों किया गया जबकि बाकी राज्यों में कहीं भी सूक्ष्म पर्यवेक्षकों की नियुक्ति नहीं की गई थी?

अभिषेक के अनुसार, केवल बंगाल में ही चुनिंदा सूक्ष्म पर्यवेक्षकों और जिला पर्यवेक्षकों की नियुक्ति की गई है। आयोग का कहना है कि उनके पास अधिकारी नहीं हैं। हमने कहा कि कई एयरो मशीनें बेकार पड़ी हैं। उनमें से सभी का उपयोग नहीं हो रहा है। उन्हें किराए पर लिया जा सकता था। लेकिन अभिषेक के अनुसार, आयोग के पास इस सवाल का भी कोई सही जवाब नहीं था। अभिषेक के शब्दों में मुख्य चुनाव आयुक्त को यह नहीं पता कि बंगाल में एसआईआर का काम ठीक से कैसे किया जा रहा है। इससे स्पष्ट है कि वह ऐसे व्यवहार कर रहा है मानो उसे ऊपर से आदेश मिल रहे हों। बंगाल के मामले में, उसे पूरी बात स्पष्ट नहीं है।

अभिषेक ने रोहिंग्या और बांग्लादेशी मुद्दों पर भी सवाल उठाए। उन्होंने मांग की कि उन 58 लाख लोगों की सूची सार्वजनिक की जाए जिनके नाम सूची से हटा दिए गए हैं, और उनमें से कितने बांग्लादेशी हैं और कितने रोहिंग्या हैं। वैसे तो सुनवाई में सूक्ष्म पर्यवेक्षकों की अहम भूमिका होती है। लेकिन इन सूक्ष्म पर्यवेक्षकों की नियुक्ति के बाद मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने इनकी नियुक्ति पर सवाल उठाए। उन्होंने आरोप लगाया कि आयोग द्वारा नियुक्त पर्यवेक्षक अन्य राज्यों से हैं। उन्हें राज्य और यहां के लोगों की जानकारी नहीं है। ममता ने सवाल उठाया कि ये सूक्ष्म पर्यवेक्षक निष्पक्ष रूप से कैसे काम करेंगे? हालांकि, आयोग ने इस आरोप को खारिज कर दिया।

### भाजपा ने लगाया मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह को धमकाने का आरोप

## पात्रा बोले, सीएम ममता को मतदाता सूची से घुसपैठियों के नाम हटाए जाने से परेशानी

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय जनता पार्टी ने पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर तीखा हमला करते हुए उन पर न सिर्फ केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह बल्कि पूरे देश को धमकाने का आरोप लगाया। अमित शाह और ममता बनर्जी के बीच अवैध घुसपैठियों और मतदाता सूची के विशेष गहन संशोधन (एसआईआर) को लेकर हुई तीखी बहस के बाद एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए भाजपा प्रवक्ता एवं सांसद संबित पात्रा ने बुधवार को कहा कि ममता बनर्जी ने भारत के गृह मंत्री को धमकी दी। उन्होंने कहा कि आप एक होटल के अंदर छिपे हुए थे। अगर हम चाहते तो आप होटल से बाहर कदम भी नहीं रख पाते, और आप भाग्यशाली हैं कि हमने आपको होटल से बाहर जाने दिया। ऐसा पहली बार नहीं हुआ है।

पात्रा ने आगे कहा कि आप अमित शाह को नहीं, भारत को धमकी दे रही हैं। भाजपा पश्चिम बंगाल में दो-तिहाई बहुमत से सरकार बनाएगी। उन्होंने आरोप लगाया कि पश्चिम बंगाल में ममता बनर्जी और उनके टीएमसी गुंडों ने 300 से अधिक भाजपा कार्यकर्ताओं की हत्या कर दी है और उन पर अवैध घुसपैठियों को संरक्षण देने का आरोप लगाया। उन्हें मतदाता सूची से घुसपैठियों के नाम हटाए जाने से परेशानी है। ममता बनर्जी ने पश्चिम बंगाल को बर्बाद कर दिया है।

संबित पात्रा ने अमित शाह के इस आरोप का भी समर्थन किया कि पश्चिम बंगाल सरकार बाड़ लगाने के लिए जमीन उपलब्ध नहीं करा रही है। उन्होंने कहा कि गृह मंत्री अमित शाह ने स्पष्ट रूप से कहा है कि बंगाल में भ्रष्टाचार, अन्याय और घुसपैठियों को लेकर राजनीति चल रही है और वहां की ममता सरकार बाड़ लगाने के लिए जमीन उपलब्ध नहीं करा रही है। मतदाता सूची से घुसपैठियों के नाम हटाए जाने से ममता बनर्जी और उनके नेता बंगाल में बहुत परेशान हैं।

### पश्चिम बंगाल में चुनावी तैयारियों में लगे कर्मचारियों को डराने का प्रयास बर्दास्त नहीं: आयोग

## चुनाव आयोग बोला- राज्य सरकार को तुरंत बीएलओ को बढ़ा हुआ मानदेय जारी करना चाहिए

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

पश्चिम बंगाल में चुनावी तैयारियों के बीच चुनाव आयोग ने साफ कहा है कि चुनाव ड्यूटी में लगे किसी भी कर्मचारी को डराने-धमकाने की कोशिश बर्दाश्त नहीं की जाएगी। चाहे वह बीएलओ हों, ईआरओ, एईआरओ या ऑब्जर्वर। सभी की सुरक्षा और सम्मान सर्वोपरि है। बुधवार को तृणमूल कांग्रेस के प्रतिनिधिमंडल ने चुनाव आयोग से मुलाकात की थी। इसके बाद पार्टी महासचिव एवं सांसद अभिषेक बनर्जी ने बाहर आकर आयोग पर कई सवाल उठाए। आयोग ने चेतावनी दी कि अगर कोई भी व्यक्ति कानून अपने हाथ में लेने की कोशिश करता है, तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई होगी। प्रतिनिधिमंडल को स्पष्ट रूप से बताया कि राज्य सरकार को तुरंत प्रत्येक बूथ लेवल ऑफिसर (बीएलओ) को बढ़ा हुआ मानदेय जारी करना चाहिए, जिसे आयोग की मंजूरी मिल चुकी है। आयोग ने यह भी स्पष्ट किया कि चुनावी प्रक्रिया को सुचारु बनाने के लिए नए कदम उठाए जा रहे हैं। बीएलओ चुनावी व्यवस्था की रीढ़ हैं। उनके अधिकारों व सुविधाओं की अनदेखी चुनावी निष्पक्षता को प्रभावित कर सकती है।

प्रतिनिधिमंडल को आयोग ने जानकारी दी कि मतदाताओं की सुविधा के लिए ऊंची आवासीय इमारतों, गेटेड कॉलोनियों और झुग्गी-बस्तियों में भी मतदान केंद्र बनाए जाएंगे। आयोग ने दो टूक कहा कि टीएमसी यह सुनिश्चित करे कि उसके जमीनी स्तर के राजनीतिक प्रतिनिधि या कार्यकर्ता चुनाव ड्यूटी में लगे कर्मचारियों को धमकाने में शामिल न हों। कोई भी व्यक्ति कानून हाथ में लेने की कोशिश करता है, तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई होगी।

# जब सब भेजते हैं शुभकामनाएं, खड़गे ने भेजी लानतें 2025 में भी भाजपा का कुशासन, जनता पर भारी पड़ा

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने साल के आख़िरी दिन केंद्र की भाजपा सरकार पर तीखा प्रहार करते हुए कहा कि 2025 में भी देश ने 'लूट, भ्रष्टाचार और कुशासन' का ही सामना किया। सोशल मीडिया पर जारी एक विस्तृत बयान में खड़गे ने भाजपा के 11वें साल के शासन को जनता के अधिकारों और रोज़मर्रा की ज़िंदगी के लिए नुकसानदेह बताया। खड़गे ने आरोप लगाया कि मनरेगा को ख़त्म कर करोड़ों ग़रीबों से 'काम का अधिकार' छीना गया, वहीं बिना तैयारी और बीएलओ प्रशिक्षण के एसआईआर प्रक्रिया के ज़रिये लाखों लोगों के 'वोटिंग के अधिकार' पर चोट की गई और भाजपा की 'वोट चोरी' सामने आई।



उन्होंने कहा कि आर्थिक असमानता और बढ़ी, जहाँ शीर्ष 1 प्रतिशत के पास देश की 40 प्रतिशत दौलत सिमट गई है।

कांग्रेस अध्यक्ष के मुताबिक रुपये की गिरावट थम नहीं रही; आरबीआई द्वारा 32 अरब डॉलर बाज़ार में झोंकने के बावजूद स्थिति संभली नहीं। युवा बेरोज़गारी ऊँचे स्तर पर बनी हुई है और पेपर लीक माफ़िया का खेल जारी है। अंतरराष्ट्रीय मोर्चे पर खड़गे ने कहा कि 'नमस्ते ट्रंप' की दोस्ती के बावजूद भारत पर सबसे ज़्यादा टैरिफ लगाए गए।

सुरक्षा और विदेश नीति पर भी सवाल उठाते हुए उन्होंने कहा कि पहलगाम आतंकी हमले के बाद सेना ने साहसिक जवाब दिया, लेकिन भाजपा मंत्रियों की शर्मनाक टिप्पणियां सामने आईं। उन्होंने आरोप लगाया कि अमेरिकी राष्ट्रपति द्वारा बार-बार 'मध्यस्थता' के दावे और अब चीन की बात के बावजूद प्रधानमंत्री मौन हैं।

खड़गे ने मणिपुर संकट को मोदी-शाह की नाकामी बताते हुए कहा कि पर्दा डालने के लिए राष्ट्रपति शासन लगाया गया। महँगाई पर उन्होंने कहा कि जीएसटी में कटौती सिर्फ़ आँकड़ेबाज़ी साबित हुई। साथ ही दलितों, आदिवासियों, पिछड़े वर्गों और अल्पसंख्यकों पर अत्याचार बढ़ने का आरोप लगाया और कहा कि न्यायपालिका तक को नहीं बख़्शा गया।

पर्यावरण के मुद्दे पर खड़गे ने दिल्ली सहित उत्तर भारत की ज़हरीली हवा, अरावली में खनन, निकोबार, हसदेव और मुंबई मैंग्रोव पर हमलों का ज़िक्र किया और कहा कि सरकार के पास कोई ठोस रोडमैप नहीं है। कुंभ, दिल्ली स्टेशन की भगदड़ और कफ़ सिरप से बच्चों की मौत जैसे हादसों पर उन्होंने कहा कि ज़िम्मेदारी तय नहीं की गई।

अंत में खड़गे ने कहा कि 2025 में भी भाजपा का कुशासन जनता पर भारी पड़ा और देश को जवाबदेही व संवेदनशील शासन की ज़रूरत है।

# अमेरिका और चीन के रुख पर कांग्रेस ने जताई चिंता, जयराम ने फिर उठाए सवाल

हरिभूमि ब्यूरो. नई दिल्ली

कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने 'ऑपरेशन सिंदूर' को लेकर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और अब चीन द्वारा किए जा रहे मध्यस्थता के दावों पर केंद्र सरकार की चुप्पी को गंभीर बताते हुए राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़े कई सवाल खड़े किए हैं।

जयराम रमेश ने कहा कि राष्ट्रपति ट्रंप लंबे समय से यह दावा करते आ रहे हैं कि 10 मई 2025 को ऑपरेशन सिंदूर को रोकने के लिए उन्होंने व्यक्तिगत रूप से हस्तक्षेप किया था। यह दावा ट्रंप द्वारा कम से कम सात अलग-अलग देशों में, विभिन्न मंचों पर करीब 65 बार किया जा चुका है। इसके बावजूद प्रधानमंत्री ने अपने "तथाकथित अच्छे मित्र" के इन दावों पर आज तक कोई स्पष्ट प्रतिक्रिया नहीं दी।

कांग्रेस नेता ने कहा कि अब चीन के विदेश मंत्री भी इसी तरह का दावा कर रहे हैं और कह रहे हैं कि चीन ने भी भारत-पाकिस्तान के बीच मध्यस्थता की थी।



उन्होंने याद दिलाया कि 4 जुलाई 2025 को उप सेनाध्यक्ष लेफ्टिनेंट जनरल राहुल सिंह ने सार्वजनिक रूप से कहा था कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारत असल में चीन का सामना कर रहा था, क्योंकि चीन निर्णायक रूप से पाकिस्तान के साथ खड़ा था।

जयराम रमेश ने कहा कि ऐसे में भारत और पाकिस्तान के बीच मध्यस्थता को लेकर चीन के दावे बेहद चिंताजनक हैं। यह न सिर्फ़ अब तक देश की जनता को बताई गई बातों के विपरीत हैं, बल्कि भारत की राष्ट्रीय सुरक्षा का मज़ाक उड़ाने जैसे प्रतीत होते हैं।उन्होंने चीन के साथ भारत के मौजूदा संबंधों के संदर्भ में भी इस मुद्दे को देखने की ज़रूरत बताई। जयराम रमेश के अनुसार, भारत ने चीन के साथ फिर से बातचीत शुरू तो की है, लेकिन यह बातचीत चीन की शर्तों पर हो रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि 19 जून 2020 को प्रधानमंत्री द्वारा चीन को दी गई 'क्लीन चिट' से भारत की बातचीत की स्थिति कमज़ोर हुई।

कांग्रेस महासचिव ने कहा कि आज भारत का चीन के साथ व्यापार घाटा रिकॉर्ड स्तर पर है और भारत के निर्यात का बड़ा हिस्सा चीन से आयात पर निर्भर हो गया है। इसके साथ ही अरुणाचल प्रदेश को लेकर चीन की उकसाने वाली गतिविधियाँ लगातार जारी हैं।

जयराम रमेश ने मांग की कि ऐसे एकतरफ़ा और शत्रुतापूर्ण संबंधों के बीच देश की जनता को यह स्पष्ट रूप से बताया जाना चाहिए कि ऑपरेशन सिंदूर को अचानक रोकने में चीन की क्या भूमिका थी और सरकार इस पूरे घटनाक्रम पर अब तक चुप क्यों है?

### रायपुर में हिंदू सम्मेलन के दौरान संघ प्रमुख ने दी सीख

# यह देश सबका है और यही भावना सामाजिक सद्भाव बढ़ाएगी

एजेंसी ▶▶ रायपुर

*संघ के प्रमुख डॉ. मोहन भागवत ने विकास, पर्यावरण, नशा और युवाओं के भविष्य पर गहरी चिंता जताई है। रायपुर एम्स में युवा विकास कार्यक्रम के दौरान उन्होंने कहा कि दुनिया अब तक ऐसा विकास मॉडल नहीं बना सकी, जिसमें पर्यावरण और इन्फ्रास्ट्रक्चर एक साथ बिना हानि के चल सकें।*

आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत ने छत्तीसगढ़ के रायपुर में हिंदू सम्मेलन में शिरकत की। 3 दिनी प्रवास के दौरान बुधवार को सोनपैरी गांव में हिंदू सम्मेलन को संबोधित करते हुए सामाजिक सद्भाव और एकता पर जोर देते हुए कहा कि देश सबका है और किसी को भी जाति, भाषा या धन के आधार पर नहीं आंका जाना चाहिए।

भागवत ने भेदभाव मिटाने के लिए मंदिरों को सभी के लिए खोलने की अपील की। उन्होंने परिवारों की एकजुटता पर भी जोर दिया। पर्यावरण संरक्षण, स्वदेशी उत्पादों के इस्तेमाल और संविधान का पालन करने की अपील भी की। भागवत ने कहा कि देश सबका है और यही भावना सच्चा सामाजिक सद्भाव है। सामाजिक सद्भाव की दिशा में पहला कदम अपने मन से अलगाव और भेदभाव की भावनाओं को दूर करना और सभी को अपना मानना ही होगा।




### परिवार सुरक्षित तो देश भी रहेगा सुरक्षित

जब व्यक्ति अकेला पड़ जाता है तो वह नशे जैसी बुराइयों में उलझ जाता है। आपसी संवाद और मित्रों के साथ बातचीत से इससे बचा जा सकता है। आज घरों में भी बातचीत कम हो गई है। इसलिए सप्ताह में एक दिन पूरा परिवार साथ बैठे, भजन करे, मां के हाथ का भोजन करे और 3-4घंटे आपसी गपशप करे। देश सुरक्षित रहेगा तभी हम और हमारा परिवार सुरक्षित रहेंगे।

### उपायों पर गंभीर मंथन करें

सम्मेलन में भागवत ने समाज और राष्ट्र से जुड़े मुद्दों पर पांच प्रमुख बातों पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय संकटों पर केवल चर्चा से समाधान नहीं निकलता, बल्कि उपायों पर गंभीर मंथन आवश्यक है।

### पर्यावरण पर जताई चिंता

भागवत ने पर्यावरण संरक्षण पर भी जोर दिया। उन्होंने कहा कि ग्लोबल वार्मिंग बढ़ रही है, ऋतु चक्र बदल रहा है। जंगल कम होने से पानी की समस्या बढ़ रही है। घर से ही पानी बचाएं।

### अलगाव और भेदभाव को निकाल दें

भागवत ने कहा कि जीवन में कुछ मूल्यों को आत्मसात करना जरूरी है। अपनी दृष्टि से अलगाव और भेदभाव को निकालना होगा। हम पूरे हिंदू समाज को एक मानते हैं, लेकिन दुनिया हिंदुओं में भेद देखती है। जाति, पंथ और भाषा का फर्क किए बिना सबको अपना मित्र बनाना चाहिए। प्रत्येक व्यक्ति में राम विराजमान हैं।

### मोदी कैबिनेट की मंज़ूरी

# महाराष्ट्र में 6 लेन ग्रीनफील्ड एक्सप्रेसवे में 19 हजार 142 करोड़ की आएगी लागत

हरिभूमि ब्यूरो. नई दिल्ली

केंद्र सरकार ने महाराष्ट्र के लिए एक बड़ी बुनियादी ढांचा परियोजना को मंज़ूरी दी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में हुई आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति की बैठक में नासिक-सोलापुर-अक्कलकोट के बीच 374 किलोमीटर लंबे 6 लेन ग्रीनफील्ड एक्सेस-कंट्रोल्ड एक्सप्रेसवे के निर्माण को स्वीकृति दी गई। इस परियोजना की कुल लागत 19 हजार142 करोड़ रुपए है और इसे बीओटी (टोल) मोड पर विकसित किया जाएगा। सरकार के अनुसार, यह परियोजना पीएम गति-शक्ति राष्ट्रीय मास्टर प्लान के तहत तैयार की जा रही है, जिससे महाराष्ट्र और आसपास के क्षेत्रों में सड़क संपर्क और लॉजिस्टिक्स व्यवस्था को मजबूती मिलेगी। एक्सप्रेसवे नासिक, अहिल्यानगर और सोलापुर जैसे प्रमुख शहरों से होकर गुजरेगा और क्षेत्रीय कनेक्टिविटी को बेहतर बनाएगा।यह कॉरिडोर दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे, समृद्धि महामार्ग और अन्य प्रमुख राष्ट्रीय राजमार्गों से जुड़कर पश्चिमी और दक्षिणी भारत के बीच तेज़ और सुरक्षित आवागमन सुनिश्चित करेगा। इसके निर्माण से यात्रा समय में उल्लेखनीय कमी आने और माल ढुलाई की लागत घटने की उम्मीद है। सरकार का कहना है कि इस परियोजना से आर्थिक गतिविधियों को गति मिलेगी और रोज़गार के बड़े अवसर पैदा होंगे। अनुमान है कि इसके जरिए लगभग 251 लाख कार्य दिवसों का प्रत्यक्ष और 313 लाख कार्य दिवसों का अप्रत्यक्ष रोज़गार सृजित होगा। केंद्र सरकार ने बताया कि यह एक्सप्रेसवे न केवल यातायात को सुगम बनाएगा, बल्कि महाराष्ट्र के औद्योगिक, कृषि और व्यापारिक विकास को भी नई दिशा देगा। परियोजना को राज्य के समग्र विकास के लिहाज़ से एक महत्वपूर्ण क़दम माना जा रहा है।

# वर्ष 2026 में खूब आएगा विदेशी निवेश, रफ्तार भरेगी भारतीय अर्थव्यवस्था

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

दुनिया भर में जब आर्थिक अनिश्चितता का माहौल है और बड़े-बड़े देश निवेश के लिए तरस रहे हैं, तब भारत एक चमकते सितारे की तरह उभर रहा है। साल 2026 भारत के लिए विदेशी निवेश यानी 'एफडीआई' के मामले में एक ऐतिहासिक साल साबित होने वाला है। सरकार से लेकर आर्थिक जानकारों तक, सबको भरोसा है कि इस बार निवेश का आंकड़ा पिछले सारे रिकॉर्ड ध्वस्त कर देगा।

### रफ्तार पकड़ता विदेशी पैसा

अगर आंकड़ों की बात करें, तो साल 2024-25 में भारत में कुल 80.5 बिलियन डॉलर का विदेशी निवेश आया था। यह अपने आप में एक बड़ी उपलब्धि थी। लेकिन 2025 के पहले दस महीनों (जनवरी से अक्टूबर) में ही 60 बिलियन डॉलर से ज्यादा का निवेश आ चुका है। डीपीआईआईटी के सचिव अमरदीप सिंह भाटिया का मानना है कि 2026 में हम पिछले साल के 80.62 बिलियन डॉलर के ऑल-टाइम हाई आंकड़े को भी पीछे छोड़ देंगे। भारत की इस कामयाबी के पीछे सिर्फ किस्मत नहीं, बल्कि सोची-समझी रणनीति है। सरकार लगातार नियमों को आसान बना रही है, छोटे-मोटे व्यापारिक अपराधों को अपराध की श्रेणी से बाहर किया जा रहा है और मंजूरी की प्रक्रिया को तेज किया जा रहा है।

## भारत तोड़ेगा विदेशी निवेश के सारे पुराने रिकॉर्ड

### क्यों आ रहा है इतना पैसा?

विदेशी निवेशकों के भारत की ओर खिंचे चले आने के कई ठोस कारण हैं। सबसे बड़ा कारण है भारत की मजबूत जीडीपी ग्रोथ, जो 2025-26 की दूसरी तिमाही में 8.2 प्रतिशत रही है। इसके अलावा भारत के पास टैलेंटेड वर्कफोर्स है और सरकार 'जन विश्वास बिल' जैसे कदमों के जरिए बिजनेस करना आसान बना रही है। हालांकि, कुछ ऐसे सेक्टर भी हैं जहां विदेशी निवेश पर पूरी तरह पाबंदी है, जैसे लॉटरी, जुआ, सट्टेबाजी, चिट फंड, निधि कंपनी और सिगरेट बनाना। इनके अलावा ज्यादातर सेक्टर में निवेश का रास्ता साफ है।




- भारत वर्ष 2026 में 80.62 बिलियन डॉलर के आलटाइम हाई को पीछे छोड़ सकता है
- 2025 के पहले दस महीनों (जनवरी से अक्टूबर) में 60 बिलियन डॉलर से ज्यादा निवेश आ चुका

### बड़े देशों और कंपनियों का बड़ा दांव

भारत की झोली में निवेश डालने के लिए सिर्फ कंपनियां ही नहीं, बल्कि पूरे के पूरे देशों का समूह तैयार खड़ा है। 1 अक्टूबर 2025 को 'यूरोपियन फ्री ट्रेड एसोसिएशन' (ईएफटीए) के साथ हुआ समझौता लागू हो गया है। इसके तहत स्विट्जरलैंड, नॉर्वे, आइसलैंड और लिकटेंस्टीन जैसे देश अगले 15 सालों में भारत में 100 बिलियन डॉलर का निवेश करेंगे। मजेदार बात, समझौते के पहले ही दिन स्विस कंपनी 'रोश फार्मा' ने अगले पांच साल में 17,000 करोड़ रुपए निवेश करने का एलान कर दिया। इतना ही नहीं, न्यूजीलैंड के साथ हुए समझौते से भी 2026 में 20 बिलियन डॉलर आने की उम्मीद है।

### टेक दिग्गजों की मेगा प्लानिंग

*दुनिया की सबसे बड़ी टेक कंपनियां भारत को अपना अगला बड़ा ठिकाना मान चुकी हैं। उनके निवेश प्लान किसी को भी हैरान कर सकते हैं-*

*अमेजन : अगले पांच साल में 35 बिलियन डॉलर का निवेश करेगी। इनका फोकस क्विक कॉमर्स से लेकर क्लाउड कंप्यूटिंग और एआई तक है।*

*माइक्रोसॉफ्ट : सत्या नडेला ने 2030 तक 17.5 बिलियन डॉलर के निवेश की घोषणा की है, ताकि भारत को एआई के लिए तैयार किया जा सके।*

*गूगल : भारत में अपना एआई हब बनाने के लिए 15 बिलियन डॉलर खर्च करेगा।*

*एप्पल और सैमसंग : ये दोनों कंपनियां भी भारत में अपना मैन्युफैक्चरिंग बेस लगातार बढ़ा रही हैं।*


## खबर संक्षेप

### बैंकों का बीते वित्त वर्ष मजबूत प्रदर्शन : आरबीआई



**मुंबई।** वाणिज्यिक बैंकों का प्रदर्शन वित्त वर्ष 2024-25 में मजबूत बना रहा और मार्च के अंत तक सकल गैर-निष्पादित परिसंपत्तियों का अनुपात घटकर 2.2 प्रतिशत पर आ गया। यह कई दशकों का न्यूनतम स्तर है। 2024-25'' शीर्षक वाली रिपोर्ट में कहा गया कि 2024-25 के दौरान बैंकिंग क्षेत्र अच्छा बना रहा।

### सरकार ने रिलायंस-बीपी से 30 अरब डॉलर मुआवजा मांगा



**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने कृष्णा-गोदावरी बेसिन के केजी-डी6 गैस क्षेत्र से प्राकृतिक गैस उत्पादन का लक्ष्य पूरा नहीं कर पाने के मामले में रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड (आरआईएल) और उसकी साझेदार बीपी से 30 अरब डॉलर से अधिक का मुआवजा मांगा है।, सरकार ने यह दावा तीन-सदस्यीय मध्यस्थता न्यायाधिकरण के समक्ष पेश किया है।

## भारत साल 2026 में मजबूत स्थिति बनाए रखने की राह पर

# आर्थिक सुधारों के दम पर भारतीय अर्थव्यवस्था 2026 में भी मजबूत बने रहने की राह पर

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

विश्व की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था भारत 2026 में मजबूत स्थिति बनाए रखने की राह पर है जहां मजबूत वृद्धि, कम मुद्रास्फीति एवं सुदृढ़ बैंकिंग प्रदर्शन जैसे अनुकूल कारक मौजूद हैं। साथ ही, 2025 के दौरान देखी गई आर्थिक रफ्तार को कायम रखने के लिए सुधार पहलें भी तैयार हैं।

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नीत केंद्र सरकार से जीवन सुगमता एवं कारोबार सुगमता के विषयों को आगे बढ़ाते हुए आगामी बजट में पूंजीगत व्यय तथा निजी निवेश को प्रोत्साहित करने के लिए नए उपायों की घोषणा किए जाने की उम्मीद है जिससे शुल्क एवं भू-राजनीतिक अनिश्चितताओं के बीच भारत एक अधिक आकर्षक निवेश गंतव्य बन सके।

### जीडीपी की वृद्धि दर लगातार बढ़ी

आधार वर्ष 2011-12 पर आधारित सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर लगातार तिमाहियों में बढ़ी है। 2025-26 की दूसरी तिमाही में यह 8.2 प्रतिशत पर पहुंच गई जबकि खुदरा मुद्रास्फीति वर्ष के अंत तक भारतीय रिजर्व बैंक की निचली सीमा दो प्रतिशत से नीचे आ गई।

- कम मुद्रास्फीति और सुदृढ़ बैंकिंग प्रदर्शन से अनुकूल कारक मौजूद
- आर्थिक रफ्तार को कायम रखने सुधार पहले से तैयार
- बजट में पूंजीगत व्यय तथा निजी निवेश को प्रोत्साहित करने की उम्मीद



### भारत 4180 अरब डॉलर की जीडीपी के साथ चौथे स्थान पर

*सरकार के एक बयान में कहा गया कि भारत ने 4180 अरब अमेरिकी डॉलर की जीडीपी के साथ जापान को पीछे छोड़ते हुए विश्व की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था का स्थान हासिल कर लिया है। 2030 तक अनुमानित 7300 अरब डॉलर की जीडीपी के साथ अगले ढाई से तीन वर्ष में जर्मनी को पछाड़कर तीसरे स्थान पर पहुंचने की राह पर है।*

### पर्याप्त खाद्यान्न भंडार से कीमतें नियंत्रित रही

बेहतर खरीफ उत्पादन और पर्याप्त खाद्यान्न भंडार से कीमतों के दबाव को नियंत्रित करने में मदद मिली। प्रमुख क्षेत्रों में व्यापक गति को दर्शाते हुए भारतीय रिजर्व बैंक ने 2025-26 के लिए जीडीपी वृद्धि अनुमान को 6.8 प्रतिशत से बढ़ाकर 7.3 प्रतिशत कर दिया। विश्व बैंक, आईएमएफ, मूडीज, आर्थिक सहयोग एवं विकास संगठन (ओईसीडी), फिच और एसएंडपी जैसी अंतरराष्ट्रीय एजेंसियों ने भी इस आशावादी रुख की पुष्टि की।

### बजट में अतिरिक्त उपायों के घोषणा की उम्मीद

फरवरी में पेश होने वाले केंद्रीय बजट में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण से सुधारों को और गहरा करने तथा अर्थव्यवस्था को गति देने के लिए अतिरिक्त उपायों की घोषणा की व्यापक उम्मीदें हैं। उन्होंने पिछली बार करदाताओं को उल्लेखनीय राहत देने के साथ-साथ घरेलू एवं विदेशी निवेश को बढ़ावा देने के उपायों की घोषणा की थी।

### राष्ट्रीय खातों के लिए आधार वर्ष बदला गया

इसमें में कहा गया, '' वर्तमान व्यापक आर्थिक स्थिति उच्च वृद्धि और कम मुद्रास्फीति के दुर्लभ मजबूत दौर को दर्शाती है।'' सरकार राष्ट्रीय खातों के लिए आधार वर्ष को 2011-12 से बदलकर 2022-23 करने पर भी काम कर रही है, जिससे सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की गणना पद्धति को लेकर अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) द्वारा उठाई गई चिंताओं का प्रभावी समाधान किया जा सके।

### एफआईआई की निकासी से रुपए पर आया दबाव

घरेलू मुद्रा के मोर्चे पर, शेयर बाजारों से विदेशी पोर्टफोलियो निवेश के बहिर्वाह से रुपये पर दबाव बना, हालांकि नवंबर में रुपये की अस्थिरता एक महीने पहले की तुलना में कम हुई। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के अर्थव्यवस्था आकलन के अनुसार, वैश्विक स्तर पर चुनौतीपूर्ण एवं अनिश्चित माहौल के बावजूद 2025 में भारतीय अर्थव्यवस्था ने मजबूत जुझारूपन दिखाया और पूरे वर्ष वृद्धि में तेजी बनी रही।

# साल के अंतिम सत्र में बाजार करीब एक प्रतिशत उछला

**मुंबई।** साल 2025 के आखिरी कारोबारी सत्र में बुधवार को घरेलू शेयर बाजार करीब एक प्रतिशत चढ़कर बंद हुए। घरेलू संस्थागत निवेशकों (डीआईआई) का साथ मिलने और रिलायंस, टाटा स्टील एवं कोटक बैंक में लिवाली से बाजार गिरावट के दौर से उबरने में सफल रहा। विश्लेषकों ने कहा कि पिछले कुछ सत्रों की नरमी के बाद चुनिंदा शेयरों में कम मूल्य पर खरीदारी का रुझान देखा गया जिससे सूचकांकों में तेजी का माहौल रहा। बीएसई का 30 शेयरों वाला सूचकांक सेंसेक्स लगातार पांच कारोबारी सत्रों की गिरावट के बाद 545.52 अंक उछलकर 85,220.60 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 762.09 अंक बढ़कर 85,437.17 तक पहुंच गया था। वहीं, निफ्टी चार दिनों की गिरावट से उबरकर 190.75 अंक चढ़कर 26,129.60 अंक पर बंद हुआ।


## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

धारा 82 Cr.P.C. देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **आरोपी कल्लो पुत्री** श्री बाबू राम, **पताः** पाल मोहल्ला, छोटा चौक मंडावली **दिल्ली CT No. 47350/2016 & 29/2009, पुलिस थानाः मंडावली, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **कल्लो** मिल नहीं रही है और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **कल्लो** फरार हो गयी है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रही है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि उक्त अभियुक्त **कल्लो CT No. 47350/2016 & 29/2009, पुलिस थानाः मंडावली, दिल्ली** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **31.01.2026** को या उससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
श्री सचिन
न्यायिक मजिस्ट्रेट–03
पूर्वी जिला, कोर्ट नंबर 16,
कड़कड़डूमा कोर्ट, दिल्ली

DP/17512/ED/2025
(Court Matter)

## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

धारा 82 Cr.P.C. देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **आरोपी लोकेश पुत्र** पन्ना लाल, **पताः** सी–400, चिनोट बस्ती, नबी करीम, **दिल्ली FIR No. 74/2014, Us: 380/411/34 IPC, पुलिस थानाः नबी करीम, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **लोकेश** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **लोकेश** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि उक्त अभियुक्त **लोकेश FIR No. 74/2014, Us: 380/411/34 IPC, पुलिस थानाः नबी करीम, दिल्ली** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **02.02.2026** को या उससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
डॉ. राज कुमार सिंह
न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी–05 (सेंट्रल)
केन्द्रीय जिला कमरा नंबर 241
तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली

DP/17464/CD/2025
(Court Matter)


# साल के आखिर में सोने और चांदी की कीमतों में नरमी

**नई दिल्ली।** साल के आखिरी कारोबारी दिन सोने और चांदी के कीमतों में नरमी आई। कमजोर वैश्विक रुख और मजबूत डॉलर को देखते हुए बुधवार को राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में सोने और चांदी के दाम टूटे, जबकि दोनों कीमती धातुओं ने वर्ष 2025 में रिकॉर्ड बढ़त दर्ज की। अखिल भारतीय सर्राफा संघ के अनुसार, 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की




कीमतों में लगातार तीसरे दिन गिरावट जारी रही और यह 1,300 रुपये टूटकर 1,37,700 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी टैक्स मिलाकर) पर रहा। मंगलवार को यह 1,39,000 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। सर्राफा संघ के अनुसार, चांदी की कीमतों में भी गिरावट आई और छह दिन की रिकॉर्ड तेजी का सिलसिला टूट गया। स्थानीय सर्राफा बाजार में चांदी की कीमत 2,000 रुपये गिरकर 2,39,000 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी कर मिलाकर) रही। पिछले सत्र में, चांदी 1,000 रुपये बढ़कर 2,41,000 रुपये प्रति किलोग्राम के अबतक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गई थी। सालाना आधार पर, चांदी ने सोने से बेहतर प्रदर्शन किया है, और लगभग 164 प्रतिशत का शानदार लाभ दिया है।


## सूचना

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।



## ऋण वसूली न्यायाधिकरण–II, दिल्ली
चतुर्थ तल, जीवन तारा बिल्डिंग संसद मार्ग, नई दिल्ली–110001

बैंकों तथा वित्तीय संस्थाओं के बकाया ऋण की वसूली अधिनियम, 1993 की धारा 19(4) के साथ पठित ऋण वसूली न्यायाधिकरण (प्रक्रिया नियमावली, 1993) के नियम 12 एवं 13 के तहत नोटिस

टीए सं. 1085/2024 दिनांकः 31.10.2025

भारतीय स्टेट बैंक ..आवेदक
बनाम
जितेंदर सिंह एंव अन्य ..प्रत्यार्थी

सेवा में,
प्रतिवादी

डी1. श्री जितेंद्र सिंह पुत्र श्री कुर्रे सिंह, मकान नंबर 1741/192, इंदिरा कॉलोनी नंबर 1, सेक्टर 52, गुड़गांव, हरियाणा इसके अलावाः रामपुरा धना कलां, हिसार, हरियाणा – 125033 इसके अलावाः दा वेस्टर्न होटल, नंबर 1, एमजी रोड, सेक्टर 29, गुड़गांव, हरियाणा – 122001

डी2. मैसर्स मंजू जे होम्स इंडिया लिमिटेड, सी–294, प्रथम मंजिल, विवेक विहार, दिल्ली – 95

जबकि उपरोक्त आवेदक ने आपके विरूद्ध रू. 24,70,383 /– (चौबीस लाख सत्तर हजार तीन सौ तिरासी मात्र) की वसूली हेतु एक वाद स्थापित किया है तथा जबकि न्यायाधिकरण को संतोषजनक रूप से यह दर्शाया जा चुका है कि आपको साधारण रूप से सूचना दिया जाना संभव नहीं है, इसलिए, विज्ञापन के रूप में इस सूचना के माध्यम से आपको दिनांक 07.01.2026 को पूर्वा. 11.00 बजे माननीय न्यायाधिकरण के समक्ष उपस्थित होने का निर्देश दिया जाता है।

ध्यान दें कि यदि आप उपरोक्त तिथि को इस न्यायाधिकरण के समक्ष उपस्थित नहीं होंगे, वाद की सुनवाई तथा निर्णय आपकी अनुपस्थिति में किया जाएगा।

सभी मामलों को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग और भौतिक के माध्यम से लिया जाएगा और उस उद्देश्य के लिए:–

(I) सभी अधिवक्ता/वादी "सिस्को वेबेक्स एप्लीकेशन" / सॉफ्टवेयर डाउनलोड करेंगे;

(ii) माननीय पीठासीन अधिकारी/ रजिस्ट्रार द्वारा प्राप्त की जाने वाली सुनवाई के मामलों की अगली तारीख के लिए "मीटिंग आईडी" और "पासवर्ड" DRT के ऑफिशियल पोर्टल अर्थात drt.gov.in की दैनिक वाद की सूची में प्रदर्शित किया जाएगा।

(iii) किसी भी जानकारी हेतु, एडवोकेट/ लिटिगेंट्स संबंधित अधिकारी से फोन सं. 23748478 पर संपर्क कर सकते हैं।

मेरे हस्ताक्षर और इस न्यायिकरण की मोहर के तहत 31 अक्टूबर, 2025 को दिया गया।

प्राधिकरण के आदेशानुसार,
अनुभाग अधिकारी, डीआरटी–II, दिल्ली



## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

धारा 82 Cr.P.C. देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **अरशद हसन जाफरी, पुत्रः अफसर हसन जाफरी, निवासीः मकान संख्या 157/5, गली संख्या 16, विजय मोहल्ला, गढ़ीमेंदु मौजपुर, नई दिल्ली** ने **FIR No. 01/2024, U/s: 429/468/471/34 IPC & 4/8/12/13 DACP Act & 11L PCA Act, पुलिस थाना शाहीन बाग, दिल्ली** के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **अरशद हसन जाफरी** मिल नही रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **अरशद हसन जाफरी** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **पुलिस थाना शाहीन बाग, दिल्ली** के अभियुक्त **अरशद हसन जाफरी** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **02.02.2026** या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
सुश्री छवि बंसल
जेएमएफसी –11, दक्षिण पूर्व, मेन बिल्डिंग, कमरा संख्या 09,
साकेत कोर्ट, नई दिल्ली

DP/17676/SE/2025


## राशिफल

- **मेष** — संगीत में रुचि बढ़ेगी। कारोबार में वृद्धि होगी। विदेश जाने के योग बन रहे हैं। आत्मविश्वास में कमी रहेगी। व्यर्थ के वाद–विवाद से बचने का प्रयास करें।
- **वृष** — खर्चों की अधिकता रहेगी। कला एवं संगीत में रुचि हो सकती है। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। किसी सम्पत्ति से आय के साधन बन सकते हैं।
- **मिथुन** — शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। पठन–पाठन में रुचि बढ़ सकती है। परिवार में आपसी वाद–विवाद की स्थितियां बन सकती हैं।
- **कर्क** — क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। धर्म–कर्म में रुचि बढ़ेगी। उच्च शिक्षा के लिए विदेश प्रवास हो सकता है। आत्मविश्वास भरपूर रहेगा।
- **सिंह** — कला या संगीत के प्रति रुझान बढ़ सकता है। नौकरी के लिए साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। शासन–सत्ता का सहयोग मिलेगा।
- **कन्या** — कार्यभार में वृद्धि होगी। बौद्धिक कार्यों से धन प्राप्त होगा। वस्त्रों के प्रति रुझान बढ़ेगा। क्रोध के अतिरेक से बचें। बातचीत में संतुलन बनाकर रखें।
- **तुला** — लेखनादि–बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ सकती है। परिवार की समस्याएं परेशान कर सकती हैं। स्वास्थ्य के प्रति सतर्क रहें। रहन–सहन कष्टमय रहेगा।
- **वृश्चिक** — संतान की ओर से सुखद समाचार मिलेंगे। भौतिक सुखों में वृद्धि होगी। जीवनसाथी से वैचारिक मतभेद हो सकते हैं। खर्च भी बढ़ेंगे।
- **धनु** — स्वास्थ्य का ध्यान रखें। कला एवं संगीत के प्रति रुझान बढ़ेगा। कार्यक्षेत्र में परिवर्तन के योग बन रहे हैं। किसी दूसरे स्थान पर जाना पड़ सकता है।
- **मकर** — आलस्य की अधिकता हो सकती है। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रहन–सहन अव्यवस्थित रहेगा। धार्मिक संगीत में रुचि बढ़ेगी।
- **कुंभ** — क्रोध से बचें। नौकरी के लिए साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। शासन–सत्ता का सहयोग मिलेगा। बातचीत में संयत रहें। पठन–पाठन में रुचि रहेगी।
- **मीन** — किसी रुके धन की प्राप्ति हो सकती है। कारोबारी कार्यों में व्यस्तता बढ़ सकती है। लाभ के अवसर मिलेंगे। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें।

# एडवांस्ड टोमोथेरेपी (र.) रेडिक्सैक्ट एक्स-9 का उद्घाटन

**विशाखापत्तनम।** कैंसर के क्षेत्र में उत्कृष्टता के 20 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में, महात्मा गांधी कैंसर अस्पताल एवं अनुसंधान संस्थान, विशाखापत्तनम ने अगली पीढ़ी की सटीक विकिरण तकनीक, एडवांस्ड टोमोथेरेपी रेडिक्सैक्ट एक्स9 के उद्घाटन के साथ एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। यह ऐतिहासिक प्रगति एमजीसीएचआरआई को आंध्र प्रदेश के पहले और एकमात्र शीर्ष स्तरीय कैंसर संस्थान के रूप में स्थापित करती है, जो उन्नत, नैतिक और रोगी-केंद्रित कैंसर देखभाल प्रदान करने के लिए समर्पित है। उद्घाटन कार्यक्रम




एमजीसीएचआरआई, एमवीपी कॉलोनी, विशाखापत्तनम में दोपहर 1:30 बजे वरिष्ठ डॉक्टरों, स्वास्थ्य पेशेवरों और आमंत्रित गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति में आयोजित किया गया। विशाखापत्तनम के माननीय सांसद मथुकुमिल्ली श्रीभरत गारू ने अन्य गणमान्य व्यक्तियों और विशिष्ट अतिथियों के साथ उच्च परिशुद्धता वाले टोमोथेरेपी रेडिक्सैक्ट एक्स9 सिस्टम का उद्घाटन किया।


## हरियाणा सरकार — निविदा सूचना

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर निगम रोहतक | एम.सी. रोहतक के अधिकार-क्षेत्र के तहत मौजूदा पारम्परिक स्ट्रीट लाइट्स को बदलना, नई एलईडी स्ट्रीट लाइट्स और सीसीएमएस की स्थापना। | 30.12.2025 19.01.2026 | रु. 3322.00 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9467717422 xenmcrohtak@gmail.com |
| 2 | नगर निगम रोहतक | निकट जीन्द बाईपास, वार्ड नं. 2, एम.सी. रोहतक में विकास व्यायामशाला, गैस गोदाम सुन्दरपुर रोड में हॉल का निर्माण / पूरा करना। | 30.12.2025 07.01.2026 | रु. 11.00 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9467283967 xenmcrohtak@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें: www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद–13/2026/40/41615/I/88/7 दि. 31.12.25


## शब्द पहेली - 6095





**बाएँ से दाए-**
1.दयालु.उदार-5
4.गगन,आकाश-4
7.सरिता-2
8.चोगा,गाऊन-3
9.छुट्टी,अवकाश-2
10.आबे हयात,काबा कूप-4
11.रिहा-2
13.खाना,भोजन करना-3
14.जिद-2
15.हिम्मत,बल-3
17.कारागार-2
19.रइसे आजम,सूरी-5
22.दुत्कारना,डांटना-5
25.सराबोर-2
26.भोर,सवेरा-3
28.मूल्य,कीमत-2
29.महीन,बहुत छोटा-3
30.फूंक,दम,सुट्टा -2
32.झंकार,प्रतिध्वनि-4
34.उष्णता,ज्वर-2
36.ओट,चिलमन-3
37.छोटा टुकड़ा-2
38.सराबोर,सना हुआ-4
39.निर्माता,रचना करने वाला-5

**ऊपर से नीचे**
1.कैदी,बंधक-2
2.मुलायम-3
3.यात्री पोत,तैरता होटल-5
4.उर्दू में अभिवादन-3
5.पिटाई,चोट-2
6.नाजुकता-4
7.नया जीवन-5
10.मर्यादा-4
12.खाली,रिक्त-2
16.लाईन,पंक्ति-3
17.गर्मी का महीना-2
18.उदर-2
20.दीनहीन,दरिद्र-3
21.लश्कर,फौज-2
22.नष्ट,अद्वैतभाव-2
23.व्यवसाय,धंधा-4
24.नाम रखना -2,3
25.होशियार-5
26.सुर आलाप-2,2
27.अधिकार-2
31.प्रतिज्ञा-3
33.आकांक्षा,अभिलाषा-3
35.राह,मार्ग-2
37.टैक्स,हाथ-2

### शब्द पहेली - 6094 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | खा | दि | म | ■ | ■ | ■ | र | ह | ना | ■ |
| दा | द | ■ | हा | ति | म | ता | ई | ■ | क | प |
| न | ■ | ■ | न | ल | ■ | र | स | ■ | ■ | ना |
| व | च | न | ■ | स्म | र | ण | ■ | व | रा | ह |
| ■ | क | ल | म | ■ | ण | ■ | नी | र | ज | ■ |
| ■ | ना | ■ | री | स | ■ | जा | ल | ■ | कु | ■ |
| ■ | चू | स | ना | ■ | प | ■ | म | हि | मा | ■ |
| च | र | खा | ■ | ग | रि | मा | ■ | ना | र | द |
| र | ■ | ■ | त | म | ■ | य | म | ■ | ■ | ली |
| म | स्त | ■ | स | ला | ह | का | र | ■ | क | ल |
| ■ | र | सी | ला | ■ | ■ | ■ | जी | तें | द्र | ■ |



# नई चुनौतियां, नए सपने, भारतीय खेलों के लिए इम्तिहान-2026



## जून में महिला टी20 विश्व कप

जून में महिला टी20 विश्व कप होगा, जिसमें हरमनप्रीत कौर की टीम 2025 में वनडे विश्व कप की सफलता को दोहराना चाहेगी। एथलेटिक्स सत्र की शुरूआत मई में डायमंड लीग से होगी, जिसमें भालाफेंक स्टार नीरज चोपड़ा पर नजरें होंगी। मई में फ्रेंच ओपन और जून में विम्बलडन खेला जाएगा। इसके बाद अमेरिका, मैक्सिको और कनाडा में संयुक्त रूप से फीफा विश्व कप फुटबॉल का आयोजन होगा।

## विश्व कुश्ती चैंपियनशिप



बहरीन में 24 अक्टूबर से विश्व कुश्ती चैंपियनशिप होगी। इसके बाद भारोत्तोलन विश्व चैंपियनशिप 27 अक्टूबर से 8 नवंबर तक खेली जाएगी। एक नवंबर से दोहा में आईएसएसएफ विश्व चैंपियनशिप होगी। दिसंबर में विश्व शतरंज चैंपियनशिप होगी, जिसकी तारीख और स्थान अभी तय नहीं है ।

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय खेलों के लिए वर्ष 2026 रोमांचक और चुनौतीपूर्ण रहने वाला है, जिसमें विभिन्न खेलों में विश्व खिताब दाव पर होंगे और ओलंपिक क्वालीफिकेशन का नया सत्र शुरू होगा, जिससे लॉस एंजिलिस खेल 2028 के टिकट कटाने का मौका मिलेगा। भारत के नए और पुराने खिलाड़ी अगले साल की चुनौतियों के लिए तैयार हो रहे हैं। नए साल के खेल कैलेंडर पर एक नजर।

### सिंधू पर रहेगी नजर

बैडमिंटन आल इंग्लैंड चैंपियनशिप 3 मार्च से शुरू होगी, जिसमें पीवी सिंधू और बाकी भारतीय खिलाड़ी 2025 की नाकामी से उबरना चाहेंगे। भारतीय फुटबॉलप्रेमियों के लिए अच्छी खबर है कि एक मार्च से आस्ट्रेलिया में शुरू हो रहे एएफसी महिला एशियाई कप में लंबे समय बाद भारतीय टीम खेलते नजर आएगी।

### भारतीय खेलों के लिए व्यस्त रहेगा नया साल





### तीसरी तिमाही में राष्ट्रमंडल खेल और हॉकी विश्व कप

राष्ट्रमंडल खेल 23 जुलाई से दो अगस्त तक ग्लास्गो में आयोजित होंगे जिसमें भारत का प्रतिनिधित्व मुख्य रूप से एथलेटिक्स, मुक्केबाजी और भारोत्तोलन में देखने को मिलेगा। इन खेलों के बाद दिल्ली में 17 अगस्त से विश्व बैडमिंटन चैंपियनशिप होनी है। नीदरलैंड और बेल्जियम में 14 अगस्त से हॉकी विश्व कप शुरू होगा। भारतीय पुरुष टीम एशिया कप जीतकर विश्व कप का टिकट कटा चुकी है जबकि महिला टीम मार्च में हैदराबाद में क्वालीफायर खेलेगी। इसी दौरान भुवनेश्वर में 22 अगस्त से विश्व एथलेटिक्स उपमहाद्वीपीय टूर रजत स्तर का टूर्नामेंट होगा। जापान के नागोया में 19 सितंबर से 4 अक्टूबर तक एशियाई खेलों का आयोजन होगा।



### क्रिकेट में होंगे तीन विश्व कप

साल की पहली तिमाही क्रिकेट को समर्पित होगी क्योंकि देश के पसंदीदा खेल में इस साल तीन विश्व कप हैं। 15 जनवरी से 6 फरवरी तक जिम्बाब्वे और नामीबिया में 50 ओवर के अंडर-19 विश्व कप से शुरू होगा, जहां वैभव सूर्यवंशी और आयुष म्हात्रे जैसे उभरते हुए युवा सितारों पर करीब से नजर रखी जाएगी। इस आयु वर्ग के फाइनल के एक दिन बाद सीनियर पुरुष टीम भारत और श्रीलंका की मेजबानी में 7 फरवरी से 8 मार्च तक होने वाले टी20 विश्व कप में खिताब के बचाव के लिए उतरेगी। आस्ट्रेलियाई ओपन 12 जनवरी से 1 फरवरी के बीच आयोजित होगा लेकिन भारत की चुनौती असरदार नहीं है।



### दूसरी तिमाही में शतरंज और मुक्केबाजी टूर्नामेंट

मार्च के आखिर से अप्रैल तक साइप्रस में कैंडिडेट्स शतरंज टूर्नामेंट खेला जाएगा, जिससे विश्व चैंपियनशिप खिताब के चैलेंजर का पता चलेगा। अभी भारत के गुकेश विश्व चैंपियन हैं। मंगोलिया में एशियाई मुक्केबाजी चैंपियनशिप खेली जाएगी। दोनों टूर्नामेंट 28 मार्च से शुरू होंगे, जिसमें ओपन वर्ग में भारत के आर प्रज्ञानानंदा और महिला वर्ग में आर वैशाली, कोनेरू हम्पी और दिव्या देशमुख भाग लेंगे। शतरंज टूर्नामेंट 16 अप्रैल तक चलेगा और मुक्केबाजी टूर्नामेंट 11 अप्रैल को खत्म होगा। एशियाई भारोत्तोलन चैंपियनशिप 1 से 10 अप्रैल तक अहमदाबाद में खेली जाएगी । इसके बाद 24 अप्रैल से 3 मई तक थॉमस और उबेर कप बैडमिंटन खेला जाएगा। इसके कुछ दिन बाद आईटीटीएफ विश्व टीम टेबल टेनिस चैंपियनशिप फाइनल्स लंदन में 28 अप्रैल से 10 मई तक चलेगा, जिसके लिए भारतीय महिला और पुरुष टीमों ने क्वालीफाई कर लिया है।

## खबर संक्षेप



### टी20 विश्व कप के लिए अफगानिस्तान टीम का ऐलान, नवीन की वापसी

**काबुल।** अफगानिस्तान ने 7 फरवरी से भारत और श्रीलंका में होने वाले टी20 विश्व कप के लिए 15 सदस्यीय टीम में तेज गेंदबाज नवीन उल हक और ऑलराउंडर गुलबदीन नायब को शामिल किया है। स्टार स्पिनर राशिद खान टीम की अगुआई करना जारी रखेंगे जबकि इब्राहिम जदरान को उप कप्तान बनाया गया है। नवीन कंधे की चोट से उबरने के बाद वापसी कर रहे हैं। उन्होंने आखिरी अंतरराष्ट्रीय मैच 2024 दिसंबर में खेला था। नायब और तेज गेंदबाज फजलहक फारुकी को अक्टूबर में बांग्लादेश के सफेद गेंद के दौरे से बाहर कर दिया गया था, दोनों को टीम में जगह मिली है। मुख्य चयनकर्ता अहमद शाह सुलेमानखिल ने कहा, 'हमने पिछले कुछ दिनों में चर्चा के बाद टीम को अंतिम रूप दिया। गुलबदीन नायब बड़े मैच के खिलाड़ी हैं और उनकी वापसी से हमारी टीम को मजबूती मिलेगी।

### बेंगलुरु ओपन के लिए प्रजवल को वाइल्ड कार्ड

**बेंगलुरु।** भारतीय टेनिस स्टार प्रजवल देव को पांच से 11 जनवरी के बीच होने वाले दसवें बेंगलुरु ओपन के लिए वाइल्ड कार्ड दिया गया है। प्रजवल ने भुवनेश्वर में पिछले महीने आईटीएफ विश्व टेनिस टूर एम15 टूर्नामेंट में पुरुष एकल खिताब जीता था। बेंगलुरु ओपन को पिछले साल एटीपी चैलेंजर 125 स्तर का टूर्नामेंट बनाया गया और इसकी ईनामी राशि 225000 डॉलर है। इसमें एकल चैंपियन को 125 एटीपी रैंकिंग अंक मिलते हैं।

### अफरीदी का टी20 विश्व कप खेलना संदिग्ध



**कराची।** पाकिस्तान के अनुभवी तेज गेंदबाज शाहीन शाह अफरीदी चोट के कारण आस्ट्रेलिया से स्वदेश लौटेंगे और उनका भारत और श्रीलंका में अगले साल होने वाले टी20 विश्व कप में खेलना संदिग्ध है। शाहीन को पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने लाहौर स्थित हाई परफॉर्मेंस सेंटर में उपचार के लिए बुला लिया है। उन्हें बिग बैश लीग में ब्रिसबेन हीट के लिए फील्डिंग करते समय चोट लगी थी। बीबीएल में पदार्पण कर रहे शाहीन का प्रदर्शन औसत रहा है। वह 2021-22 में घुटने की सर्जरी के कारण लंबे समय क्रिकेट से दूर रहे थे। पीसीबी के एक अधिकारी ने बताया कि क्रिकेट आस्ट्रेलिया से बातचीत के बाद उन्हें वापिस बुलाया गया है।

## विजय हजारे ट्रॉफी में 75 गेंद में बनाए 157 रन

# सरफराज ने खेली तूफानी शतकीय पारी, जड़े 9 चौके और 14 छक्के

एजेंसी ▶▶| जयपुर

जयपुर में गोवा और मुंबई के बीच खेले जा रहे विजय हजारे ट्रॉफी मुकाबले में मुंबई की तरफ से खेलते हुए सरफराज खान ने विस्फोटक शतकीय पारी खेलते हुए न्यूजीलैंड वनडे सीरीज से पहले चयनकर्ताओं पर दबाव बढ़ा दिया है।

गोवा ने टॉस जीतकर गेंदबाजी का फैसला लिया। मुंबई के लिए यशस्वी जायसवाल और अंगकृष रघुवंशी पारी की शुरुआत करने आए थे। अंगकृष 18 गेंद पर 11 और यशस्वी 64 गेंद पर 46 रन बनाकर आउट हुए। इसके बाद तीसरे नंबर पर मुशीर खान और चौथे नंबर पर बल्लेबाजी के लिए आए सरफराज खान ने मोर्चा संभाला। दोनों भाइयों ने गोवा के गेंदबाजों की धुनाई शुरू की।



### 56 गेंदों पर किया शतक पूरा

मुशीर 66 गेंद पर 60 रन बनाकर आउट हो गए, लेकिन सरफराज खान कुछ अलग करने के इरादे से बल्लेबाजी करने उतरे थे। 56 गेंदों पर शतक पूरा करने वाले सरफराज खान ने 75 गेंदों पर 14 छक्कों और 9 चौकों की मदद से 157 रन की विस्फोटक और आकर्षक पारी खेली। इस पारी के दम पर मुंबई ने 50 ओवर में 8 विकेट पर 444 रन बनाए। विकेटकीपर बल्लेबाज हार्दिक तामोरे ने 28 गेंद पर 53 और कप्तान शार्दुल ठाकुर ने 8 गेंद पर 27 रन की पारी खेली।

### मुंबई का लिस्ट ए दूसरा सबसे बड़ा स्कोर

मुंबई का लिस्ट ए क्रिकेट में यह दूसरा सबसे बड़ा स्कोर है। मुंबई का सर्वाधिक स्कोर 457 है, जो उसने 2021 में पुडुचेरी के खिलाफ बनाया था। न्यूजीलैंड के खिलाफ तीन वनडे मैचों की सीरीज के लिए भारतीय टीम की घोषणा होनी है। टीम के ऐलान से पहले सरफराज खान ने कहीं न कहीं चयनकर्ताओं का ध्यान अपनी तरफ जरूर खींचा है और उन पर दबाव बढ़ाया है। सरफराज निश्चित रूप से चयन के लिए फिलहाल संभावितों में नहीं हैं, लेकिन जिस तरह टी20 विश्व कप में ईशान किशन का चयन हुआ है, उसे देखते हुए उन्होंने अपने पक्ष में सकारात्मक माहौल जरूर बनाया है।

### जोबर्ग सुपर किंग्स ने डीएसजी को 6 विकेट से हराया



**डरबन।** हरफनमौला प्रेनेलन सुब्रायेन की गेंदबाजी और रिली रोसोयू की शानदार बल्लेबाजी के दम पर जोबर्ग सुपर किंग्स ने एसए 20 लीग में डरबन सुपर जाइंट्स को एक बोनस अंक के साथ छह विकेट से हराया। सुपर किंग्स ने डरबन टीम का 86 रन का स्कोर 12.2 ओवर में छह विकेट बाकी रहते हासिल कर लिया। अब इस जीत के बाद वे सनराइजर्स ईस्टर्न केप के बाद दूसरे स्थान पर हैं। कप्तान फाफ डु प्लेसी का आफ स्पिनर सुब्रायेन के साथ गेंदबाजी क आगाज का फैसला सही साबित हुआ, जिन्होंने 16 रन देकर तीन विकेट लिए। फॉर्म में चल रहे डेवोन कोंवे को सुब्रायेन ने पहले ही ओवर में आउट किया। इसके बाद केन विलियमसन और जोस बटलर भी पावरप्ले के भीतर चले गए। विकेटकीपर डोनोवान फरेरा को मैथ्यू डिविलियर्स ने पवेलियन भेजा। डरबन के कप्तान एडेन माक्ररम 27 गेंद में 22 रन बनाकर आउट हो गए।

## 2025 रहा बेहद खास

# दीप्ति की नए रिकॉर्ड के साथ नए साल में एंट्री



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय महिला क्रिकेट टीम की स्टार ऑलराउंडर दीप्ति शर्मा के लिए साल 2025 यादगार रहा। दीप्ति ने वनडे क्रिकेट, टी20 और महिला प्रीमियर लीग में नया मुकाम बनाया। वह एक नए रिकॉर्ड के साथ साल 2026 में एंट्री करेंगी। 30 दिसंबर को दीप्ति शर्मा ने एक और बड़ा रिकॉर्ड अपने नाम किया। श्रीलंका के खिलाफ खेले गए टी20 सीरीज के पांचवें मैच में 1 विकेट लेते ही वह अंतरराष्ट्रीय टी20 में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाली महिला खिलाड़ी बन गईं। दीप्ति के 133 मैचों की 120 पारियों में 152 विकेट हो गए हैं। दीप्ति ने ऑस्ट्रेलिया की मेगन स्कट को पीछे छोड़ा, जिनके नाम 123 मैचों में 151 विकेट हैं। दीप्ति मौजूदा समय में आईसीसी की टी20 गेंदबाजों की रैंकिंग में भी पहले स्थान पर काबिज हैं। दीप्ति शर्मा को यूपी वॉरियर्ज ने आरटीएम के तहत टीम में शामिल किया। वह महिला प्रीमियर लीग के इतिहास की पहली खिलाड़ी बनीं।

### बेस्ट प्लेयर का खिताब पाने वाली बनीं पहली भारतीय

भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने 2 नवंबर को दक्षिण अफ्रीका को हराकर वनडे विश्व कप का खिताब जीता। यह पहला मौका था, जब भारतीय टीम विश्व चैंपियन बनी। भारत को विश्व चैंपियन बनाने में दीप्ति शर्मा ने गेंद और बल्ले से अहम भूमिका निभाई। फाइनल मुकाबले में इस खिलाड़ी ने 58 रन की अहम पारी खेलने के साथ ही 5 विकेट हासिल करते हुए देश को खिताबी जीत दिलाने में यादगार भूमिका निभाई थी। वहीं पूरे टूर्नामेंट में दीप्ति ने 22 विकेट लेने के साथ ही 215 रन बनाए थे। उनके बेहतरीन प्रदर्शन को देखते हुए उन्हें टूर्नामेंट के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी के सम्मान से नवाजा गया था। दीप्ति यह सम्मान हासिल करने वाली पहली भारतीय महिला खिलाड़ी बनीं।

## आईसीसी टेस्ट रैंकिंग

# ब्रूक और स्टार्क को फायदा दोनों दूसरे स्थान पर पहुंचे

- बल्लेबाजों में इंग्लैंड के रूट पहले स्थान पर बरकरार
- जायसवाल और गिल शीर्ष दस में शामिल





एजेंसी ▶▶| दुबई

अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने टेस्ट बल्लेबाजों की रैंकिंग जारी की। ताजा रैंकिंग में इंग्लैंड के बल्लेबाज हैरी ब्रूक और ऑस्ट्रेलिया के गेंदबाज मिचेल स्टार्क फायदा हुआ है। वह तीन स्थान की छलांग लगाते हुए दूसरे स्थान पर पहुंच गए हैं।

आईसीसी की बल्लेबाजों की टेस्ट रैंकिंग में इंग्लैंड के जो रूट पहले स्थान पर बने हुए हैं। दूसरे स्थान पर हैरी ब्रूक हैं। तीसरे स्थान पर न्यूजीलैंड के केन विलियमसन और चौथे स्थान पर ऑस्ट्रेलिया के ट्रेविस हेड हैं। दोनों को एक-एक स्थान का नुकसान हुआ है। ऑस्ट्रेलिया के स्टीव स्मिथ पांचवें स्थान पर हैं, उन्हें दो स्थान का नुकसान हुआ है। श्रीलंका के कामिंदु मेंडिस छठे, दक्षिण अफ्रीका के कप्तान टेंबा बावुमा सातवें, और भारत के यशस्वी जायसवाल आठवें स्थान पर हैं। पाकिस्तान के सऊद शकील नौवें और भारत के शुभमन गिल दसवें स्थान पर हैं। शकील और गिल दोनों को एक-एक स्थान का फायदा हुआ है। यशस्वी जायसवाल और शुभमन गिल शीर्ष दस में शामिल भारत के 2 बल्लेबाज हैं।

### गेंदबाजों रैंकिंग में बुमराह शीर्ष पर कायम

*आईसीसी की जारी टेस्ट गेंदबाजों की रैंकिंग में जसप्रीत बुमराह शीर्ष पर कायम हैं। दूसरे स्थान पर ऑस्ट्रेलिया के मिचेल स्टार्क हैं। स्टार्क को एक स्थान का फायदा हुआ है। तीसरे स्थान पर पाकिस्तान के नोमान अली हैं। नोमान को दो स्थान का फायदा हुआ है। चौथे स्थान पर ऑस्ट्रेलिया के कप्तान पैट कमिंस हैं। कमिंस को 2 स्थान का नुकसान हुआ है। कमिंस एशेज सीरीज में सिर्फ एक टेस्ट खेल सके हैं। पांचवें स्थान पर न्यूजीलैंड के मैट हेनरी, छठे स्थान पर दक्षिण अफ्रीका के मार्को जानसेन, सातवें स्थान पर ऑस्ट्रेलिया के स्कॉट बोलैंड हैं। बोलैंड को 2 स्थान का फायदा हुआ है। आठवें स्थान पर कगिसो रबाडा और नौवें स्थान पर जोश हेजलवुड हैं। दोनों को एक-एक स्थान का नुकसान हुआ है। हेजलवुड एशेज सीरीज से बाहर चल रहे हैं। दसवें स्थान पर ऑस्ट्रेलिया के नाथन लियोन हैं।*

### नया साल, नए नियम: राष्ट्रीय खेल शासन अधिनियम एक जनवरी से आंशिक रूप से लागू

**नई दिल्ली (भाषा)।** खेल मंत्रालय ने बुधवार को घोषणा की कि ऐतिहासिक राष्ट्रीय खेल शासन अधिनियम एक जनवरी से आंशिक रूप से लागू होगा जिससे एक सर्व-शक्तिशाली राष्ट्रीय खेल बोर्ड और खेल विवादों को सुलझाने के लिए एक पंचाट बनाने का रास्ता साफ होगा। यह कानून 18 अगस्त को आधिकारिक राजपत्र (गजट) में नोटिफाई किया गया था। मंत्रालय की एक विज्ञप्ति में कहा गया कि अधिनियम की कुछ खास धाराएं और उप-धाराएं एक जनवरी 2026 से लागू होंगी जबकि बाकी प्रावधान बाद में लागू किए जाएंगे। इस कदम को देश में खेलों के बेहतर प्रबंधन और पारदर्शिता की दिशा में एक बड़ा बदलाव माना जा रहा है। विज्ञप्ति में कहा गया, ''केंद्र सरकार ने एक जनवरी 2026 को उस तारीख के रूप में तय किया है जिस दिन उक्त अधिनियम की धारा 1 से 3, धारा 4 की उप-धारा (1), (2) और (4), धारा 5 के उप-धारा (1) और (2), धारा 8 के उप-धारा (5), धारा 11 के उप-धारा (1), धारा 14 और 15, धारा 17 की उप-धारा (1) से (7) और (10), धारा 30 और 31, और धारा 33 से 38 के प्रावधान लागू होंगे।

## विश्व ब्लिट्ज : कार्लसन ने जीता खिताब, एरिगेसी को कांस्य पदक

एजेंसी ▶▶| दोहा

विश्व ब्लिट्ज खिताब बरकरार रखने वाले शतरंज स्टार मैग्नस कार्लसन ने कहा कि वह काफी कठिन टूर्नामेंट था और वह खुशकिस्मत रहे कि शुरूआती दौर के खराब प्रदर्शन से उबरकर नौवीं बार खिताब जीत सके ।

कार्लसन ने अपना चिर परिचित खेल दिखाते हुए उजबेकिस्तान के ग्रैंडमास्टर नोदिरबेक अब्दुसत्तोरोव को 2.5-1.5 से हराकर खिताब जीता।भारतीय ग्रैंडमास्टर अर्जुन एरिगेसी को सेमीफाइनल में हारने के बाद कांस्य पदक से संतोष करना पड़ा। वह विश्व ब्लिट्ज में पदक जीतने वाले विश्वनाथन आनंद के बाद दूसरे भारतीय पुरुष खिलाड़ी हैं।



रैपिड और ब्लिट्ज दोनों स्वर्ण जीतने वाले कार्लसन ने फिडे से कहा,'यह काफी कठिन टूर्नामेंट था और इसमें कोई भी जीत सकता था। लेकिन नॉकआउट में पहुंचने के बाद मैंने अपने खेल का पूरा मजा लेकर खेला और इसका फायदा भी मिला।' कार्लसन ने फाइनल में उजबेकिस्तान के ग्रैंडमास्टर अब्दुसत्तोरोव के खिलाफ ड्रॉ पर सहमति जताने से इनकार कर दिया।

## प्रीमियर लीग : चेल्सी और बोर्नमाउथ के बीच रोमांचक मुकाबला, 2-2 से ड्रॉ

एजेंसी ▶▶| लंदन

स्टैमफोर्ड ब्रिज पर चेल्सी और एएफसी बोर्नमाउथ के बीच खेला गया रोमांचक मुकाबला ड्रॉ के रूप में समाप्त हुआ। मैच 2-2 से ड्रा रहा। मैच के सभी 4 गोल शुरुआती 27 मिनट के अंदर हुए। इसके बाद दोनों ही टीमें बढ़त बनाने के लिए कड़ा संघर्ष करती दिखीं,लेकिन सफलता किसी को नहीं मिली। मैच ड्रा होने की वजह से चेल्सी लिवरपूल को पछाड़कर चौथे स्थान पर पहुंचने का मौका चूक गई।

बोर्नमाउथ 15वें स्थान पर है। उनका लीग में बिना जीत का सिलसिला 10 मैचों तक बढ़ गया है। चेरीज का यह पिछले पांच मैचों में चौथा ड्रॉ था। मैच का पहला हाफ बहुत तेज और रोमांचक था। मेहमानों ने पहला गोल तब किया जब डेविड ब्रूक्स ने लंबे थ्रो-इन से दूसरे प्रयास में गोल किया, लेकिन चेल्सी ने जल्द ही बराबरी कर ली। एस्टेवाओ विलियन को एंटोनी




सेमेन्यो ने बॉक्स में क्लिप किया और कोल पामर ने पेनल्टी स्पॉट से गोल किया। चेल्सी ने बढ़त तब बनाई जब एंजो फर्नांडीज ने टॉप कॉर्नर में शानदार फिनिश शॉट मारा, लेकिन जस्टिन क्लूइवर्ट के गोल से बोर्नमाउथ ने बराबरी की। दूसरे हाफ में चेल्सी बढ़त वाले गोल के लिए सबसे ज्यादा जोर लगा रही थी, क्योंकि शुरुआती कोशिशों के बाद चेरीज की एनर्जी खत्म होती दिख रही थी, लेकिन इसके बावजूद कोई और गोल नहीं हुआ।

## वॉल्वरहैम्प्टन का हार का सिलसिला थमा, यूनाइटेड के साथ खेला ड्रा

एजेंसी ▶▶| मैनचेस्टर

वॉल्वरहैम्प्टन वांडरर्स की लगातार 11 हार का सिलसिला थम गया है। मैनचेस्टर यूनाइटेड के खिलाफ वॉल्वरहैम्प्टन का मुकाबला ड्रा रहा। मजबूत मैनचेस्टर यूनाइटेड के खिलाफ खेलते हुए वॉल्वरहैम्प्टन वांडरर्स ने बेहतरीन खेल दिखाया और मैच को 1-1 से ड्रा कराया। मैच का पहला गोल मैनचेस्टर यूनाइटेड की तरफ से जोशुआ जिर्कजी ने किया। जिर्कजी ने 27वें मिनट में गोल किया था।

इस गोल ने मैनचेस्टर यूनाइटेड की जीत की संभावना बढ़ा दी थी, लेकिन मैच के 45वें मिनट में लादिस्लाव क्रेजी वॉल्वरहैम्प्टन वांडरर्स के लिए करिश्माई गोल किया और मैच को 1-1 की बराबरी पर ला दिया। इसके बाद कोई भी गोल दोनों टीमों की तरफ से नहीं हो सका और मैच



बराबरी पर समाप्त हुआ। ड्रा वॉल्वरहैम्प्टन वांडरर्स के लिए जीत के समान था, क्योंकि ये 11 हार के बाद आया था। ड्रा के साथ मैनचेस्टर यूनाइटेड ने अंकतालिका में छठे स्थान पर रहते हुए 2025 की समाप्ति की। मैनचेस्टर चौथे स्थान पर मौजूद लिवरपूल के बराबर अंक पाने का मौका चूक गई। वॉल्वरहैम्प्टन वांडरर्स अंकतालिका में सबसे नीचे है। ड्रा के साथ उसके 3 अंक है।

# 2 बैक्ट्रियन ऊंट, 4 शिकारी पक्षी, 4 ज़ांस्कारी घोड़े, कर्तव्य पथ पर दिखाएंगे अपनी मूक शौर्यगाथा

## इस बार मुश्किल होगा गणतंत्र दिवस समारोह में सेना के दस्ते से नजरें हटाना...

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

भारत और उसकी भौगोलिक विविधता ऐसी है कि हर बार जब इसके सुदूर सरहदी इलाकों का जिक्र आता है। तो उनकी सुरक्षा को केवल आधुनिक तकनीक से लैस हथियारों या भारी-भरकम फौज के दम पर चौबीसों घंटे चाक-चौबंद बनाए रखना लगभग असंभव सा जान पड़ता है। जी हां, यहां भारतीय सेना के कुछ जांबाज 'मूक योद्धाओं' जैसे बैक्ट्रियन ऊंट, शिकारी पक्षी, ज़ांस्कारी घोड़े और पारंपरिक व अन्य कुत्तों की बात हो रही है। जो 26 जनवरी को राष्ट्रीय राजधानी के कर्तव्य पथ पर आयोजित किए जाने वाले भव्य गणतंत्र दिवस परेड समारोह में पूरी खामोशी के साथ समर्पण और निस्वार्थ भाव से जारी अपनी शौर्य, साहस वाली राष्ट्रसेवा से हर खासो-आम का तारुफ़ (परिचय) कराते हुए नजर आएंगे।

### लद्दाख में है बैक्ट्रियन ऊंटों की तैनाती



सेना ने बताया कि यह पहली बार होगा। जब उसका पशु दस्ता इतने बड़े पैमाने पर संगठित रूप से परेड का हिस्सा बनेगा। कुल करीब 26 पशु-पक्षी इसमें शामिल होंगे। 2 बैक्ट्रियन ऊंट, 4 जांस्कार पोनी (घोड़े), 4 शिकारी पक्षी (रैप्टर्स), भारतीय नस्ल के 10 कुत्ते और बल में पहले से काम कर रहे 6 पारंपरिक सैन्य कुत्ते मुख्य हैं। सैन्य दस्ते की अगुवाई बैक्ट्रियन ऊंट करेंगे। जिन्हें हाल ही में लद्दाख के ठंडे रेगिस्तानी इलाकों में तैनात किया गया है। यह ऊंट अत्यधिक ठंडे मौसम के साथ ही 15 हजार फीट की ऊंचाई पर आसानी से अपना काम कर सकते हैं। ऊंटों की एक खास बात ये भी है कि यह कुल 250 किलोग्राम तक का सामान अपनी पीठ पर लादकर ढो सकते हैं। इतना ही नहीं कम पानी और चारे के साथ भी यह लंबी दूरी तय कर सकते हैं। जिससे सेना को दूरदराज के कठिन सीमाई इलाकों में जरूरी रसद पहुंचाने में मदद मिलती है।

### सेना की स्मार्ट सोच का हिस्सा 'रैप्टर्स'

परेड में शामिल चार शिकारी पक्षी (रैप्टर्स) सेना की नई और स्मार्ट सोच को प्रदर्शित करते हैं। इनका इस्तेमाल फोर्स द्वारा निगरानी और हवाई सुरक्षा से जुड़े हुए कामों के लिए किया जाता है। जिससे सेना के अभियान ज्यादा सुरक्षित बनते हैं। दस्ते में शामिल जांस्कार पोनी घोड़े लद्दाख की एक दुर्लभ और स्वदेशी नस्ल है। आकार में तो ये घोड़े छोटे हैं। बावजूद इसके इनमें जबरदस्त ताकत और सहनशक्ति होती है। माइनस 40 डिग्री तापमान और समुद्रतल से अत्यधिक ऊंचाई वाले इलाकों में ये 40 से 60 किलोग्राम तक वजन लेकर चल सकते हैं। वर्ष 2020 से यह सियाचिन जैसे कठिन क्षेत्रों में सैनिकों के साथ सेवा दे रहे हैं, जिसमें कई बार यह एक दिन में 70 किलोमीटर तक गश्त करते हैं।

### आतंकवाद रोधी अभियानों में मददगार कुत्ते

सेना ने ये भी बताया कि परेड में शामिल भारतीय सेना के कुत्तों को मेरठ में रिमाउंट और वेटरनरी कॉर्प्स केंद्र में प्रशिक्षित किया जाता है। यह आतंकवाद रोधी अभियानों से लेकर विस्फोटक, बारूदी सुरंगों की पहचान, खोज-बचाव कार्यों और आपदा राहत में सैनिकों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर काम करते हैं। कई मौकों पर इन कुत्तों ने अपनी जान की परवाह किए बिना सैनिकों की जान बचाई है। आत्मनिर्भर भारत के तहत सेना अब मुधोल हाउंड, रामपुर हाउंड, चिप्पीपराई, कोम्बई और राजापलायम जैसी भारतीय नस्लों के कुत्तों को भी बड़े बड़े पैमाने पर शामिल कर रही है। जो देश की अपनी क्षमताओं पर बढ़ते विश्वास का स्पष्ट प्रतीक हैं। सेना कहती है कि यह मूक योद्धा उसके केवल सच्चे साथी नहीं बल्कि चार पैरों पर चलने वाले सच्चे वीर योद्धा हैं।

## बैंक ऋण धोखाधड़ी और मनी लॉन्ड्रिंग मामले में देश के बाहर ईडी की बड़ी कार्रवाई

# बकिंघम पैलेस के पास प्रसिद्ध कपड़ा कंपनी एस कुमार्स की 150 करोड़ की संपत्ति कुर्क

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने बैंक ऋण धोखाधड़ी और मनी लॉन्ड्रिंग मामले में एक बड़ी सफलता हासिल की है। केंद्रीय जांच एजेंसी ने प्रसिद्ध कपड़ा कंपनी एस कुमार्स नेशनवाइड लिमिटेड और इसके पूर्व सीएमडी नितिन कासलीवाल के खिलाफ कार्रवाई करते हुए लंदन में बकिंघम पैलेस के पास स्थित 150 करोड़ रुपए की अचल संपत्ति को कुर्क कर लिया है। यह कार्रवाई प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट (पीएमएलए) के तहत की गई है। एजेंसी के अनुसार, यह संपत्ति नितिन शंभुकुमार कासलीवाल और उनके परिवार के सदस्यों के लाभकारी स्वामित्व में है।

*बैंकों के साथ 1,400 करोड़ रुपए की धोखाधड़ी की*

*टैक्स हेवन देशों में ट्रस्टों और कंपनियों का जाल बिछाया*



नितिन कासलीवाल

### बैंकों से लिए ऋण को विदेश भेजा

नितिन कासलीवाल पर भारतीय बैंकों के एक कंसोर्टियम (समूह) के साथ लगभग 1,400 करोड़ रुपए की धोखाधड़ी करने का आरोप है। जांच में सामने आया है कि एस कुमार्स नेशनवाइड लिमिटेड के माध्यम से बैंकों से लिए गए ऋण को गलत तरीके से विदेशी निवेश के नाम पर भारत से बाहर भेजा गया। ईडी के बयान के अनुसार, नितिन कासलीवाल ने बैंकों के फंड को डाइवर्ट किया और विदेशी न्यायक्षेत्रों में निजी ट्रस्टों और कंपनियों की एक जटिल संरचना के माध्यम से इन संपत्तियों को छुपाया।

### *विदेशी ट्रस्टों और शेल कंपनियों का जाल*

*एजेंसी की ओर से 23 दिसंबर को की गई छापेमारी और जब्त किए गए दस्तावेजों के विश्लेषण से एक बेहद जटिल नेटवर्क का खुलासा हुआ है। जांच में पाया गया कि कासलीवाल ने ब्रिटिश वर्जिन आइलैंड्स (बीवीआई), जर्सी और स्विट्जरलैंड जैसे टैक्स हेवन देशों में ट्रस्टों और कंपनियों का जाल बिछाया था। एजेंसी ने बताया कि जांच में यह भी सामने आया कि नितिन कासलीवाल ने कैथरीन ट्रस्ट (पूर्व में सूर्या ट्रस्ट) की स्थापना की थी, जिसमें वह और उनके परिवार के सदस्य मुख्य लाभार्थी थे। बयान के अनुसार, यह ट्रस्ट जर्सी और ब्रिटिश वर्जिन आइलैंड्स में स्थित कैथरीन प्रॉपर्टी होल्डिंग लिमिटेड (सीपीएचएल) नामक कंपनी को नियंत्रित करता था जिसके पास लंदन में स्थित उस अचल संपत्ति का स्वामित्व था जिसे अब कुर्क किया गया है।*

## सोने-हीरे के गहनों से भरा सूटकेस और 5 करोड़ की नकदी जब्त

ईडी ने मंगलवार को दिल्ली के सर्वप्रिया विहार स्थित एक परिसर में छापेमारी के दौरान बड़ी मात्रा में नकदी, गहने और दस्तावेज जब्त किए हैं। अधिकारियों के मुताबिक, छापेमारी के दौरान 5.12 करोड़ रुपए नकद, सोने और हीरे के गहनों से भरा एक सूटकेस बरामद किया गया, जिसकी कीमत करीब 8.80 करोड़ रुपए आंकी गई है। इसके अलावा, चेक बुक से भरा एक बैग और करीब 35 करोड़ रुपए की संपत्तियों से जुड़े दस्तावेज भी जब्त किए गए हैं। ईडी ने बताया कि यह कार्रवाई अभी जारी है और मामले की आगे की जांच की जा रही है।

### 35 करोड़ की संपत्ति के दस्तावेज जब्त

यह तलाशी कार्रवाई इंदरजीत सिंह यादव, उसके सहयोगियों, अपोलो ग्रीन एनर्जी लिमिटेड और उनसे जुड़ी अन्य संस्थाओं व व्यक्तियों के खिलाफ धन शोधन निवारण अधिनियम



बरामद सोने-चांदी के आभूषण और नकदी

(पीएमएलए), 2002 के तहत दर्ज एक कथित धनशोधन मामले में की जा रही है। अधिकारियों के मुताबिक, तलाशी और बरामदगी इंदरजीत सिंह यादव के सहयोगी अमन कुमार के परिसरों से की गई है। यह तलाशी 30 दिसंबर को दिल्ली के सर्वप्रिया विहार इलाके में शुरू हुई थी। इस दौरान ईडी ने 5.12 करोड़ रुपए नकद, एक सूटकेस में रखे सोने और हीरे के गहने जिनकी कीमत करीब 8.80 करोड़ रुपए बताई गई है और एक बैग में रखी चेक बुक व लगभग 35 करोड़ रुपए की संपत्तियों से जुड़े दस्तावेज जब्त किए हैं।

## अमेरिका का वीजा चाहिए तो नियम तो हर हाल में मानने पड़ेंगे...

# एच1बी वीजा को लेकर भारत की चिंताओं पर नई दिल्ली में अमेरिका के दूतावास की सख्त प्रतिक्रिया

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

एच1बी वीजा को लेकर पहले से तय साक्षात्कारों की समय-सीमा में अचानक किए गए बदलावों को लेकर भारत की तरफ से जताई गई हालिया चिंता पर अमेरिका ने बेहद कड़े अंदाज में प्रतिक्रिया दी है। जिसमें उसने एक बार फिर से ये दोहराया है कि अगर किसी को अमेरिका का वीजा चाहिए तो उसे देश के आव्रजन संबंधी नियमों का पूरी कड़ाई के साथ पालन करना पड़ेगा। नई दिल्ली में अमेरिका के दूतावास ने एक्स पर एक पोस्ट के जरिए यह जानकारी देते हुए बताया कि 'अगर आप अमेरिका का कानून तोड़ते हैं तो आपको कड़ी आपराधिक सजा भुगतनी पड़ेगी। डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन अवैध प्रवासन को रोकने और अपने देश तथा नागरिकों की रक्षा करने के लिए प्रतिबद्ध है'। कुल मिलाकर अमेरिका का यह ताजातरीन फरमान उन भारतीयों के अरमानों पर पानी फेरता हुआ नजर आ रहा है। जो वीजा न मिलने की स्थिति में अवैध ढंग से अमेरिका में प्रवेश करने के बारे में सोच रहे थे। यहां बता दें कि मामले में भारत की चिंता इसलिए बहुत अधिक बढ़ी हुई है। क्योंकि अमेरिका द्वारा दुनियाभर के देशों को प्रदान किए जाने वाले कुल एच1बी वीजा में से 71 फीसदी लाभार्थी भारतीय हैं।




### अपराधियों की गिरफ्तारी का लिया संकल्प

दूतावास की पोस्ट से ठीक पहले अमेरिका के गृह सुरक्षा विभाग के प्रवक्ता ने एक बयान में दो टूक अंदाज में कहा था कि हमारे देश में रह रहे खतरनाक से खतरनाक अपराधियों को गिरफ्तार किया गया है। यह वो अपराधी हैं, जिन्हें 12 वर्ष से कम आयु के बच्चे का बलात्कार करने, घरेलू हिंसा-हमला करने और विदेशियों की तस्करी जैसे गंभीर श्रेणी के अपराधों के लिए दोषी ठहराया गया है। इतना ही नहीं अमेरिकी विभाग ने नए साल-2026 के लिए भी ऐसे ही और खतरनाक अपराधियों की गिरफ्तारी का संकल्प लिया है।

### *वीजा मिलने पर भी नहीं रुकेगी जांच*

ट्रंप प्रशासन पहले भी कई मौकों पर बता चुका है कि अमेरिका का वीजा कोई अधिकार नहीं बल्कि एक विशेषाधिकार है। लेकिन इसके मिल जाने के बाद भी प्रशासन की जांच लगातार चलती रहेगी। अगर किसी वीजा धारक ने अमेरिका के स्थानीय कानूनों या आव्रजन संबंधी किसी नियमों को तोड़ने की गलती की तो सबसे पहले उसे दिया गया वीजा रद्द किया जाएगा और उसके बाद उसे तुरंत उसके देश वापस भेज दिया जाएगा। इसके अलावा ये भी संभव है कि संबंधित व्यक्ति को भविष्य में भी अमेरिका का वीजा ना दिया जाए या इसके लिए अयोग्य घोषित कर दिया जाए। वीजा जांच को कड़ा करने के पीछे अमेरिकी प्रशासन का तर्क ये है कि जो भी व्यक्ति उनके देश में रह रहा है। वो कहीं उनकी राष्ट्रीय सुरक्षा या नागरिकों के लिए किसी तरह का कोई खतरा न बने। एच1बी वीजा संबंधी नियमों को भी हाल के समय में अमेरिका ने सख्त बनाया है। जिसमें राष्ट्रपति ट्रंप ने इसकी फीस को कई गुना बढ़ाकर 1 लाख डॉलर तक कर दिया है। इसके साथ ही आवेदकों के विभिन्न सोशल मीडिया प्रोफाइल (इंस्टाग्राम, फेसबुक, एक्स) की व्यापक रूप से जांच की जा रही है।

भारतीय सेना बढ़ा रही युद्ध क्षमता

# 90% से अधिक गोला-बारूद की स्वदेशी आपूर्ति, 'आत्मनिर्भर' हुए

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

भारतीय सेना निरंतर अपनी युद्ध क्षमता बढ़ा रही है। खास तौर पर लंबी अवधि तक चलने वाले युद्धों की सशक्त तैयारी की जा रही है। इसका एक मजबूत आधार गोला-बारूद की आपूर्ति में आत्मनिर्भरता हासिल करना है। सेना के मुताबिक गोला-बारूद की आपूर्ति में 90 प्रतिशत से अधिक आत्मनिर्भरता हासिल कर ली गई है। तेजी से बदलते सुरक्षा वातावरण, अनिश्चितताओं और दीर्घकालिक संकटों के दौर में किसी भी देश की सैन्य क्षमता केवल आधुनिक हथियारों पर नहीं, बल्कि लगातार संचालन जारी रखने की क्षमता पर निर्भर करती है। गोला-बारूद, स्पेयर पार्ट्स और लॉजिस्टिक्स इसी निरंतरता की रीढ़ होते हैं।

### 'मेक इन इंडिया-मेक फॉर द वर्ल्ड'

लंबे समय तक अपनी सैन्य गति को बरकरार रखने की चुनौती का समाधान करते हुए भारतीय सेना ने आत्मनिर्भर भारत तथा मेक इन इंडिया-मेक फॉर द वर्ल्ड की दृष्टि के अनुरूप स्वदेशीकरण को तेज गति दी है। भारतीय सेना का कहना है कि वर्तमान में वह लगभग 200 प्रकार के गोला-बारूद और प्रिसीजन म्यूनिशन का संचालन करती है। नीतिगत सुधारों और उद्योग-सहयोग के माध्यम से इनमें से 90 फीसदी से अधिक का सफलतापूर्वक स्वदेशीकरण हो चुका है। इसका लाभ यह है कि अब इन्हें देश के भीतर से ही खरीदा जा रहा है।



## डीएसटी की बड़ी कार्रवाई

# यूरिया के कट्टों में छिपाया 150 किलो अमोनियम नाइट्रेट जब्त, दो गिरफ्तार

एजेंसी ⏭ टोंक

राजस्थान के टोंक जिले में जिला स्पेशल टीम (डीएसटी) ने बड़ी कार्रवाई करते हुए विस्फोटक सामग्री की अवैध सप्लाई का भंडाफोड़ किया है। टीम ने एक कार से भारी मात्रा में विस्फोटक सामग्री बरामद की है और बूंदी जिले के रहने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। कार्रवाई में सप्लाई के लिए इस्तेमाल की जा रही मारुति सियाज कार को भी जब्त कर लिया गया है। पुलिस के



अनुसार, आरोपी यूरिया खाद के कट्टों में छुपाकर करीब 150 किलो अमोनियम नाइट्रेट लेकर आ रहे थे। यह विस्फोटक सामग्री बूंदी से टोंक सप्लाई के लिए लाई जा रही थी। डीएसटी टीम को इस संबंध में मुखबिर से सूचना मिली थी, जिसके आधार पर बरौनी थाना क्षेत्र में कार्रवाई की गई।




## देश-विदेश में उमंग और उत्साह के साथ नए साल का जश्न

# रंग-बिरंगी रोशनी, आतिशबाजी और संगीत के साथ किया स्वागत

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

दुनिया भर में नए साल का उत्सव शुरू हो गया है। लोग अलग-अलग तरीकों से नए साल के जश्न का आनंद ले रहे हैं। शहरों में रंग-बिरंगी रोशनी, आतिशबाजी और संगीत के साथ लोग नए साल की तैयारी में जुटे हैं। प्रशांत महासागर में स्थित किरिबाती दुनिया का वह देश है, जहां सबसे पहले नया साल मनाया जाता है। यहां का किरितिमाती द्वीप, जिसे क्रिसमस आइलैंड भी कहा जाता है, नए साल की पहली किरण देखने वाला स्थान माना जाता है। किरिबाती इंटरनेशनल डेट लाइन के पास स्थित है, जिसके कारण यहां सूरज सबसे पहले उगता है और कैलेंडर सबसे पहले बदलता है। किरिबाती भारत से 8 घंटे 30 मिनट आगे है। इसका मतलब यह है कि जब भारत में 31 दिसंबर 2025 को दोपहर 3:30 बजे होंगे, तब किरिबाती में 1 जनवरी 2026 शुरू हो चुका था।



किरिबाती में नए वर्ष में सूर्य की पहली किरण



ऑस्ट्रेलिया के सिडनी हार्बर पर रंगबिरंगी आतिशबाजी

### रोशनी से नहाया जापान का रेनब्रो ब्रिज

जापान की राजधानी टोक्यो के ओडाइबा मरीन पार्क में आतिशबाजी जो रेनबो ब्रिज के पास है।



### बर्फबारी के बीच नए साल का लुत्फ

जम्मू-कश्मीर के बारामूला जिला के गुलमर्ग में हजारों की तादात में पहुंचे पर्यटक नव वर्ष का आनंद लेते हुए।



हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109